Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 वर्ष-16 अंक-54 लखनऊ, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये (नगर संस्करण)

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

# छह राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है। एक बयान के मुताबिक, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि बृहस्पतिवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था।

**अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए भी संशोधित कार्यक्रम जारी**

बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर बृहस्पतिवार को समाप्त हो जाएगी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।



**इन राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा**




### कांग्रेस तो बीस साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** मुख्य विपक्षी दल पर लोकतंत्र को अब तक नहीं समझ पाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के एक सदस्य ने राज्यसभा में कहा कि एसआईआर पर आपत्ति जताने वाली कांग्रेस तो बीस साल में भी इसके लिए तैयार नहीं हुई। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया आजादी के बाद शुरू हुई और कई तरह की समस्याएं आईं लेकिन समय के साथ चीजें बदलती गईं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के समय और फिर संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने अपनी जरूरत के अनुसार नियमों में बार-बार बदलाव किए।

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए दो सप्ताह का विस्तार मांगा गया

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि राज्य ने भारतीय निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को पूरा करने के लिए दो और सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया है। नवदीप रिणवा ने कहा कि यह विस्तार इसलिए मांगा गया था ताकि जिला चुनाव अधिकारी मृत मतदाताओं, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं और लापता मतदाताओं की प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन कर सकें। उनके अनुसार, अब तक 99.24 प्रतिशत जनगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हो चुका है। राज्य भर में 4 नवंबर से एसआईआर अभ्यास चल रहा है।

## अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरने से 18 की मौत





एजेंसी। तिनसुकिया/डिब्रूगढ़

अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग लापता हैं। रक्षा मंत्रालय के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई। इस ट्रक पर तिनसुकिया जिले के 22 मजदूर सवार थे। रावत ने एक बयान में कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी।

**तीन लापता की तलाश, ट्रक पर तिनसुकिया के 22 मजदूर थे सवार**

**बचाव अभियान जारी**

शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मजदूर हयूलियांग में निजी ठेकेदार के लिए एक परियोजना में काम कर रहे थे। वे एक डंपर में यात्रा कर रहे थे जो सड़क से लगभग 1,000 फुट गहरी खाई में गिर गया। बचाव अभियान जारी है। एसएसपी ने बताया कि जिले के 22 मजदूर अरुणाचल प्रदेश में एक छात्रावास के निर्माण के लिए गए थे। उन्होंने कहा, वे गिलपुकरी चाय बागान के धेलाघाट निवासी थे। कुमार ने बताया कि श्रमिकों में से एक बुधेश्वर दीप ने किसी तरह खाई से निकल बुधवार सुबह अपने रिश्तेदारों को फोन किया तब परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

**सार संक्षेप**

### लखीमपुर खीरी मामले में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को बेटी की 12वीं की बोर्ड परीक्षा से पहले 25 से 31 दिसंबर के बीच उसके साथ समय बिताने के लिए घर जाने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले नौ अक्टूबर को आशीष मिश्रा को परिवार के साथ दिवाली मनाने के लिए उनके गृह नगर लखीमपुर खीरी जाने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दायर याचिका पर विचार किया और इस दौरान पहले दी गई जमानत शर्तों को लागू रखने का निर्देश दिया, जिसमें राजनीतिक गतिविधियों में भाग न लेने की शर्त भी शामिल है।

### गोवा अग्निकांड : थाईलैंड में हिरासत में लिए गए लूथरा बंधु

**पणजी।** गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद भारत से भागे उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छह दिसंबर को इस नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। अधिकारियों ने बताया कि नाइटक्लब के सह-मालिकों 44 वर्षीय गौरव और 40 वर्षीय सौरभ को भारत सरकार के अनुरोध पर हिरासत में लिया गया है। दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

### पहले स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल यात्री पोत का संचालन शुरू

**वाराणसी।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को वाराणसी में भारत के पहले स्वदेशी हाइड्रोजन 'फ्यूल सेल' पोत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वच्छ एवं टिकाऊ अंतर्देशीय जल परिवहन की दिशा में देश के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। यहां नमो घाट पर आयोजित एक समारोह में सोनोवाल ने पोत के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत की। समारोह को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा, यह केवल तकनीकी प्रगति ही नहीं बल्कि यह दर्शाता है कि हम हरित ऊर्जा और स्वदेशी समाधान की दिशा में पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मैं विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा कि हाइड्रोजन ईंधन आज की एक नयी और उभरती हुई तकनीक है जो स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा का बड़ा विकल्प बनकर सामने आ रही है।

## एमपीएसपी के सौ संस्थानों का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता। गोरखपुर

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 तक सौ संस्थाओं के संचालन और एक लाख विद्यार्थियों को शिक्षा व कौशल से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अभी से शताब्दी महोत्सव की रूपरेखा तैयार कर लें ताकि 10 दिसंबर 2031 से 10 दिसंबर 2032 तक पूरे वर्ष विविध कार्यक्रमों के माध्यम से इसे यादगार बनाया जा सके।मुख्यमंत्री ने बुधवार देर शाम परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों के साथ बैठक कर संस्थापक महंत दिग्विजयनाथ महाराज और राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ महाराज के सपनों को साकार करने का आहान किया।

**सीएम का परिषद की संस्थाओं को सौ बस्तियों को मॉडल बस्ती बनाने का दिया निर्देश**



उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, योग, सेवा और अन्य प्रकल्पों को मिलाकर परिषद को शताब्दी वर्ष तक सौ संस्थाओं का संचालन करना होगा। सीएमयोगी आदित्यनाथ ने परिषद की संस्थाओं को सौ बस्तियों को मॉडल बस्ती' बनाने का निर्देश दिया। इन बस्तियों को गोद लेकर शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, सेवा, जागरूकता, रोजगार और स्वरोजगार के कार्य किए जाएंगे। थारू और वनटांगिया बस्तियों में पहले से चल रहे कार्यों को संतृप्ति स्तर तक पहुंचाने पर बल दिया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि परिषद की संस्थाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जुड़ना होगा।

कफ सिरप मामलाः बर्खास्त सिपाही और अमित टाटा 55 घंटे पुलिस कस्टडी रिमांड पर

## एसटीएफ ने दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बृहस्पतिवार को फेंसेडिल कफ सिरप और कोडिन युक्त अन्य दवाओं का नशे के रूप में अवैध कारोबार और भंडारण करने के आरोपी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह जानकारी दी।

उसने एक बयान में बताया कि यह गिरफ्तारी राजधानी लखनऊ में हुई और गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में कपिल विहार निवासी सगे भाइयों अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा के रूप में हुई। बयान के मुताबिक एसटीएफ ने आरोपियों को यहां आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया के पास बृहस्पतिवार तड़के करीब 4:30 बजे गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और फर्जी फार्मा कंपनी से संबंधित 31 दस्तावेज बरामद किए। बयान के अनुसार एसटीएफ को सूचना मिली थी कि एबॉट कंपनी के दिल्ली के डिस्ट्रीब्यूटर एवं मामले में वांछित अभिषेक शर्मा तथा शुभम शर्मा किसी कार्य से लखनऊ आए हुए हैं। सूचना यह भी थी कि बस अड्डे से उतरकर दोनों हजरतगंज में किसी से मिलने



जाने वाले हैं । इसी सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर एसटीएफ ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बयान के अनुसार, पूछताछ में अभिषेक शर्मा ने बताया कि 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जीआर ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। शुरू में वह सामान चढ़ाने-उतारने का कार्य देखा करता था और उससे संबंधित रिकॉर्ड रखता था। बयान के मुताबिक अभिषेक ने बताया कि विभोर और विशाल भारी मात्रा में कफ सिरप मंगाते थे और नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को उसकी आपूर्ति करते थे। उसने पूछताछ में यह भी दावा किया कि यह आपूर्ति बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश तक की जाती थी। एसटीएफ के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि फर्जी फर्म बनाने में और खरीद-बिक्री दिखाने में सीए अरुण सिंघल उनका सहयोग करता था। अरुण सिंघल ने बिट्टू कुमार एवं सचिन कुमार की पहचान के आधार पर सचिन मेडिकोज नाम से एक फर्म सहारनपुर में तथा सचिन मेडिकोज के ही नाम पर दूसरी फर्म भगवान पुर (रुड़की) में बनाई।

बयान के अनुसार आरोपी कागजों में फेंसेडिल कफ सिरप की फर्जी खरीद-बिक्री दिखाते थे और फर्जी ई वे बिल तैयार कर तस्करों को भेज देते थे। वर्ष 2021 में इन लोगों का माल कई जगह पकड़ा गया जिसमें मालदा (पश्चिम बंगाल) के मुकदमे में 2022 में विभोर राणा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। राणा के जेल से छूटकर आने के बाद इन लोगों ने जीआर ट्रेडिंग से काम करना बंद कर दिया। अभिषेक के अनुसार इसके बाद सचिन मेडिकोज के नाम से जो फर्म रुड़की के भगवानपुर में बनी थी, उसका नाम दिसंबर 2023 में बदलकर मारुति मेडिकोज कर दिया गया।

### रैकेट के प्रमुख संदिग्धों की हो चुकी है पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार से जुड़े संगठित गिरोह में कथित तौर पर शामिल 10 से अधिक संदिग्धों की पहचान कर इस मामले में 120 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मामले की जांच राज्य सरकार द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एल आर कुमार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि ₹जांच में अब तक 10 से अधिक लोगों की पहचान हुई है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे कई जिलों और राज्यों में सक्रिय मुख्य साजिश का हिस्सा हैं। सबूतों से पता चलता है कि इसमें निर्माताओं, वितरकों, ट्रांसपोर्टरों और स्थानीय संचालकों का एक सुनियोजित नेटवर्क शामिल है।" अधिकारी के अनुसार, अब तक 128 प्रतिष्ठानों और उनके संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। सरकार इसे राज्य में अवैध दवा तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बता रही है। उन्होंने बताया कि पहचाने गए लोगों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापेमारी जारी है।

भारत-चीन के छात्रों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान

## यूएस में पढ़ाई के बाद वापस जाना 'शर्मनाक'

एजेंसी। न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दस लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा। ट्रंप का कहना है कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों का अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटना शर्मनाक है।

**दस लाख डॉलर की 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना शुरू करने की घोषणा**

बुधवार को घोषित किया गया ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना एक ऐसा वीजा कार्यक्रम है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है। ट्रंप ने दावा किया कि ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा, किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू हो गई है और कंपनियां व्हार्टन, हार्वर्ड और एमआईटी जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों को अमेरिका में ही रखने के लिए गोल्ड कार्ड खरीद सकती हैं।

इस अवसर पर आईबीएम के भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ अरविंद कृष्णा और डेल टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माइकल डेल भी मौजूद थे। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक और अन्य अधिकारियों से कई बार सुना है कि वे सर्वश्रेष्ठ कॉलेजों से लोगों को नियुक्त नहीं कर सकते क्योंकि आपको नहीं पता कि आप उस व्यक्ति को अपने पास रख पाएंगे या नहीं। ट्रंप ने कहा कि छात्रों को देश से निकाल दिया जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आप अपने कॉलेज से प्रथम स्थान प्राप्त करके स्नातक होते हैं, और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वे देश में रह पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि कुक ने उनसे इस वास्तविक समस्या के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, अब यह कोई समस्या नहीं रहेगी।



### प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप से बातचीत की

प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नेताओं ने व्यापार, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने साझा चुनौतियों का समाधान करने और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।उन्होंने बताया कि मोदी और ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों नेताओं ने सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लगातार मजबूत होने पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि मोदी और ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के साझा प्रयासों में गति बनाये रखने के महत्व पर जोर दिया।

## यूपी समेत चार राज्यों में ईडी ने मारे छापे

एजेंसी। मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक घोर कट्टरपंथी मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**इस्लामिक स्टेट से जुड़े कट्टरपंथ मामले में की कार्रवाई**

अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गई। आतंकी समूह आईएसआईएस का यह अड्डा ठाणे के पाडघा गांव में था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान ईडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की।



### युवाओं को बना रहे आतंकी

एनआईए के अनुसार, आरोपी आसानी से प्रभावित होने वाले मुस्लिम युवाओं को अपने निवास स्थान से पडघा में स्थानांतरित होने के लिए प्रेरित कर रहे थे ताकि वे अपने गुट को मजबूत कर सकें। एनआईए द्वारा आरोपियों पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की तैयारी करने जैसे एजेंडे में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।

# जरूरतमंद के आवास, बीमार के उपचार की करेंगे व्यवस्था: योगी

- गोरखनाथ मंदिर में लगातार दूसरे दिन सीएम योगी ने करीब 300 लोगों की सुनी समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। एक महिला ने अपनी ही जमीन पर काबिज होने के संबंध में कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने की समस्या पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि महिला को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया जाए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सीएम आज करेंगे किसान पाठशाला का शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा
- 12 से 29 दिसंबर तक प्रदेश भर में किया जाएगा किसान पाठशालाओं का आयोजन

प्रदेश के किसानों को नवीन तकनीक, कृषि यन्त्रों, फसलों के पैकेज आफ प्रेक्टिसेज एवं रबी प्रजातियों के बारे में अवगत कराने के लिए वर्तमान रबी मौसम की किसान पाठशाला का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्यमंत्री के द्वारा पद्मश्री कृषक राम सरन वर्मा के गांव दौलतपुर, बाराबंकी के खेत से किया जाएगा। सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को निभाते हुए 'किसान की बात किसान के द्वार' की संकल्पना पर किसानों को प्रोत्साहित करेगी। विगत वर्षों में किसान पाठशाला के माध्यम से अब तक लगभग 190 लाख किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

बृहस्पतिवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बाराबंकी में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उद्घाटन के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के प्रति अपनी कृतसंकल्पता सरकार के गठन के साथ ही निभाई जा रही है। सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को 25423 करोड़ रुपये का ऋण मोचन, 90669 करोड़ रुपये का पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्रत्यक्ष तौर पर उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही मृदा सुधार, मृदा परीक्षण, कृषि यंत्र, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन सहित कृषि उत्पादन के प्रसंस्करण एवं विपणन जैसी क्रियाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर किसानों को सहयोग कर उनके कृषि उत्पादन एवं लाभ में वृद्धि तथा आत्मसम्मान दिलाने हेतु सतत प्रयासरत है।

# निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर को

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की घोषित तिथियों को 15 दिन बढ़ाते हुए पुनः संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से 2 सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, जिससे कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मृतक, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके।

# 19 परियोजनओं की वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी की जाएगी: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायतों में वितरण के लिए वाद्य यंत्रों को उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में सेट खरीदे जांएगे



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार दूसरे दिन पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। व्यवधान की स्थिति में उसका निस्तारण सुनिश्चित करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्ययोजना में शामिल 19 परियोजनाओं के आगणन प्रस्ताव की स्वीकृति शीघ्र जारी कर दी जाएगी। उन्होंने अब तक न शुरू की गई परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा करते हुए कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री गुरुवार गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति तथा पर्यटन विभाग की निर्माण कार्य से जुड़ी परियोजनाओं तथा विभागीय गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि बदले परिवेश में परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करके पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाए, ताकि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का अधिकतम सहयोग सुनिश्चित हो सके और स्थानीय लोगों को अपने घर के आस-पास रोजगार मिल सके। उन्होंने पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी कार्य में अड़गा न लगाए, बल्कि उसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करे। जयवीर सिंह ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा लोककला से आमजनता को जोड़ने तथा उन्हें संरक्षित रखते हुए अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संस्कृति विभाग ने वाद्य यंत्रों का सेट क्रय करके वितरित किया था।

उसमें से अवशेष 26 सेट वाद्य यंत्र भातखंडे संगीत संस्थान को और आजमगढ़ के हरिहर पुर स्थित संगीत विद्यालय को उपलब्ध करा दिए गए है। यह वाद्य यत्र वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रय किए गए थे। उन्होंने शेष जिलों में वाद्य यंत्र का सेट वितरित करने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी की देख-रेख में नए वाद्य यंत्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नए वाद्य यंत्र की गुणवत्ता एवं टिकाऊपन की जांच के लिए विशेषज्ञों की भी राय ली जाए और क्रय करते समय वित्तीय अनुशासन एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाद्य यंत्र क्रय करने के लिए कार्यवाई शुरू कर दी गयी है। पर्यटन मंत्री ने रेडियों जयघोष की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए कार्यवाई शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि रेडियो जयघोष की क्षमता बढ़ने से दूरस्थ स्थानों तक रेडियों जयघोष के कार्यक्रमों का श्रोताओं को लाभ मिलेगा। बैठक में यह भी बतायागया कि संगीत नाटक अकादमी द्वारा रिसोर्ट होटल से समन्वय किया जा रहा है तथा उप्र लोक जनजाति संस्कृति संस्थान के माध्यम से स्थानीय रिसोर्ट-होटल से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रयोगात्मक परीक्षकों की हो मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 की तैयारियों को गति देते हुए समस्त जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि लेफ्टओवर/सप्लीमेंटी श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एक्जाम्नर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 दिसम्बर से 26 दिसम्बर निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूर्ण किया जाना है। प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रेक्टिकल एक्जाम्नर मैपिंग केवल उन परीक्षकों की की जाएगी जो एसआईडीएच पोर्टल पर विधिवत पंजीकृत हों। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है, तो नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी तथा अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख, योग्यता तथा अनुभव की जांच कर अनुमोदन सुनिश्चित करेगी।

इस उद्देश्य से तीन सदस्यीय समिति गठित की गयी है जिसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य (अध्यक्ष), नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य (सदस्य), तथा जनपद के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक (सदस्य) हैं। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुसार ही परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी ताकि प्रयोगात्मक परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पाई नई सीख और प्रेरणा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मेरा युवा भारत, लखनऊ द्वारा आयोजित अंतर जनपद युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन प्रतिभागी युवाओं ने राजधानी लखनऊ का व्यापक शैक्षिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भ्रमण किया। पूरे दिन युवाओं में उत्साह और जिज्ञासा देखते ही बन रही थी।

भ्रमण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने जनेश्वर मिश्र पार्क, अम्बेडकर स्मारक पार्क, रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा और लखनऊ संग्रहालय जैसे प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। प्रत्येक स्थल पर अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व और प्रशासनिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे युवाओं की दृष्टि और ज्ञान में सार्थक विस्तार हुआ। युवाओं ने न केवल लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को नज़दीक से जाना, बल्कि आधुनिक शासन तंत्र और राज्य की विकास यात्रा को भी समझा।

प्रतिभागी युवाओं ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इस प्रकार का अवसर उनके नेतृत्व कौशल, सामाजिक समझ और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरा युवा भारत, लखनऊ के उप निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रशासनिक समझ और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**




राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का आयोजन लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गोमतीनगर स्थित 'बड़ौदा हाउस' के सर सयाजीराव गायकवाड हॉल में किया गया।

उक्त बैठक में पंकज कुमार (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ), डॉ0 सारिका मोहन(महानिदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय, उत्तर प्रदेशसरकार), शैलेन्द्र कुमार सिंह (महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0), मासूम अली सरवर (सचिव, नियोजनविभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), समीर (विशेष सचिव,वित्त विभाग, उत्तर प्रदेशसरकार), पंकज कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ), अध्यक्ष, यू पी ग्रामीण बैंक, केंद्र व राज्य सरकारतथा विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया ।

बैठक के दौरान अपने स्वागत सम्बोधन में महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0 ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा सितम्बर त्रैमास के दौरान प्रदेश में हुई विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति से सभा को अवगत कराया ।साथ ही, उन्होंने बैंकों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2025-26 में सभी पात्र किसानों का बीमा सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

सूचित हो कि मैं महजबीन खान पुत्री अता हुसैन खान निवासिनी 390/705 रूस्तम नगर, सआदतगंज लखनऊ। मेरा नाम महजबीन था जिसे बदलकर महजबीन खान हो गया है, अतएव भविष्य में सभी अभिलेखों में इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

## सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र प्रतीक भट्ट को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।
सुधा भट्ट पत्नी स्व.सत्य नारायन भट्ट निवासी-मोहल्ला कैथीटोला, थाना व तहसील-बिसवां, जिला-सीतापुर

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं.- एन2623915 में मेरा नाम VISHAL AGRAWAL अंकित है जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम VISHAL AGARWAL दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा नाम VISHAL AGARWAL ही लिखा, पढ़ा व जाना जाये। विशाल अग्रवाल पुत्र श्री पुरूषोत्तम दास अग्रवाल नि.- 437 बी.डी. कपूर मार्ग विजयलक्ष्मी नगर, सीतापुर।

## सूचना

मैं शारदा देवी, पत्नी, भूतपूर्व सैनिक, स्व० श्री पंचदेव प्रसाद, REGIMENTAL NUMBER, 6477695M, RANK, SEPOY, ग्राम खरैला, पोस्ट सरायपल्टू, थाना गम्भीरपुर, तहसील लालगंज, जिला आजमगढ़, (उ०प्र०) की मूल निवासी हूँ। मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम, SARADA DEVI, जन्म तिथि 12.07.1952 अंकित है, जबकि वास्तविक नाम, SHARDA DEVI व जन्म तिथि 25.05.1950 है।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

I, Brijesh Singh, S/o Kedar Singh, Village Sahawa, Post Padauli, Dist Deoria, U.P., declare that my son Aditya Pratap Singh's (ICSE Roll No. 1257029/125) Class 10th marksheet incorrectly mentions his mother's name as Nirmala Singh. The correct name is Nirmala Devi.

## सूचना

I, No. 9425121N, Rank-Nk, Name-Aman Lama Unit- 1/11 GR, C/o 56 APO, declared that in the Service Records, my son's name inadvertently mentioned as NAMIKSON LAMA (Date of Birth-06/01/2010) while his correct name is NAMIKSAN LAMA, which is mentioned in his Aadhaar Card (No. 3899 1770 1402) same may be recorded in Service Record.

## सूचना

I MUTUM TARUNI DEVI (name of NOK as per Service records) is mother of No. 9425118N, Rank Nk Name Mutum Dhanabir Singh unit 1/11 GR, declared that in the Service Records of my son the date of birth mentioned as 15.12.1952 while my correct date of birth 10.07.1956 (as mentioned in Aadhaar Card No. 7289 4651 4133) due to wrongly mentioned in service record hence same may be recorded in my son's service records.

# नवंबर माह में जिलों के विकास खण्डों में 1,111 प्रेरणा दिवस का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल: हर मंगलवार मनाया जा रहा है 'प्रेरणा दिवस'

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि नवंबर माह में जिलों के विकास खण्डों में 1111 प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया। इनमे 32,413 कैडर एवं 3164 कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में 836 शिकायत एवं सुझाव प्राप्त हुए, इसमें से 754 का निस्तारण कर दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 9,04,250 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। इसके अलावा 63,288 ग्राम संगठन एवं 3262 संकुल स्तरीय संघ का गठन किया गया है। इनमे ग्रामीण परिवारों की 99,21,175 महिलाएं लाभान्वित हो रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उन्हे विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। समूहो की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर उनकी आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी प्रकार की कठनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सोच व मन्शा के अनुरूप विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को 'प्रेरणा दिवस' का आयोजन किया जा रहा है।

# नौकरी और रोजगार भाजपा के एजेंडे में नहीं है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि नौकरी और रोजगार भाजपा के एजेंडे में नहीं है। भाजपा नौजवानों और युवाओं को लगातार धोखा दे रही है। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरियां रोजगार मिलेगा।

अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के प्रस्तावित आंदोलन को नैतिक रूप से समर्थन देते हुए कहा कि हमारा समर्थन प्रतियोगी छात्रों के साथ हमेशा रहा है और रहेगा। ये राजनीति का नहीं युवाओं के भविष्य का सवाल है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। छात्र-नौजवान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते-करते निराश और हताश हो चुके हैं। शिक्षा विभाग से लेकर प्रदेश सरकार के तमाम विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं लेकिन भाजपा सरकार भर्तियां नहीं कर रही है। बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरियां नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार नौजवानों से झूठे वादे करती आ रही है।

भाजपा नौकरी और रोजगार के मुद्दे पर बात नहीं करती है। वह समाज को बांटने और आपस में लड़ाने के लिए नए-नए मुद्दों में उलझाए रखना चाहती है। भाजपा विवादी पार्टी है। हर जगह विवाद खोजती है। झगड़ा लगाती है। जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने का कार्य करती है।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण स्वास्थ्य तंत्र को देगा नई दिशा: आनंदीबेन

- राज्यपाल ने केजीएमयू के क्लिनिकल हिमेटोलॉजी विभाग में स्थापित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि केजीएमयू में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को नई दिशा देगा और आधुनिक, उन्नत व विश्वस्तरीय चिकित्सा को और अधिक सुलभ बनाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यूनिट अनगिनत परिवारों के जीवन में नई रोशनी लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट का उपचार अभी भी अत्यंत महंगा है, और कई गरीब मरीज आर्थिक अभाव में उपचार से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में केजीएमयू की यह यूनिट प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूर-दराज़ राज्यों के मरीजों के लिए भी जीवनदायी सहारा बनेगी।

राज्यपाल गुरुवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्लिनिकल हिमेटोलॉजी विभाग में स्थापित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण कर रही थी। यह यूनिट आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त सीएसआर सहयोग से विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि रक्त विकार किसी जाति, वर्ग, आयु या सीमाओं में बंधे नहीं होते। ये रोग अबोध बच्चों की मुस्कान, युवाओं के सपनों और परिवारों की धैर्यशक्ति पर गहरा प्रभाव डालते हैं। ल्यूकेमिया, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोग समय पर उपचार न मिलने पर जीवन के लिए चुनौती बन जाते हैं, और ऐसे में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण अंतिम आशा के रूप में सामने आता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में प्रतिवर्ष लाखों रोगियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, परंतु सीमित सुविधाओं के कारण विशेषकर उत्तर प्रदेश में कई मरीजों को लंबी प्रतीक्षा और दूर-दराज़ की यात्रा का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में केजीएमयू लखनऊ में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना प्रदेश और देश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए नई आशा लेकर आई है। राज्यपाल ने केजीएमयू की कुलपति पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एसजीपीजीआई, डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान और अब केजीएमयू में प्रत्यारोपण इकाइयों की स्थापना संभव हो सकी है।

उन्होंने आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन की अध्यक्ष राजश्री बिरला का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सीएसआर सहयोग से हेपा-फिल्टर युक्त स्वच्छ कक्षों का विस्तार किया जा रहा है। राज्यपाल ने कैनकिड्स किड्सकैन संस्था द्वारा बच्चों के कैंसर उपचार में दी जा रही परामर्श, पोषण, औषधि सहायता और देखभाल सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब विज्ञान संवेदना से जुड़ता है और संस्थाएं सेवा का संकल्प लेकर कार्य करती हैं, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

# साइबर ठग ने जालसाजी कर खाते से उड़ाएं 3.38 लाख

❖ तहरीर मिलने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा। सरोजनीनगर**

सरोजनीनगर इलाके में एक व्यक्ति के साथ लाखों रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जहां जालसाज ने झांसा देकर पीड़ित के खाते से तीन लाख 38 हजार रूपए निकल लिये। जिसको लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है।

पीजीआई के रोमाल कालोनी पंचमखेड़ा निवासी धर्मराज सिंह के अनुसार गत पांच नवंबर को वह ट्रांसपोर्टनगर स्थित मीरा इंटरप्राइजेज सेनेटरी दुकान पर पहुंचे थे। होलसेल दुकान की जानकारी मांगने पर उन्हें एक मोबाइल नंबर दिया गया। बताए गए लोकेशन पर पहुंचने पर एक अज्ञात व्यक्ति मिला, जिसने रेट तय करने से इनकार कर पुनः दुकान से संपर्क करने की सलाह दी। धर्मराज वापस दुकान आए और करीब 22 हजार रुपये का सामान निकलवाया। भुगतान के दौरान दुकानदार द्वारा दिए गए दोनों क्यूआर कोड स्कैन नहीं हुए। इसके बाद दुकान का एक लड़का उन्हें ट्रांसपोर्टनगर पार्किंग नंबर चार स्थित एसबीआई एटीएम ले गया। जहां एक बार में 10 हजार रुपये निकले। इसी दौरान एक अनजान युवक वहां आया और मौका देखकर चालाकी से धर्मराज के आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम कार्ड की अदला-बदली कर गया।

# बिजली ठेकेदार ने फांसी लगाकर दी जान

❖ बिल्डर को मैसेज कर लिखा ,तुमने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

विकासनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बिजली ठेकेदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सैयद अदील अहमद(45)निवासी सेक्टर-सी जानकीपुरम थाना विकासनगर के रूप में हुई है। आत्महत्या से कुछ देर पहले उन्होंने बिल्डरों को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर लिखा तुमने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। मेरे पैसे मार दिए।

मृतक के बेटे फहाद अली के अनुसार पांच साल से उनका करीब 4.70 लाख रुपये बिल्डरों पर बकाया था, जिसे न मिलने के कारण परिवार आर्थिक संकट से



जूझ रहा था। सैयद आदिल अहमद पत्नी उजमा और दो बेटों के साथ सेक्टर-सी जानकीपुरम में रहते थे। आदिल बिजली ठेकेदारी करते थे। फहाद ने बताया कि उनके पिता मंगलवार को उन बिल्डरों से पैसे मांगने निकले थे, जिन पर उनका भुगतान बाकी था। शाम को घर लौटने के बाद वह सीधे पहली मंजिल पर अपने कमरे में चले गए। काफी देर तक न लौटने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां अदील पंखे के सहारे फांसी पर लटके मिले। परिजनों का कहना है कि अदील ने आत्महत्या से पहले बिल्डर कासिम मुस्तफा, खुर्रम नगर निवासी बिल्डर फुरकान और नगर निगम कर्मी शम्मे को मैसेज भेजे थे। उनमें लिखा था कि वर्षों तक काम करने के बावजूद भुगतान नहीं मिला, जिससे उनकी पूरी जिंदगी बर्बाद हो गई। फहाद के मुताबिक परिवार की आर्थिक हालत कमजोर हो चुकी थी। छोटे भाई अब्दुल अहद और उनकी कॉलेज फीस जमा करनी थी, जिसे लेकर पिता बेहद तनाव में थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर मृतक के मोबाइल में व्हाट्सएप पर मैसेज मिला है।

## खिलौनों के कारोबारी ने दुकान में लगायी फांसी

**लखनऊ।** गुडंबा थाना क्षेत्र के शिवानी विहार में रहने वाले 68 वर्षीय रतन लाल श्रीवास्तव ने आर्थिक परेशानियों के चलते बुधवार शाम आत्महत्या कर ली। रतन लाल परिवार के साथ मीरा मेंशन में रहते थे और पास ही पाल कॉम्प्लेक्स में उनकी खिलौनों की दो दुकानें थीं। मृतक के बेटे अपूर्व रतन के अनुसार बुधवार शाम करीब 5:30 बजे पिता दूसरी दुकान पर गए थे, जहां उन्होंने पंखे के सहारे अंगौछे से फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल चौकी प्रभारी मनीष कुशवाहा ने पंचनामा भरवाया और बताया कि मृतक के पास से तीन पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में रतन लाल ने लिखा है कि कारोबार ठीक नहीं चल रहा था और जिन लोगों से उन्होंने व्यवसाय के लिए पैसे उधार लिए थे। वे लगातार रकम वापस मांग रहे थे। इससे वह काफी तनाव में थे। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के सिर के बाएं तरफ, कान के ऊपर चोट का निशान पाया गया है।

# ईओडब्लू ने पकड़ा जालसाज



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

यूपी के गोंडा जिले में निबंधन कार्यालय सदर के अफसरों व कर्मचारियों की मदद से सरकारी व जनता की जमीनों की फर्जी विलेख तैयार कर कब्जा करने वाले आरोपी को ईओडब्लू ने गोंडा से गिरफ्तार किया है। जोकि वर्ष 2023 में दर्ज प्रकरण में फरार चल रहा था।

बताया जा रहा है कि जनपद गोंडा में भू-माफियों व उनके सहयोगीयों द्वारा सरकारी व जनता की जमीन के फर्जी विलेख तैयार किया गया। जिसके बाद निबंधन कार्यालय सदर गोंडा के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से अभिलेखागार में रखे मूल अभिलेखों में छेड़-छाड़ की जाती थी। उनके स्थान पर फर्जी विलेखों को प्रतिस्थापित कर बैनामें कराये गये थे। जिसके संबंध में निबंधन कार्यालय सदर गोंडा के सबरजिस्ट्रार द्वारा जांच की गयी। जिसके बाद जांचोंपरान्त तमाम फर्जी बैनामे पाये जाने के बाद थाना कोतवाली नगर गोंडा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिस पर शासन के आदेशानुसार पंजीकृत मुकदमों को थाना एसआईटी से विवेचना के लिए भेज दिया गया। जिस पर प्रकरण से संबंधित कुल 50 मुकदमें थाना एसआईटी, उप्र लखनऊ पर पंजीकृत कराये गये थे। वर्ष 2023 में दर्ज एफआईआर की विवेचना के बाद फरार चल रहे आरोपी राम कैलाश पांडेय पुत्र विजलेश्वरी पांडेय निवासी छितौनी थाना कौड़ियां गोंडा को गोंडा जिले से गिरफ्तार किया है।

# मड़ियांव पुलिस ने बरामद लिए 72 खोये मोबाइल फोन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

शहर के उत्तरी जोन अंतर्गत थाना मडियांव पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोए हुए 72 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। करीब 12 लाख रुपये मूल्य के ये मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए। मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की सराहना की। पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन तथा सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज के निर्देशन में थाना मडियांव की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की। आईएमईआर ट्रैकिंग के आधार पर मोबाइल अलग-अलग जिलों और यहां तक कि अन्य राज्यों में भी पाए गए। गहन प्रयासों के बाद मडियांव साइबर टीम ने सभी मोबाइल फोन जनपद, गैर जनपद और गैर राज्यों से रिकवर कर थाने पर मंगवाए और सत्यापन के बाद उन्हें वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया।

# कोडीन सप्लाई प्रकरण में दो लोग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

कृष्णानगर क्षेत्र में अक्टूबर माह में ड्रग विभाग द्वारा स्नेहनगर में मेडिकल सप्लायर के घर में स्थित गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में कोडीन सिरप बरामद कर मेडिकल स्टोर संचालक दीपक मानवानी पुत्र हीरालाल के खिलाफ ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्य की शिकायत पर एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था। पुलिस के पूछताछ में इस अवैध कारोबार में लिप्त गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों का नाम प्रकाश में आया था। जिसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही थी। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम के पास इस गिरोह के दो सदस्यों सूरज मिश्रा पुत्र कौशल मिश्रा मूलपता थाना अटरिया जनपद सीतापुर व हालपता फैजुल्लागंज मामा कॉलोनी थाना मड़ियांव व प्रीतम सिंह उर्फ मोंटी सरदार पुत्र रनवीर सिंह मूलपता राजाबाउंड़ी थाना बाउंड़ी जनपद बहराइच, हालपता बादशाहनगर थाना महानगर जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। जो न्यू मंगलम आयुर्वेदिक एजेंसी में कार्य करते है और इस गिरोह में सक्रिय सदस्य थे।

## प्रधानमंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी फोटोग्राफी प्रतियोगिता एचटी@100 माई कंट्री, माई लेंस के शीर्ष 12 विजेताओं को सम्मानित किया। यह समारोह एक समिट 2025 में आयोजित हुआ। जहाँ प्रधानमंत्री ने विजेता फोटोग्राफरों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। माई कंट्री, माई लेंस प्रतियोगिता ने नागरिकों को यह दिखाने के लिए आमंत्रित किया कि वे अपने देश को कैसे देखते हैं। इस पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 30 से अधिक शहरों से 10,000 से अधिक प्रविष्टियाँ चार विषयों, सीमाएँ, नदियाँ, स्मारक और मेरे देश की समुदायें, पर प्राप्त हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मेरा मानना है कि यह देश में फोटोग्राफी के लिए एक बड़ी ताकत बन सकता है। इस मौके पर प्रसिद्ध फोटोग्राफरों रोहित चावला, धृतिमान मुखर्जी और अजय अग्रवाल की जूरी ने हर फोटोग्राफ का मूल्यांकन किया और शीर्ष 100 फोटोग्राफों का चयन किया।

## महिला से मोबाइल स्नेचिंग

**लखनऊ।** कृष्णानगर क्षेत्र के बाराबिरवा में लगने वाली साप्ताहिक मंगल बाजार में खरीदारी के लिए निकली महिला से बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कृष्णानगर के बरिगवा निवासी अनिल मिश्रा के अनुसार उनकी पत्नी शिवांगी मिश्रा मंगलवार की शाम करीब पांच बजे साप्ताहिक मंगल बाजार गयी थी। उस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनके हाथ से उनका मोबाइल फोन छीन फरार हो गए। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय कृष्णानगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## टप्पेबाज ने युवती की चेन उड़ाई

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र सलेमपुर पतौरा निवासी अनीता पाल अपने बच्चे को स्कूल से लेने बुद्धेश्वर चौराहा गई थीं। वापस लौटते समय वह एक ई-रिक्शा में बैठीं, जिसमें पहले से तीन महिलाएं, एक छोटी बच्ची और एक महिला गोद में बच्चा लिए बैठी थीं। अनीता के अनुसार, सफर के दौरान वे महिलाएं बार-बार उनके पैर दबाकर उनका ध्यान भटकाती रहीं। बीहोप अस्पताल के पास पहुंचते ही तीनों संदिग्ध महिलाएं अचानक ई-रिक्शा से उतरकर मौके से फरार हो गईं। घर पहुंचने पर अनीता को गले की सोने की चेन गायब मिली। जिसके बाद उन्हें टप्पेबाजों की करतूत का पता चला। जिस पर पीड़िता ने थाने में जाकर तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी।

## सीआरआई सोलर ने उपलब्धि में दिया योगदान

**लखनऊ।** सीआरआई पंप्स के सोलर डिवीजन को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की मात्र एक महीने के भीतर 45,911 सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करने पर एक प्रमुख योगदानकर्ता होने पर गर्व है। महाराष्ट्र के 1,686 गाँवों में सोलर पंप स्थापित करके, सीआरआई सोलर ने हजारों किसानों को टिकाऊ जल समाधान प्रदान किए हैं। इस मौके पर सीआरआई समूह के चेयरमैन जी सुंदरराजन ने कहा यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड केवल एक असाधारण उपलब्धि नहीं है। यह राष्ट्र के गर्व का क्षण है और भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। छह दशकों से अधिक समय से, सीआरआई पंप्स ने उद्योगों, शहरों और समुदायों को अत्याधुनिक फ्लूड-मैनेजमेंट समाधान प्रदान कर सशक्त किया है।

## दुनिया का छठा सीई-सर्टिफाइड ब्रांड बना

**लखनऊ।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत के मेड-टेक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन से क्लास सी श्रेणी की विश्व की पहली एआई-आधारित स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीनें बनाने का लाइसेंस मिला है। यह एक अहम कदम है जो जीवन बचाने वाली हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड व रेनालिक्स को अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सीई मार्किंग भी मिल गई है, जिससे यह डायलिसिस सिस्टम के लिए यह सर्टिफिकेशन पाने वाला दुनिया भर में सिर्फ छठा ब्रांड बन गया है। इस मौके पर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा यह लाइसेंस सिर्फ.एक रेगुलेटरी मंजूरी नहीं है, यह दुनिया की सबसे एडवांस्ड मेड-टेक कैटेगरी में भारत की बनाने और नेतृत्व करने की क्षमता की पहचान है।

## एसटीएफ ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य मोहम्मद वसीम जावेद को मड़ियांव से गिरफ्तार किया है।



# छात्रावास परियोजनाओं के निर्माण की धीमी रफ्तार से मुख्य सचिव नाराज

## अगली पीएमजी बैठक में सभी परियोजनाओं में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगतिः गोयल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने आगरा, वाराणसी तथा लखनऊ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री एकता मॉल तथा लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में बन रहे श्रमजीवी महिलाओं के छात्रावास परियोजनाओं के निर्माण की धीमी रफ्तार पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि देरी को जल्द से जल्द कवर करने के लिए समय-सारिणी को संशोधित किया जाए, कार्यस्थलों पर आवश्यकतानुसार मैनपावर बढ़ाई जाए।



मुख्य सचिव गुरुवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्य की प्रमुख विकास परियोजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री एकता मॉल, पीएम मित्र पार्क, श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास, संत कबीर टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क, श्रावस्ती में इंटरप्रिटेशन सेंटर, बटेश्वर में पर्यटन विकास कार्य तथा आगरा, कानपुर व लखनऊ की मेट्रो रेल परियोजनाएं, डिजिटल लाइब्रेरी शामिल हैं, की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इन परियोजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव की सभी आवश्यक तैयारियां अभी से प्रारम्भ कर दी जाएं ताकि निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही इनका संचालन तुरंत शुरू हो सके। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि अगली पीएमजी बैठक में सभी परियोजनाओं में अपेक्षित वित्तीय एवं भौतिक प्रगति स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी हाल में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम मित्र पार्क परियोजना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स तथा ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य मार्च 2026 से पूर्व हर हाल में पूर्ण कराया जाए। श्रावस्ती में इंटरप्रिटेशन सेंटर के निर्माण एवं बटेश्वर में पर्यटन विकास कार्यों में भी प्रगति सुनिश्चित की जाए। मेट्रो रेल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लखनऊ मेट्रो के कॉरिडोर-1 (चारबाग से वसंत कुंज) के निर्माण कार्य शुरू करने की सभी औपचारिकताएं अत्यन्त त्वरित गति से पूरी करायी जाएं तथा सभी निर्माणाधीन मेट्रो परियोजनाओं में अधिकतम गति से कार्य कराते हुए इन्हें निर्धारित समय से पहले पूरा करने के हरसम्भव प्रयास किए जाएं।

मुख्य सचिव ने फोटोग्राफ्स के परियोजनाओं की भौतिक स्थिति का अवलोकन भी किया। बैठक में बताया गया कि पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क लखनऊ-हरदोई में बाउंड्री वॉल का कार्य 70 प्रतिशत, ऑफिस स्पेस के रेनोवेशन का कार्य 45 प्रतिशत तथा गेट कॉम्प्लेक्स का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। पार्क के अंदर 132 केवी रिसीविंग सब-स्टेशन तथा 26 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए ठेकेदार को एलओआई जारी की जा चुकी है।

# साईं बाबा की 110 साल पुरानी चरण पादुकाएं, दर्शन के लिए उमड़े भक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ आज निकलेगी साईं बाबा की चरण पादुका की भव्य यात्रा

महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन में श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट, शिरडी से दो दिवसीय साईं बाबा की 110 साल पुरानी पवित्र चरण पादुकाओं का दर्शन करने भक्तों का हुजूम सुबह से लगा रहा। पहली बार इन मूल पादुकाओं को शिरडी से लखनऊ लाया गया हैं। कपूरथला साईं बाबा मंदिर 10 दिसंबर की रात स्वयं संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और 2013 बैच के आईएएस अधिकारी गोरक्ष गडिलकर लेकर पहुंचे। आयोजक राजीव अरोड़ा ने बताया कि लखनऊ पहुंचने पर साईं मंदिर कपूरथला में पादुकाओं का फूलों की वर्षा करके भव्य स्वागत कर रात्रि विश्राम कराने बाद गुरुवार को महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन प्रातः 10 बजे से रात्रिके 10 को बजे तक भक्त पादुकाओं के दर्शन के लिए रखा गया।

मध्यांन आरती दोपहर 12 बजे होगी, जिसके बाद दोपहर 1 बजे पूज्य गुरु शुभ्रम बहल साईं कथा सुनाई। शाम 4 बजे मीनू सचदेवा और साईं सेवक उमाशंकर महाराज भजन प्रस्तुति के बाद धूप आरती सायं 6:30 बजे किया गया। इसके बाद साईं भजन सम्राट सक्सेना बंधु और राधा राठौर श्रोताओं को भक्ति संगीत से समाबाधा। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह 9 बजे साईं मंदिर कपूरथला से 'द गोल्डेन सेलिब्रेशन' स्थल के लिए साईं चरण पादुका की भव्य यात्रा निकलेगी। गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन पहुंचने के बाद चरण पादुका प्रातः 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक दर्शनार्थ रहेंगी। इस दौरान दोपहर 1 बजे पूज्य गुरु शुभ्रम बहल कथा का वाचन करेंगे। शाम 4 बजे विष्णु तिवारी साईं भजन प्रस्तुति देंगे, जबकि शाम 6:30 बजे धूप आरती सायं 6:30 बजे और उसके बाद सायं 7 बजे पारस जैन साईं भजन प्रस्तुत करेंगे।

# सहमति के बाद कर्मचारी महासंघ का आंदोलन निरस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने पूर्व से लम्बित समस्याओ, मांग पत्र जिन पर गत दिनो एक लम्बा ध्यानाकर्षक आन्दोलन के बाद नगर विकास स्तर पर बनी सहमत के क्रम में अगले घोषित आन्दोलन को स्थगित कर समयबद्ध निस्तारण-आदेश जारी न किए जाने पर पुनः मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव महोदय से बैठक कर समाधान कराए जाने का पत्र भेजा है। महासंघ प्रदेश के निकाय कर्मचारियो की सेवा सम्बन्धी एवं अन्य मांगो का समाधान एक लम्बे समय से नगर विकास व निदेशालय स्तर पर लम्बित होने के कारण कर्मचारियो को समय से उनके लाभ नही प्राप्त हो रहे,जिनके कारण ऐसे कर्मचारियो को जहां आर्थिक क्षति हो रही वहीं उनकी सेवाऔ पर बहुत बुरा असर हो रहा,यह कर्मचारी 15-20 वर्षो की लम्बी सेवाएं पूर्ण करने के बाद लगातार बिना किसी लाभ के सेवानिवृत हो रहे, जिनकी पीड़ा वर्तमान सरकार में कोई नही देख रहा,महासंघ लगातार लगभग 7-8 वर्षो से संघर्ष करता आ रहा,प्रदेश सरकार के वह आदेश जिनका लाभ प्रदेश के सभी विभागो में लगभग मिल चुका, परन्तु खेद है कि वर्ष दिसम्बर 2001तक के कार्यरत पूरे प्रदेश में मात्र 315 कर्मचारियो का विनियमतीकरण करने सम्बधी जारी आदेश वर्ष फरवरी 2016 का अनुपालन नगर विकास विभाग द्वारा न किया जा सका,वही वर्ष सितम्बर 2021 में जारी दुसरा आदेश जिनमें कार्यरत तदर्थ/धारा 108 के कर्मचारियो का विनियमितीकरण करने सम्बन्धी आदेश का अभी भी तक अनुपालन न हो सका। महासंघ ने छठवें वेतन आयोग एवं सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियो के क्रम में प्रदेश के निकाय कर्मचारियो का समय से पदोन्नत, कैडर रिव्यू, राज्य सरकार की भांति पद नाम, वेतन, भत्ते एवं ढांचा दिए जाने के साथ साथ जिन पदो पर आज वेतनविसंगतियां व्याप्त है, उनके समाधान हेतु बहुत लम्बे समय से लडाई लड रहा परन्तु बहुत बार शासन व निदेशालय स्तर पर प्रमुख सचिव आदि के साथ बैठक, सहमत, जारी कार्यवृत्त के बाद भी विभाग द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नही लिया जा रहा। महासंघ लगातार ध्यानाकर्षक आन्दोलन, धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन आदि के माध्यम से प्रमुख रूप से अपनी 10 सूत्रीय मांग पत्र पर मुख्य मंत्री, नगर विकास मंत्री का भी ध्यानाकर्षक, पत्राचार आदि के माध्यम से अनुरोध किया जा चुका।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी मस्त : निषाद

**लखनऊ/गाजीपुर।** विगत 30 नवम्बर की रोहित यादव (18 वर्ष) पुत्र सुभाष यादव मुन्ना निवासी-फतेहपुर अटवा(कठवा मोड़) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटनराम निषाद पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधाया और पीड़ित की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिपोर्ट देकर पार्टी की तरफ से यथासम्भव मदद करायेंगे। रोहित यादव अपने पिता का एकलौता पुत्र था, दो छोटी बहनें-कु. संध्या यादव (14 वर्ष) व कु. सलोनी यादव (12 वर्ष) हैं। निषाद ने मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस के दावे को खारिज करते कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज-माफियाराज-सामंतवाद कायम है। योगी रामराज की बात करते हैं, पर सच्चाई यह है कि प्रदेश गुण्डाराज, भ्रष्टाचार चरमसीमा पर पहुंच गया है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पप्पू यादव के पिता दशरथ यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी गाजीपुर के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष डा.नन्हकू यादव, रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा पाल,समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा, श्यामलाल बिन्द,रामाधार यादव, निर्गुण बिन्द आदि से एसआईआर के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए छुटे-छटके लोगों का फार्म भरवाने व 1 जनवरी को जो 18 वर्ष पूरा कर रहे हैं और जिनका एसआईआर फार्म नहीं आया है,उनका फार्म-6 भरवाने में सक्रियता से पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ, सभी आनुषांगिक संगठनों को सक्रिय करने की अपील किया।

### व्यापार मंडल ने सभी कमेटियों को किया भंग

**लखनऊ।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत ने राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, नगर कमेटियों को किया भंग कर दिया है। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के विकास नगर स्थित कार्यालय में प्रमुख पदाधिकारीयों राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश जायसवाल प्रदेश संरक्षक अशोक कुमार गुप्ता (लल्ला) प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष ताज खान प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज साहू लखनऊ जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता महामंत्री आशुतोष खरे लखनऊ नगर अध्यक्ष फुरकान अहमद नगर महामंत्री अजय अवस्थी बंटी नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता नगर उपाध्यक्ष वी पी सिंह के साथ सामूहिक बैठक कर निर्णय लिया गया कि तत्काल प्रभाव से (सहारनपुर मंडल को छोड़कर) सभी कमेटी को भंग कर दिया जाए। संगठन को गति देने के लिए संगठन का पुनः नए पुराने साथियों का समायोजन कर शीघ्र ही घोषणा कर दी जाएगी।

### महिलाओं को सिर्फ चुनावी घोषणाओं का साधन बनाना गलत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने गरीब महिलाओं को 40 हजार रुपये देने का चुनावी वादा सामने आने पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। यूपी की राजनीति में आज फिर वही पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जा रही है। सुनील सिंह ने कहा कि चाहे बीजेपी हो या सपा दोनों पार्टियाँ सिर्फ चुनाव आते ही जनता के सामने सपनों के पुल बाँटती हैं। सत्ता में आने के बाद दोनों का ट्रैक रिकॉर्ड एक जैसा है। वादे बड़े, काम शून्य। भाजपा और सपा में फर्क केवल झंडे और नारे का है, नीयत का नहीं। भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी पर जनता को निराश किया, जबकि सपा अपने पुराने शासन की विफलताओं को भुलाकर नई घोषणाओं से जनता को बहला रही है। दोनों पार्टियाँ जनता की नहीं, राजनीतिक लाभ की राजनीति करती हैं। महिलाएं वोट बैंक नहीं हैं। महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन इन पर दोनों पार्टियां विफल रही हैं, भाजपा और सपा को महिलाओं की याद सिर्फ चुनाव के समय आती है। पांच साल तक महिलाओं की सुरक्षा, महंगाई, स्वास्थ्य और रोजगार पर कोई ठोस कदम नहीं उठते, और जैसे ही चुनाव नज़दीक आता है।

# अवधी जितनी समृद्ध होगी उतना ही देश का विकास होगा : पवन सिंह

❖ लखनऊ के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में अवधी समारोह 2025

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अवधी भाषा-साहित्य और संस्कृति की परम्परा अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है। यह मात्र बोली नहीं अपितु इसे भाषा का गरिमामयी गौरव प्राप्त है। विशेष तथ्य यह है कि भगवान राम और भगवान बुद्ध अवध और अवधी की पावन माटी में पैदा हुए। ये बातें गुरुवार को विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने लखनऊ के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में व्यक्त की। चौहान उ.प्र. साहित्य सभा के अवधी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अवधी समारोह 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार प्रस्तुत कर रहे थे। इस अवसर पर पवन सिंह चौहान ने अवधी के प्रख्यात कवि चंद्रभूषण त्रिवेदी रमई काका को भी याद किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में भी अवधी का भी एक बड़ा विभाग होगा। समारोह की अध्यक्षता कर रही पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने इस अवसर पर विमोचित अवधी शोध ग्रंथ-अवध-अवधी : विविध संदर्भ के विषय में बोलते हुए कहा कि डाक्टर राम बहादुर मिश्र नैसर्गिक प्रतिभा सम्पन्न एक ऐसे अवधी साहित्य साधक हैं जिनकी समूची कर्तव्य तल्लीनता सिर्फ और सिर्फ अवधी को समर्पित है।



पीआरडी स्थापना दिवस पर परेड करते जवान

# पहली बार जारी हुआ माघ मेले का प्रतीक चिन्ह, सीएम के स्तर पर किया गया जारी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

❖ माघ मेला-2026 को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार की एक और पहल

प्रयागराज महाकुंभ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन के बाद अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब माघ मेला-2026 को भी अभूतपूर्व स्वरूप देने की तैयारी में है। इसी क्रम में माघ मेले के दर्शन तत्व को उद्घाटित करता माघ मेले का प्रतीक चिन्ह जारी हुआ है। मुख्यमंत्री के स्तर से माघ मेले का यह लोगो जारी किया गया है। जारी किए गए लोगो में माघ मास में संगम किनारे जप,तप साधना और कल्पवास की महत्ता के साथ इस अवधि नक्षत्रों की अवस्थिति के आधार पर सप्त ऊर्जा चक्रों को स्थान दिया गया है। लोगो में अक्षय पुण्य का संचय साक्षी अक्षयवट, सूर्य देव और चंद्र देव की 27 नक्षत्रों के साथ की ब्रह्मांडीय यात्रा, श्री लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन बोध कराता बड़े हनुमान जी का मंदिर, सनातन के विस्तार की प्रतीक सनातन पताका और संगम पर साइबेरियन पक्षियों की कलरव को ध्वनित करने वाला पर्यावरण बोध सभी का इसमें समावेश है। लोगो पर श्लोक 'माघे निमज्जनं यत्र पापं परिहरेततः' माघ के महीने में स्नान करने से सभी पाप मुक्ति का शंखनाद कर रहा है। यह लोगो मेला प्राधिकरण द्वारा आबद्ध किए गए डिजाइन कंसल्टेंट अजय सक्सेना एवं प्रागल्भ अजय द्वारा डिजाइन किया गया जिसे मुख्यमंत्री के स्तर पर जारी किया गया है। जारी लोगो का दर्शन माघ महीने के सूर्य और चंद्र की स्थिति को भी उद्घाटित करता है। ज्योतिषाचार्य आचार्य हरि कृष्ण शुक्ला बताते हैं कि सूर्य एवं चंद्रमा की 14 कलाओं की उपस्थिति ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य, चंद्रमा एवं नक्षत्रों की स्थितियों को प्रतिबिंबित करता है जो प्रयागराज में माघ मेले का कारक बनता है। भारतीय ज्योतिषीय गणना के अनुसार चंद्रमा 27 नक्षत्रों की परिक्रमा लगभग 27.3 दिनों में पूर्ण करता है। माघ मेला इन्हीं नक्षत्रीय गतियों के अत्यंत सूक्ष्म गणित पर आधारित है। जब सूर्य मकर राशि में होता है और पूर्णिमा के दिन चंद्रमा माघी या अश्लेषा-पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रों के समीप होता है, तब माघ मास बनता है और उसी काल में माघ मेला आयोजित होता है। इसी तरह चंद्रमा की 14 कलाओं का संबंध मानव जीवन, मनोवैज्ञानिक ऊर्जा और आध्यात्मिक साधना से माना गया है।

# झारखंड, हरियाणा, हिमाचल से जुटाए सुबूत, फिर शुरू हुआ सबसे बड़ा क्रैक डाउन

## पहली बार कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन पर एनडीपीएस और बीएनएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालते ही प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ जंग छेड़ दी। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुसार वर्ष 2022 में एएनटीएफ का गठन किया गया।

इसी क्रम में योगी सरकार के निर्देश पर एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप व एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं के अवैध व्यापार और डायवर्जन के खिलाफ अभियान चलाया। विभाग ने देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। विभाग ने झारखंड, हरियाणा, हिमाचल जैसे राज्यों में विवेचना की और उत्तर प्रदेश के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इन सब प्रक्रियाओं के बाद दो माह पहले विभाग का क्रैक डाउन शुरू हुआ, जो अभी भी जारी है।

दो माह में विभाग ने प्रदेश भर में छापेमारी कर 31 जनपदों में 133 फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी। इनमें फर्मों के आधा दर्जन से अधिक संचालकों को जेल भी भेजा जा चुका है। सीएम योगी के निर्देश पर एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जो पूरे देश में अब तक का सबसे बड़ा क्रैक डाउन है। अन्य राज्यों में एक्शन के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की गयी। एफएसडीए सचिव और आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वालों से सख्ती से निपटाने के स्पष्ट निर्देश दिये थे।

ऐसे में सीएम योगी ने निर्देश पर प्रदेश भर में कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ वृहद स्तर पर अभियान चलाने की योजना बनायी गयी, जो अभी तक जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ साफ दिशा निर्देश दिये थे कि एफएसडीए की कार्रवाई केवल लाइसेंस रद्द करने भर तक न थमे बल्कि विभाग द्वारा ऐसा एक्शन होना चाहिये जो आने वाले समय के लिए पूरे देश में एक नजीर बने। सीएम ने निर्देश दिये थे कि ऐसा एक्शन हो, जिससे युवाओं का जीवन बर्बाद करने वालों का मकड़जाल पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सके।

ऐसे में पहली बार एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप का अवैध डायवर्जन करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया, जिसकी वजह से कार्रवाई और सख्त साबित हुई। वहीं जिलाधिकारियों को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के 52 जिलों में 332 औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के दस्तावेज और भंडारण की जांच की गयी।

# एक्सकॉन 2025 में टाटा हिताची के 'रिलायबल ऑरेंज' की दमदार प्रदर्शनी

**लखनऊ।** भारत की मशहूर कंस्ट्रक्शन मशीनरी कम्पनियों में सुप्रतिष्ठित टाटा हिताची ने दक्षिण एशिया के सबसे बड़े कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एग्जीबिशन एक्सकॉन 2025 में अपना आधिकारिक पवेलियन खोला। इसका थीम था 'रिलायबल ऑरेंज'। टाटा हिताची के एक्सकॉन 2025 पवेलियन का उद्घाटन श्री मासाफुमी सेनजाकी ने किया जो जापान में हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी के रिप्रेजेंटेटिव एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, प्रेसिडेंट और एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और सीओओ हैं। उनका आगमन इसलिए भी उल्लेखनीय है कि यह भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ स्टोरी के लिए उनकी प्रतिबद्धता मजबूत होने का प्रमाण है। साथ ही, टाटा हिताची के लिए 4 दशकों से ज्यादा समय से एचसीएम के समर्थन को दर्शाता है। इससे हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी जापान की ग्लोबल ग्रोथ स्ट्रैटेजी में भारत की बढ़ती भूमिका भी सामने आई है। 'रिलायबल ऑरेंज' - इस साल का थीम भरोसा, इनोवेशन और निरंतर दमदार परफॉर्मेंस को लेकर टाटा हिताची के अटूट वादे को दर्शाता है। टाटा हिताची के इस वादे के पीछे भरोसे, इंजीनियरिंग एक्सीलेंस और समर्पित ग्राहक सेवा की विरासत रही है। रिलायबल ऑरेंज 120,000 से ज्यादा यूनिट के रूप में साकार है। ये हमारे सम्मानित ग्राहकों के साथ कार्यरत हैं। इनके माध्यम से हमारे ग्राहक बेहतरीन ईंधन सक्षमता, ड्यूरेबिलिटी और बेहतरीन रीसेल वैल्यू का अभूतपूर्व अनुभव प्राप्त करते हैं।

# योगी सरकार के नेतृत्व में लखनऊ में सर्वाधिक स्थापित हुआ रूफटॉप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लखनऊ में अब तक 62,271 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं। यह राज्य के किसी भी जिले से सबसे अधिक है। लखनऊ की इस अगुवाई ने पूरे उत्तर प्रदेश को 3 लाख से अधिक इंस्टॉलेशन का मुकाम छू लिया है, जो योगी सरकार की कुशल मॉनिटरिंग और जनकेंद्रित नीतियों का जीता-जागता प्रमाण है। योगी सरकार के निर्देश पर लखनऊ जिला प्रशासन, यूपीनेडा और डिस्कॉम की टीम ने दिन-रात मेहनत कर 62,271 इंस्टॉलेशन पूरे किए। लखनऊ की यह सफलता अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रही है और सौर ऊर्जा को घर-घर पहुंचाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। लखनऊ के बाद वाराणसी ने 26,208, कानपुर नगर ने 18,562, बरेली ने 12,952 और आगरा ने 11,033 इंस्टॉलेशन कर शानदार प्रदर्शन किया। प्रयागराज (9,719), रायबरेली (8,616), झांसी (7,674), बाराबंकी (6,477) और गोरखपुर (6,262) जैसे जिलों ने भी योगी सरकार की योजना को मजबूती प्रदान की। सभी 75 जिलों में नियुक्त कर और 23 जिलों की मासिक दर दोगुनी करने से समावेशी विकास सुनिश्चित हुआ।

# भारत अखिलेश यादव के नेतृत्व में तरक्की कर सकता है-ईराकी प्रतिनिधि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाला देश हैः अखिलेश यादव



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शहर में मौलाना जावेद आब्दी के नेतृत्व में नजफ ईराक के सम्मानित आध्यात्मिक नेता अयातुल्ला शेख मोहम्मद याकूबी के प्रतिनिधियों अल्लामा सैयद अली अल यासरी, अल्लामा सैयद अली नकी जैदी, अल्लामा डॉ. सैयद कल्बे अब्बास रिजवी अल इज्तेहादी तथा अल्लामा शेख सालह ने मुलाकात की और परस्पर कई विषयों पर चर्चा की।

ईराकी प्रतिनिधियों ने अखिलेश से मुलाकात को यादगार बताते हुए कहा कि भारत अखिलेश यादव के नेतृत्व में तरक्की कर सकता है। उनमें क्षमता है कि वे सबको साथ लेकर चल सकते हैं। ईराक में भी लोग उन्हें काफी पसंद करते हैं। भाजपा ईराक के घनिष्ट रिश्तों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को ईराकी लोग भी बहुत मानते हैं। अखिलेश से ईराकी सांसद बहुत कुछ सीख सकते हैं। भारत की संसद में उनके भाषणों की अरबी में अनुवाद की व्यवस्था की जाएगी। ईराकी प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके देश में पेट्रोल का पर्याप्त उत्पादन है। भारत-ईराक के बीच बेहतर व्यापारिक और सांस्कृतिक रिश्तों में मजबूती होनी चाहिए।

ईराकी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाला देश हैं हमारे लिए पूरा विश्व एक परिवार है। भारतीय संस्कृति की यह विराट वैश्विक भावना मिलने जुलने और मेलमिलाप से ही फलती फूलती है। दुनिया भर में आपसी एतबार से भाईचारा और अमन चैन आता है। जिससे हर किसी के लिए खुशहाली लाने वाली तरक्की मुमकिन होती है। हमारा लक्ष्य सभी तरह की गैर बराबरी को समाप्त करने का है। सभी के साथ मोहब्वत हो। कोई धर्म जुल्म को पसंद नहीं करता है। इंसान तभी आगे बढ़ सकता है जब सभी के साथ इंसाफ हो। उन्होंने कहा कि हर धर्म धैर्य रखना सिखाता है। अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार के जनहित के कामों का जिक्र करते हुए बताया कि महिलाओं को पेंशन दी गई। साइकिल ट्रैक बनवाए गए। फ्री साइकिल देने से शिक्षा में छात्राओं को मदद मिली। लैपटॉप बांटे गए। अस्पतालों में फ्री इलाज की व्यवस्था के साथ गंभीर बीमारियों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर की चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई थी। मरीजों को लाने ले जाने के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा और महिला सुरक्षा के लिए 1090 सेवा प्रारम्भ की गई थी। ईराकी प्रतिनिधियों ने अखिलेश यादव को ईराक यात्रा का भी निमंत्रण दिया।

# पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित यात्री जलयान वाणिज्यिक सेवा आरंभ

❖ केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



भारत ने अपने हरित समुद्री अभियान में एक बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने नमो घाट पर देश के पहले, पूरी तरह से स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित यात्री यात्री जलयान वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान भारत में समुद्री परिवेश में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन का प्रदर्शन करने वाला पहला जलयान है और इसमें पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया गया है। यह एक निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली पर संचालित होता है जो संग्रहित हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित करता है और उप-उत्पाद के रूप में केवल पानी उत्सर्जित करता है।इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव देख रहा है। हमारे पहले स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान का शुभारंभ प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री की 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और सभी क्षेत्रों में हरित परिवहन की ओर बदलाव को दर्शाती है। यह उपलब्धि हमारी पवित्र गंगा के पुनरुद्धार और संरक्षण के व्यापक मिशन को भी मजबूत करती है। जलमार्गों पर स्वच्छ तकनीकों को बढ़ावा देते हुए, हम न केवल नवाचार को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास पर्यावरण के प्रति हमारे दायित्व के साथ-साथ चले। आज की यह उपलब्धि हमारे राष्ट्र के लिए एक हरित और समृद्ध समुद्री भविष्य के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री के अटूट संकल्प को दर्शाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के स्वामित्व वाला यह जलयान कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। परीक्षण संचालन पूर्ण होने के बाद जलयान सेवा में प्रवेश करेगा। यह पहल 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों में स्वच्छ, टिकाऊ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रयासों का समर्थन करती है।

# नगर निकायों में जनसुविधाओं के उन्नयन के लेकर बैठक संपन्न

## नगर पालिकाए एवं नगर पंचायतें हो अतिक्रमणमुक्तः डीएम

**पायनियर संवाददाता। बलरामपुर**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में नगर निकायों की जनसुविधाओं एवं सुंदरीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं आगे की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के चेयरमैनगण, अधिशासी अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण व यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना प्राथमिकता है। इस क्रम में सभी नगर निकायों में मुख्य मार्गों, चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग, थीम-आधारित रोप लाइट, लैंडस्केपिंग किए जाएँ। उन्होंने कहा कि यह कार्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएंगे बल्कि जनजागरूकता को भी बढ़ावा देंगे। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय में वेंडिंग जोन चिह्नित कर विकसित किए जाएँ। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन से सड़क किनारे अनियमित रूप से लगने वाली दुकानों पर रोक लगेगी और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर पालिकाएँ एवं नगर पंचायतें अपने क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त रखें। इसके लिए नियमित अभियान चलाया जाए, साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हित कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए जहाँ बार-बार अतिक्रमण होता है। बैठक में नगर निकायों के चेयरमैनगण द्वारा विभिन्न स्थानीय समस्याएँ एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए गए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। बैठक में मा. चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, चेयरमैन नगर पालिका उतरौला, चेयरमैन नगर पंचायत पचपेड़वा, गैंसडी , चेयरमैन प्रतिनिधि तुलसीपुर , एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय , समस्त अधिशाषी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य शिविर में 210 मरीजों का हुआ उपचार

**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉक्टर मुकेश रस्तोगी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर अंतर्गत बॉर्डर गांव नंद महारा में बृहद स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 210 मरीजों को देखा गया सात लोगों का गोल्डन कार्ड बनाया गया 9 मगर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया 14 बच्चों का टीकाकरण किया गया 11 लाभार्थियों को आभा कार्ड बनाया गया करीब 90 मरीजो का शुगर और बीपी की जांच की गई सभी मरीजों को कैंप स्थल से ही समस्त प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस आयोजित

**पायनियर, बलरामपुर।** प्रदेश शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद बलरामपुर में आगामी 17 दिसंबर, 2025 (बुधवार) को प्रातः 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यालयाध्यक्षों को उपस्थित रहते हुए पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पेंशनर दिवस का उद्देश्य पेंशनरों की शिकायतों का एक ही स्थान पर शीघ्र समाधान करना है। अतः सभी विभागीय अधिकारी समय से उपस्थित होकर प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता पर करें।

# सरकारी रेट से अधिक कीमत पर यूरिया की बिक्री, किसानों में रोष

**पायनियर संवाददाता। सादुल्लाहनगर**



सरकार द्वारा यूरिया का निर्धारित मूल्य 266.50 रुपये प्रति बोरी तय किए जाने के बावजूद रेहराबाजार क्षेत्र के बी-पैक्स मनुवागढ़ में किसानों से 290 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को खाद लेने पहुंचे कई किसानों ने शिकायत करते हुए बताया कि सरकारी रेट और बिक्री दर में अंतर के कारण उन्हें प्रति बोरी 23.50 रुपये अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि पहले ही महंगाई और बढ़ती खेती लागत के चलते कृषि कार्य भारी पड़ रहा है, ऐसे में निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलना सरासर अनुचित है। किसान राम उजागर, राजू भारती, राज कुमार, जावेद, संत राम, बिनय, विजय सहित अन्य किसानों ने बताया कि बी-पैक्स पर मनमानी वसूली से किसान परेशान हैं। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों का शोषण रोका जा सके और खाद सरकारी दर पर उपलब्ध हो सके। स्थानीय किसानों ने यूरिया वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने तथा सभी केंद्रों पर निर्धारित रेट को सुनिश्चित कराने की मांग भी उठाई है।

इस संबंध में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि किसानों की शिकायत गंभीर है।

# रजवापुर स्कूल में विधायक ने बच्चो को वितरण किया यूनिफॉर्म



**तुलसीपुर ,बलरामपुर।** तुलसीपुर विकास खण्ड के ग्राम रजवापुर सहियापुर के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सामाजिक संस्था वर्ल्ड विजन द्वारा प्रदत्त ऊनी कपड़े विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों को वितरित किया। विदित हो कि यह संस्था कुछ चिन्हित पिछड़े क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों को स्वास्थ्य, सफाई एवं शैक्षिक दृष्टि से जागरूकता के कार्यक्रम चला रही है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य एवम् स्वच्छता के विषय में जागरूक रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रबंध निदेशक, प्रधान प्रतिनिधि संजय मणि तिवारी पूर्व प्रधान सुरेश गौतम, राम केवल पाण्डेय तथा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# औटोमेटिक सिलाई मशीन पर महिलाओं की कार्यशाला



**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा औटोमेटिक सिलाई मशीन के उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं को डिजिटल सिलाई तकनीक से कौशलयुक्त बनाना था। यह कार्यक्रम भारत सरकार के महिला सशक्तिकरण हेतु कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका लक्ष्य महिलाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। सिंगर इंडिया लिमिटेड के विशेषज्ञ राधे श्याम गोड ने डिजिटल सिलाई मशीन के संचालन, डिज़ाइन निर्माण और उन्नत सिलाई तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। सिलाई प्रशिक्षिका आरती विश्वकर्मा ने प्रशिक्षण में सहयोग दिया। कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू की गौरी बलचंद्रन तथा भौतिकी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित किया। दोनों अतिथियों ने महिलाओं के कौशल विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्वरोजगार को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि उनके स्टार्टअप या उद्यमिता सम्बन्धी पहल को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र के कोऑर्डिनेटर एवं निदेशक डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि केंद्र सिलाई-संबंधी प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आजीविका के नए अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाती हैं।

## बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान

# पुलिस ने दुकानों व रेस्टोरेंट पर दी चेतावनी



सादुल्लाह नगर/बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा पुलिस उपाधीक्षक ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में थाना सादुल्लाह नगर पुलिस द्वारा बाल तस्करी से आज़ादी 3.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार के पर्यवेक्षण में श्रम विभाग से रिजवान अहमद तथा थाना AHT से म.उ.नि. नीलोफर बानो, का. असलम सिद्दीकी, महिला आरक्षी ज्योति गुप्ता, आरक्षी पूजा पटेल की टीम ने क्षेत्र में निरीक्षण किया। टीम ने ऐमन बुक एजेंसी व मुंबई जाएका रेस्टोरेंट सहित अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर संचालकों को चेतावनी/नोटिस दिया। इस दौरान टीम ने आमजन को बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह एवं नशे के विरुद्ध चल रहे बचपन बचाओ आंदोलन के बारे में जागरूक किया।

# लकड़ी ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पायनियर संवाददाता। ललिया**

स्थानीय थाना क्षेत्र तथा सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बनकटवा रेंज अन्तर्गत नंदाडीह गांव में अवैध सागौन कटान का मामला सामने आया है। गांव स्थित नई पानी टंकी के पास लकड़ी माफियाओं ने अवैध तरीके से 14 सागौन के पेड़ काटकर उठा ले गए।

ग्रामीणों की नजर कटान स्थल पर पड़ी तो मामले की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी गयी। सूचना पर बनकटवा रेंज वन विभाग टीम मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की और कटान स्थल की विस्तृत जांच किया। जांच के दौरान 14 पेड़ों के ताज़ा कटान की पुष्टि हुई। कटान को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की बात कही गयी। बनकटवा रेंज क्षेत्र के क्षेत्रीय वनाधिकारी सत्रोहन लाल ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच में रतनपुर ग्राम पंचायत निवासी लकड़ी ठेकेदार अली हुसैन की संलिप्तता पायी गयी है। विभाग ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध ग्रामीण वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विस्तृत विवेचना की जा रही है, अवैध कटान में किन-किन लोगों ने सहयोग किया है इसकी भी जांच तेजी से की जा रही है। रेंजर ने बताया कि ग्रामीण वन्य क्षेत्र में अवैध कटान रोकने के लिए गश्त बढा दी गयी है और ग्रामीणों से अपील किया गया है कि अवैध कटान की सूचना तत्काल वन विभाग को दें जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# पीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

❖ तीन कर्मचारी अनुपस्थित वेतन रोकने के निर्देश

**पायनियर संवाददाता। रेहरा बाजार**



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाज़ार में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया और कई खामियों पर नाराज़गी जताई। निरीक्षण में लैब टेक्नीशियन सूरज प्रताप सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद रहमान तथा चपरासी अशोक कुमार अनुपस्थित पाए गए। लापरवाही को गंभीर मानते हुए सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भान को निर्देशित किया कि सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाए। सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की खराब व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है, जिसके लिए अनुशासन और स्वच्छता किसी भी हाल में समझौता योग्य नहीं है।

# जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर, बलरामपुर**

कड़ाके की ठंड में गरीब एवं बेसहारा लोगों की सहायता के लिए समाजसेवी और भाजपा सह-संयोजक (अवध क्षेत्र) विनय कुमार मिश्र लगातार मानवीय सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में वे मथुरा बाजार पहुंचे जहां उन्होंने तीन दर्जन जरूरतमंदों को गर्म कम्बल वितरित किए। कम्बल मिलते ही लोगों के चेहरों पर राहत की चमक दिखाई दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक बढ़ी ठंड में कम्बल वितरण से अनेक परिवारों को बड़ी राहत मिली है। विनय कुमार मिश्र ने कहा कि समाज सेवा उनके जीवन का संकल्प है और जरूरतमंदों की मदद करना ही उनकी प्राथमिकता है। इसके पूर्व भी समाजसेवी द्वारा किए गए परोपकारी कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा है।

# वरुणा कॉलेज के भूमि क्लब को किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



भूमि फाउंडेशन यूथ वॉलिंटियर ऑर्गेनाइजेशन इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में सनबीम विमेंस कॉलेज वरुणा के भूमि क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए। यह सम्मान सामाजिक कार्य, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में वर्षभर किए गए प्रभावी कार्यों के आधार पर दिया जाता। यह समारोह नार्थ दिल्ली के आईएसडीएम संस्था के द्वारा प्रदान किया गया।

जिसमें डॉ सौमिक गोस्वामी को इंस्पिरेशनल फैकल्टी लीडर अवार्ड, क्लब प्रेसिडेंट पलक वीज को चेंज मेकर अवॉर्ड, और महाविद्यालय को भूमि क्लब ऑफ़ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दान उत्सव के उत्कृष्ट कार्य के लिए 'गुड डीड्स डेज' सेकेंड रनरअप और पीपुल चॉइस कैटेगरी में भी महाविद्यालय को सेकेंड स्थान प्राप्त हुआ।इन उपलब्धियों ने यह सिद्ध किया कि सनबीम विमेंस कॉलेज वरुणा का भूमि क्लब न केवल सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास में अग्रणी है, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, जिम्मेदारी और परिवर्तन लाने की भावना को भी मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्राओं को शिक्षित करने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में भी अग्रणी बनाना है और हम उस पथ पर सदैव आगे ही बढ़ रहे हैं। भविष्य में भी महाविद्यालय के द्वारा ऐसे उत्कृष्ट कार्य होते रहेंगे।

## आइसार्क ने फसल प्रजनन को तेज करने के लिए

# तीन दिवसीय स्पीड ब्रीडिंग प्रशिक्षण आरंभ

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान के वाराणसी स्थित दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र ने 10 से 12 दिसंबर 2025 तक स्पीड ब्रीडिंग एग्री-बिजनेस की आज की ज़रूरतों को पूरा करना, शीर्षक से तीन दिवसीय क्षमता-विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम स्पीड ब्रीडिंग पर आधारित है और एग्री-बिजनेस तथा बीज उद्योग की वैश्विक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक अग्रणी पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यह अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिसमें इरी की स्पीड ब्रीड सुविधा और चावल के लिए विकसित नवाचारपूर्ण स्पीडफ्लावर प्रोटोकॉल को शामिल किया गया है,जिसने फसल चक्र की तीव्रता और बीज उत्पादन में क्रांति ला दी है। इस प्रशिक्षण में भारत, थाईलैंड और इंडोनेशिया के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों से जुड़े 14 प्रतिभागी शामिल हैं, जो स्पीड ब्रीडिंग, पौध प्रजनन और बीज उद्योग में कार्यरत हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सिद्धांत और व्यवहार को जोड़ते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। इसमें आइसार्क के खेत और प्रयोगशाला भ्रमण के साथ स्पीड ब्रीड सुविधा विकास, बीज प्रबंधन और फसल-विशिष्ट प्रोटोकॉल पर विशेषज्ञ सत्र सम्मिलित हैं। प्रतिभागियों को समूह कार्य, मूल्यांकन और परस्पर संवादात्मक सत्रों के माध्यम से फसल-विशिष्ट चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा।

यह प्रशिक्षण सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है और स्पीड ब्रीडिंग कंसोर्टियम पर चर्चा तथा प्रमुख शोधकर्ताओं के साथ जुड़ाव के माध्यम से भविष्य के सहयोग को बढ़ावा देता है।

# भगवान राम सीता का विवाह प्रसंग का मनोहरी वर्णन से श्रोता भावविभोर : संत सर्वेश जी महाराज

**पायनियर संवाददाता। ललिया ,बलरामपुर**



मथुरा बाजार ग्रामसभा के मजरा बनकसिहा गांव स्थित शिवालय परिसर में चल रही संगीतमय रामकथा के छठे दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे संत सर्वेश जी महाराज ने भगवान राम सीता विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया।

महाराज ने कहा कि शिवजी का प्राचीन धनुष जो जनकपुर में संरक्षित था, उसे भंग करने वाले वीर के साथ ही जानकी का विवाह करने का संकल्प विदेहराज जनक ने लिया था। अनेक राजाओं महाराजाओं और राजकुमारों ने प्रयास किए पर कोई धनुष को हिला तक न सका। जब विश्वामित्र ने राम से पिनाक भंजन का आग्रह किया, तो राम ने सहज भाव से धनुष को उठाया और उसे भंग कर जनक का संकल्प पूर्ण किया। धनुष भंग होते ही माता सीता ने आनंदित होकर राम के गले में जयमाल डाल दी। अयोध्या में सूचना पहुँचने पर महाराज दशरथ बारात सहित जनकपुर पहुँचे। जनक और उनके भाई सीरध्वज की पुत्रियों सीता, मांडवी, उर्मिला और सूर्तिकीर्ति का विवाह क्रमशः राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संत सर्वेश जी महाराज ने कहा कि यह विवाह पूर्ण रूप से दहेज-मुक्त था जो हमारे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। आज दहेज रूपी दानव हिंदू समाज को खोखला कर रहा है इसलिए रामकथा से प्रेरणा लेकर दहेज-रहित विवाह को बढ़ावा देना चाहिए। कथा स्थल पर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, अनंत राम शुक्ल, स्वामीनाथ निषाद, कनधई निषाद, रामदेव निषाद, विनय सोनी, दयाशंकर तिवारी, अरुण शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बच्चों का समग्र विकास पोषण, साफ सफाई का महत्व जागरूकता: संदीप

**पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर**

स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र लालनगर मे सामुदायिक संवेदीकरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, पंचायत प्रतिनिधि, माता-पिता तथा समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण, साफ-सफाई तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाना रहा। प्रतिभागियों को पोषण नियमित स्वच्छता आदतों तथा बच्चों को आंगनवाड़ी आने के लाभ की जानकारी दी गई। अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति और सहयोग का अनुरोध किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने सकारात्मक सुझाव दिए और बेहतर कार्य के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। आई सी डी एस विभाग के बाल विकास परियोजना अधिकारी तुलसीपुर संदीप कुमार द्वारा बताया गया कि पानी संस्थान द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय योग्य है। बैठक में पानी संस्थान ईसीसीई परियोजना के ब्लॉक कॉर्डिनेटर अंकुर, फील्ड कॉर्डिनेटर ब्यूटी, नेहा तथा एरिया कॉर्डिनेटर संजय, उषा सिंह, मीरा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन होता है शुद्ध

❖ वैदिक मंत्रोच्चारण हवन-पूजन और भजन-कीर्तन की ध्वनि से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजित है

**पायनियर संवाददाता। ललिया बलरामपुर**



स्थानीय थाना क्षेत्र के जोधीपुरवा गांव में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव श्रद्धा उत्साह और भक्ति के माहौल में चल रहा है। गांव में कथा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। वैदिक मंत्रोच्चारण हवन-पूजन और भजन-कीर्तन की ध्वनि से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजित है। प्रख्यात कथावाचक डॉ. कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा कथा कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण जीवन को सही दिशा देने वाला और मन-चित्त को शुद्ध करने वाला दिव्य ग्रंथ है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्श, भक्ति, धर्म, ज्ञान और मोक्ष मार्ग से जुड़े प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। श्री शास्त्री ने बताया कि कथा श्रवण से आत्मा को शांति और मन को आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। कथा महोत्सव के मुख्य यजमान एवं आयोजक कमलेश श्रीवास्तव ने वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कथा के सफल संचालन की कामना किया है।उन्होंने बताया कि प्रतिदिन विशेष प्रवचन भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि सभी श्रद्धालु इसका आध्यात्मिक लाभ ले सकें। ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे श्रद्धा भाव से कथा सुनने प्रत्येक दिन आ रहे हैं। इस अवसर पर कमलेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, विमलेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान नीलम श्रीवास्तव, मालती देवी, विवेक, पल्लवी, मानसी, शिवांश, आयुष, अविरल, रूद्राक्ष और कीर्तिमंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



# सीएम योगी ने ठंड में रैन बसेरों की परखी हकीकत, जाना हाल

❖ मुख्यमंत्री योगी को अपने बीच पाकर रैन बसेरा में ठहरे लोग हुए प्रफुल्लित

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की रात अचानक शहर के रैन बसेरों की हकीकत परखी। उन्होंने वहां ठंड से बचने के लिए शरण लिए लोगों की समस्याओं को करीब से जाना। बिना किसी पूर्व सूचना और बिना किसी लाव-लश्कर के मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रशासनिक अमले के लिए भी अप्रत्याशित रहा। ठंडी हवाओं और घने कोहरे के बीच जब अधिकांश लोग अपने घरों में दुबककर गर्माहट की तलाश रहे थे, तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आमजन के बीच पहुंचकर उनकी पीड़ा साझा कर रहे थे। उन्होंने रेलवे स्टेशन स्थित नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे में रात गुजार रहे लोगों से बातचीत की और वहां की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।रैन बसेरे में मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खुशी और संतोष व्यक्त किया। बिहार के बेतिया जनपद के मछरगावा गांव से अपने पिता का इलाज कराने गोरखपुर आए बृजबिहारी ने कहा कि इतनी ठंड में मुख्यमंत्री को पास पाकर वे धन्य हो गए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ गरीबों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद कर्मचारियों से भी बातचीत की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कंबल, हीटर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर न हो।पायनियर अखबार की टीम ने भी मौके पर मौजूद रहकर रैन बसेरे में ठहरे लोगों से बातचीत की। अधिकांश लोगों ने स्वीकार किया कि नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, लेकिन कुछ ने और बेहतर सुविधाओं की अपेक्षा जताई। मुख्यमंत्री ने इन सुझावों को गंभीरता से लिया और अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।इस औचक निरीक्षण ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने और त्वरित समाधान करने में विश्वास रखते हैं। ठंड की इस कठिन रात में उनका यह कदम न केवल प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण बना बल्कि आमजन के बीच विश्वास और आत्मीयता भी बढ़ाने वाला साबित हुआ।मुख्यमंत्री का यह दौरा गरीब और जरूरतमंद लोगों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। रैन बसेरे में ठहरे लोगों के चेहरों पर आई मुस्कान इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब उनका लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते किया जाए।

## नगर पंचायत चौक में मतदाता सूची सत्यापन बैठक आयोजित

**महराजगंज।** नगर पंचायत चौक कार्यालय पर आज बी.एल.ओ. और बी.एल.ए. की मौजूदगी में मतदाता सूची के पुनरीक्षण व सत्यापन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड नंबर 4 सेनानी नगर



तथा वार्ड नंबर 7 महाराणा प्रताप नगर के मतदाता सूची से संबंधित दावों, आपत्तियों और सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। बी.एल.ओ. ने घर-घर सर्वे की प्रगति बताई, जबकि बी.एल.ए. ने मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव रखे। बैठक में सभी नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सही और अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। इस दौरान सभासद त्रिभुवन वर्मा सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# शीतलहर से निपटने को प्रशासन सक्रिय

## डीएम संतोष कुमार शर्मा ने देर रात किया निरीक्षण, अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पायनियर संवाददाता। महराजगंज**



जिले में लगातार बढ़ रही शीतलहर के बीच प्रशासन पूरी तरह सक्रिय मोड में आ गया है। आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा बुधवार देर रात अचानक शहर के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान उन्होंने अलाव की व्यवस्था से लेकर जिला अस्पताल और रैन बसेरों तक का बारीकी से जायजा लिया।डीएम ने सबसे पहले शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अलाव की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए अलाव की कहीं भी कमी नहीं होनी चाहिए। सड़क पर गुजरने वाले लोगों को हर हालत में राहत मिलनी चाहिए और अलाव की व्यवस्था समय-समय पर ठीक तरीके से होती रहे।इसके बाद जिलाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके इलाज, दवाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में सिलसिलेवार जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया, जिस पर डीएम ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सेवा और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न हो।निरीक्षण के क्रम में डीएम संतोष कुमार शर्मा ने जिला अस्पताल परिसर में बने रैन बसेरे का भी दौरा किया। यहां उन्होंने ठहरे लोगों से बातचीत कर कंबल, रोशनी, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की कड़ाके की ठंड में कोई भी व्यक्ति बिना सहारे न रहे और रैन बसेरों में सभी सुविधाएँ चौबीसों घंटे उपलब्ध रहें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ठंड से राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन को हर संभव राहत मिले और कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न हो।

## फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**(फूलपुर) आजमगढ़ ।** फूलपुर ब्लाक सभागार में बृहस्पतिवार को कृषि विज्ञान केंद्र लडौरा की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वैज्ञानिक एलसी वर्मा ने किसानों को धान के अवशेषों के प्रबंधन बारे जानकारी दी।इस अवसर पर धान के अवशेषों का इन-सीटू और एक्स-सीटू प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया गया।उन्होंने किसानों सहित ग्रामणों को पराली का सही उपयोग कर इसे खाद,पशुओं के चारे और बायो गैस बनाने में इस्तेमाल करने की जानकारी दी।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेतों में पराली न जलाएं और इसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करें ताकि न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि खेतों की उर्वरकता भी बनी रहेगी।राजकीय बीज भंडार अधिकारी मोतीलाल ने कहा कि अवशेष को जलाने से कई नुकसान है ऐसा न करने से प्रदूषण से बचा जा सकता है।

## 120 घंटे बाद गंडक नहर में आएगा पानी, रोस्टर जारी

**पायनियर संवाददाता। महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में सिंचाई विभाग खंड प्रथम द्वारा मुकर्रर तिथि को गंडक नहर में पानी छोड़ने के लिए जोर आजमाइश शुरू कर दिया है। अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई विभाग गोरखपुर मंडल गोरखपुर 16 दिसम्बर को गंडक नहर में पानी छोड़ने का रोस्टर जारी किया है।बाल्मीकि नगर बैराज से मुख्य पश्चिमी कैनाल में पानी छोड़ा जाएगा। सिंचाई की डिमांड के अनुसार महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर जनपद के नहरों में पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा।इसके लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के अधिकारी संयुक्त रुप से पानी पाउडिंग की तैयारियां तेज कर दिए हैं। मुकर्रर तिथि के अंदर सिंचाई विभाग खंड प्रथम नहरों की सिल्ट सफाई को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जिले के सभी राजवाहों और माइनरों की निगरानी तेज कर दिया है। किसानों को उम्मीद है कि नहरों में समय से पानी आए, तो गेहूं की पहली सिंचाई आसान हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार सिंचाई विभाग गोरखपुर मंडल गोरखपुर अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय से जारी रोस्टर के अनुसार 16 दिसम्बर को गंडक नहर में पानी छोड़ने की संभावना है। नहर में पानी छोड़ने को लेकर जहां किसानों में खुशी का माहौल है वहीं विभागीय अधिकारियों के सामने एक बड़ी चुनौती भी है। महज 120 घंटों में तय सभी नहरों की सिल्ट सफाई कराने की जिम्मेदारी है।विभागीय सूत्रों के अनुसार 95 फीसदी नहरों की सिल्ट सफाई कार्य पूरा हो गया है। सिर्फ पुल के नीचे बेड में सिल्ट निकालने के लिए मजदूरों को लगा दिया गया है। विभाग ने दावा किया है। नहर में पानी छोड़ने के पहले सिल्ट सफाई का का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।अबकी रबी के खेती को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को हर सुविधा को समय पर उपलब्ध हो जाएं, इसके लिए जिलाधिकारी जनपद के नहर कमांड एरिया का निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने एक निगरानी समिति का भी गठन किया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि सिंचाई विभाग नहर की पटरियों की मरम्मत, टूटें पुल,कुलावे और गुल की भी सफाई तय समय के अंदर सुनिश्चित कराएं। इस कार्य में ढिलाई कत्तई स्वीकार्य नहीं होगी।

नहर में सिल्ट सफाई का तकरीबन 95 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। 16 दिसम्बर को गंडक नहर में पानी छोड़ने की उम्मीद है।
**विनोद वर्मा, अधिशासी अभियंता**

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की वर्दी में संदिग्ध तरीके से घूम रही एक महिला पकड़ी गई



**पायनियर, आज़मगढ़।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर उस समय सनसनी मच गई जब पुलिस की वर्दी में संदिग्ध तरीके से घूम रही एक महिला पकड़ी गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह असली पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि वर्दी पहनकर फ्री यात्रा करने वाली फर्जी 'लेडी कॉप' थी। गुरुवार को थानाझ्रकोतवाली क्षेत्र में ड्यूटी पर मौजूद उ0नि0 सौरभ त्रिपाठी और महिला उ0नि0 प्रज्ञा सिंह ने रोडवेज परिसर में एक महिला को यूपी पुलिस की वर्दी में संदिग्ध गतिविधियों के साथ घूमते देखा। वर्दी धारण करने का तरीका और व्यवहार पुलिसकर्मी से मेल न खाने पर उसे रोका गया। पहले तो उसने तैनाती के बारे में गलत जानकारी दी, लेकिन सख्त पूछताछ में उसने अपना नाम नीतू चौहान, निवासी बनकटा बुजुर्ग, थाना राजेसुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर बताया। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह पुलिस में नहीं है और बस-ट्रेन में बिना टिकट सफर करने के लिए वर्दी पहनती है। तलाशी में महिला के पास से यूपी पुलिस की पूरी वर्दी सेट बेल्ट, दोनों कंधों के बैज, मोनोग्रामयुक्त खाकी वर्दी, गोल्डन चिन्ह वाली पीझ्रकैप, पुलिस पैटर्न के जूते-मोजे सहित एक लाल रंग का पर्स मिला, जिसमें ₹230 थे। गिरफ्तार महिला के खिलाफ पहले से ही लखनऊ के सरोजनीनगर, आज़मगढ़ के अतरौलिया और कोतवाली में फर्जीवाड़े, धोखाधड़ी और दस्तावेज़ जालसाज़ी से जुड़े तीन मुकदमे चल रहे हैं।

### सर्दी से राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत ने जलवाए अलाव



**पायनियर, बृजमनगंज महराजगंज।** दिसंबर माह की सर्द रातों में आदर्श नगर पंचायत बृजमनगंज के अंदर अलाव की सुविधा न मिलने से निराश्रित लोगों, राहगीरों और यात्रियों को हो रही परेशानी को अखबार ने *सर्दी के सितम शुरू नही जले अलाव* शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए नपं ने बुधवार को नगर पंचायत के प्रमुख मार्गों, चौक, चौराहों पर अलाव जलवाकर लोगों को सुविधा दी है। सर्दी में इजाफा होने के बाद भी नगर के प्रमुख, चौक, चौराहों, तिराहों के अलावा रेलवे स्टेशन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अलाव न जलाए जाने से रात को पैदल गुजरने वाले राहगीरों, गस्त करने वाले पुलिस कर्मियों, सीएचसी पर मरीज के साथ आने वाले तीमारदारों, और निराश्रित लोगों को ठंड के कारण अनेकों प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ठंड से बचने के लिए लोग मार्गों पर पड़ी पॉलिथीन, प्लास्टिक, कागज, थर्माकोल आदि कूड़े कचरे को जलाकर शरीर को गर्म करने के लिए विवश हो रहे थे। सोमवार को दैनिकभास्कर में इस समस्या का प्रकाशन होने के बाद बुधवार को ठंड से बचाव के लिए प्रमुख स्थानों एवं चौराहों पर अलाव जलवाने का कार्य शुरू किया गया। ईओ सुरभि मिश्रा ने बताया है रेलवे स्टेशन, कोल्हुई तिराहा, लेदवा चौराहा,और सीएचसी पर अलाव जलवाए गए है। साथ ही चिन्हित जगहों पर भी अलाव जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रियों और निराश्रितों के लिए आदर्श नगर पंचायत के पुराने नपं कार्यालय पर स्थित रेन बसेरा भी तैयार है।

## सीएम ने मृतक और लापता मतदाताओं की संदेहास्पद संख्या पर चिंता जताई

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को आजमगढ़ दौरे पर रहे. यहां उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर भी शामिल हुए. मीडिया से बातचीत में अरविंद राजभर ने कहा, बैठक का मुख्य विषय एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) रहा. मुख्यमंत्री ने जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों का विस्तृत डेटाबेस सौंपते हुए मृतक और लापता मतदाताओं की संदेहास्पद संख्या पर चिंता जताई है. सीएम ने निर्देश दिया है कि संगठन के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जाकर मतदाताओं से वन-टू-वन संपर्क करें और जिनका



नाम दर्ज नहीं है, उन्हें सूची में शामिल कराया जाए. सीएम योगी की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर.

डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि फर्जी मतदाताओं के नाम हटाना, बाहर रहने वाले वास्तविक मतदाताओं को जोड़ना और मृतकों को चिह्नित कर हटाना बेहद आवश्यक है. इस दौरान राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला भी बोला. कहा कि यही निर्वाचन आयोग अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री और सांसद बनाता रहा है.

इसलिए आयोग पर सवाल खड़ा करना केवल जनता को गुमराह करने जैसा है. अखिलेश यादव के लिए कहा जा सकता है कि कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है, सॉल्यूशन का पता नहीं.

## नगर आयुक्त ने मकर संक्रांति मेले के परिपेक्ष में की बैठक

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**



मकर संक्रांति मेला के संबंध में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के द्दष्टिगत नगर निगम से होने वाली व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा सभी कार्यों को समय से पूरा करने हेतु निर्देश दिया गया। नगर निगम गोरखपुर द्वारा पेयजल, पार्किंग, रैनबसेरा, शौचालय आदि की व्यवस्था को सुद्दढ करने का निर्देश दिया गया। मेला परिसर के अंदर एवं बाहर नगर निगम गोरखपुर की ब्रांडिंग के साथ आकर्षक कटआउट, संदेश आदि की सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए 2 अदद स्वागत गेट आकर्षक तरीके से स्थापित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए साथ ही सभी स्थलों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित स्थलों पर जूते चप्पल स्टैंड की व्यवस्था की जा रही हैं जहां निःशुल्क सेवा की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त मेला परिसर को पालीथीन मुक्त रखे जाने के लिए जूट बैग में ही प्रसाद एवं खिचड़ी चढ़ाने के लिए नगर निगम गोरखपुर द्वारा निःशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही मकर संक्रांति मेला में साफ सफाई की जागरूकता हेतु सभी प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग और कटआउट आदि भी लगाए जाएंगे। शीत ऋतु के द्दष्टिगत अलाव आदि की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त गण, मुख्य अभियंता, महाप्रबंधक जलकल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी, जोनल अधिकारी गण, समस्त सफाई निरीक्षक, समस्त अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने एसआईआर की समीक्षा किया कहा लापरवाही न करें



**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**

जनपद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्धारित समय से दो घंटे देर से कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीएम को जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एसआईआर के दौरान मृतक, डुप्लिकेट और गलत प्रविष्टियाँ पूरी तरह हटाई जाएं और एक भी मतदाता सूची से छूटने न पाए। गुरुवार को निर्धारित समय से करीब दो घंटे देर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर लगभग 12 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद 12:08 बजे वह कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे, जहां कमिश्नर विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, डीएम रविन्द्र कुमार और एसपी डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे। पदाधिकारियों के साथ बैठक में एसआईआर की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएम ने कहा कि बूथ स्तर पर मतदाता सूची पूरी तरह सही और अद्यतन होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि मृतक मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को चिन्हित कर समाप्त किया जाए और किसी भी मतदाता का नाम गलत तरीके से दर्ज न होने पाए। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जो मतदाता बाहर रहते हैं, उनसे संपर्क कर उनका एसआईआर भरवाया जाए, ताकि एक भी वास्तविक वोटर सूची से बाहर न रहे।

बैठक के बाद बाहर मीडिया से बात करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने बताया कि बैठक का मुख्य विषय एसआईआर रहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों का विस्तृत डेटाबेस सौंपते हुए मृतक और लापता मतदाताओं की संदिग्ध संख्या पर चिंता जताई है। सीएम ने संगठन के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जाकर वन-टू-वन संपर्क करने तथा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें शामिल कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस निर्वाचन आयोग ने उन्हें मुख्यमंत्री और सांसद बनाया, उसी पर सवाल उठाना जनमानस को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव के मामले में कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है, सॉल्यूशन का पता नहीं जैसी स्थिति है। डॉ. राजभर ने दावा किया कि सुभासपा भाजपा के साथ केवल 2027 तक नहीं, बल्कि 2047 तक रहेगी। वहीं, बैठक से बाहर निकलते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वर्तमान बिल राहत योजना से चार लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं।

## कस्तूरबा में मानकविहीन हो रहा है कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण



**पायनियर, सिसवा बाजार. महराजगंज।** स्थानीय कस्तूरबा विद्यालय मे चौदह लाख की लागत मानकविहीन कम्प्यूटर का कक्ष का निर्माण कराया जा रहा जिसमे सफ़ेद बालू और कम सीमेंट से सेम ईंट की जुड़ाई की जा रही है। कस्बे के गोपाल नगर निवासी अमरेंद्र मल्ल ने उच्चाधिकारियो को लिखे शिकायती पत्र मे कहा है कि स्थानीय कस्तूरबा विद्यालय मे चौदह लाख रुपय की लागत से एक कंप्यूटर कक्ष का निर्माण चल रहा है जो मानकविहीन है। कक्ष सेम ईंट सफ़ेद बालू और कम सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है।शिकायतकर्ता ने कक्ष निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुये कहा है कि इस निर्माण मे जो भी दोषी पाया जाता है इसके खिलाफ कठोर कार्यवाई किया जाय।

# गोविंद साहब मेले से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी

❖ दो दर्जन से अधिक लोग घायल 16 लोग जिला अस्पताल रेफर, 11 की हालत गंभीर

**पायनियर संवाददाता। (अतरौलिया) आजमगढ़**



स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच 233 पर सिकंदरपुर चौराहे के समीप गुरुवार की सुबह लगभग 11:00 बजे एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें गोविंद साहब मेले से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। पिकअप में सवार लगभग दो दर्जन से अधिक महिला,पुरुष व बच्चे घायल हुए। लोगों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग तत्काल वहां पहुंच गए, और घायलों की मदद करने लगे। सूचना मिलते ही तत्काल वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन सिंह अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों की मदद में जुट गए ।घायलों को नजदीकी 100 सैया अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं अस्पताल में इतने अधिक संख्या में घायलों के पहुंचते ही अफ़रा तफरी मच गई और डॉक्टर स्टाफ नर्स की टीम तत्काल लोगों के बेहतर इलाज के लिए जुट गई ।

जानकारी के अनुसार सभी घायल देवरिया जनपद के रुद्रपुर छितई बाजार (भोजपुरिया टोला) के रहने वाले हैं जो अंबेडकर नगर जनपद के गोविंद साहब मेले में जाने के लिए गांव से ही पिकअप करके दर्शन करने आए हुए थे, बृहस्पतिवार सुबह लगभग 11:00 बजे दर्शन कर वापस घर जा रहे थे की थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और पिकअप में सवार लगभग 30 लोग घायल हो गए। आनन फानन में सभी लोगों को स्थानीय 100 शैय्या अस्पताल लाया गया जहां सभी घायलों का प्राथमिक इलाज करते हुए 16 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जिसमें 11 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वही 14 लोगों का इलाज अस्पताल में ही चल रहा है। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी बुढ़नपुर अभय राज पांडे राजस्व टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों का हाल जाना। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सभी लोग देवरिया जनपद के निवासी हैं जो गोविंद साहब मेले में दर्शन करने आए थे उनकी गाड़ी सिकंदरपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट गई, लोगों का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा ने बताया कि सभी दर्शनार्थि गोविंद साहब मेले से दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे की सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। लोगों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया जहां हमारे स्वास्थ्य टीम ने तत्परता से लोगों का इलाज किया । जिसमें 16 लोगों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है 11 लोगों की हालत गंभीर है, वही 14 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

**अस्पताल में स्टाफ नर्स व डॉक्टर के कार्य से प्रभावित लोगों ने की सराहना :** जैसे ही दुर्घटना में घायल लगभग 30 की संख्या में लोग अस्पताल में पहुंचते हैं घायलों की संख्या देखकर अस्पताल में अफ़रा तफरी मच गई। तत्काल सभी डॉक्टरो व स्टाफ नर्स लोगो के इलाज में जुट गए ।स्वास्थ्य टीम की इस तत्परता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां डॉक्टरों की कमी तो है लेकिन लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है। स्वास्थ्य अधीक्षक दिनेश प्रसाद सिन्हा ने बताया कि अस्पताल में जितने भी डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ तैनात है सभी लोग मिलकर आज आपात स्थिति से निपटने का काम किया और मरीजो का बेहतर इलाज किया। यहां पर कुल 32 डॉक्टर का पद खाली है अगर डॉक्टर की कमी को पूरा कर दिया जाता तो लोगों को और बेहतर इलाज मिलते और जिला चिकित्सालय नहीं भेजना पड़ता है। इसके लिए शासन को पत्र भेजा गया है।

**दुर्घटना में घायल हुए लोगों के नाम**

1.हरिश्चंद्र पुत्र पलक धारी 42 वर्ष, 2. सुनीता पत्नी अनिल 30 वर्ष , 3. बासमती पत्नी हरिश्चंद्र 40 वर्ष 4. किन्नू पुत्र रामनाथ 45 वर्ष 5. चंद्रावती पत्नी योगेंद्र 40 वर्ष 6. जोनिया देवी पत्नी रामआसरे 58 वर्ष। 7. अनिल निषाद पुत्र बेचन 35 वर्ष। 8. सालती पत्नी सरदार 40 वर्ष 9. लालमति पत्नी मेवा लाल 40 वर्ष 10. किरन पत्नी किन्नू निषाद 40 वर्ष 11. शारदा निषाद पत्नी कोदई 55 वर्ष। 12. आयन्स पुत्र अनिल 3 वर्ष 13. प्रवीन पुत्र मेवालाल 22 वर्ष 14. शिवा निषाद पुत्र गोविंद 12 वर्ष 15. तमन्ना निषाद पुत्री गोविंद 11 वर्ष 16. अंशिका निषाद पुत्री अरविंद 13 वर्ष 17. सरदार निषाद पुत्र कोदई 55 वर्ष 18. प्रीति पुत्री प्रेम 12 वर्ष 19. महिमा पुत्री गुड्डू 12 वर्ष 20. सावित्री पत्नी राजमंगल 60 वर्ष 21. खुशी निषाद पुत्री गुड्डू 14 वर्ष 22. अंशिका पुत्री अरविंद 11 वर्ष 23. रितिका पुत्री गुड्डू 11 वर्ष 24. प्रिया पुत्री प्रेम 13 वर्ष 25. अंजलि पत्नी गुड्डू 45 26. रागनी पुत्री राज मंगल 12 वर्ष 27. बुद्धू पुत्र लाल बिहारी 30 वर्ष 28 प्रिंस पुत्र सरदार 10 वर्ष 39. सोनम पुत्री सरदार 16 वर्ष 30. पिंटू पुत्री सरदार 12 वर्ष।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु मोटर साइकिल रैली का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर



चन्द्रोदय कुमार, जनपद न्यायाधीश , अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा 13 दिसम्बर को जनपद अम्बेडकरनगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आज 11 दिसंबर को मोटर साइकिल रैली एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन एवं ई-रिक्शा को जनपद न्यायालय परिसर अम्बेडकरनगर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री राम बिलास सिंह, विशेष न्यायाधीश, एस०सी०/एस०टी० अधिनियम, श्री मोहन कुमार, विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम / नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, श्री परविन्द कुमार, अपर जिला जज, त्वरित प्रथम, श्री भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज ,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर, श्रीमती सुधा यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती शिखा यादव, सिविल जज सी०डि०, श्री शैलेष कुमार मौर्य, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री गार्गी, अपर सिविल जज-सी०डि०,50 सी०जे०एम०, डा० धर्मेन्द्र यादव, सिविल जज सी०डि० (त्वरित) श्रीमती मेघा चौधरी, सिविल जज जू०डि०, रोहित शाही, सिविल जज जू०डि० त्वरित, श्री राजन राठी, सिविल जज जू०डि० त्वरित, श्री अभिषेक सिंह, सिविल जज, जू०डि०जे०एम० टाण्डा एवं नितीश कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर विनय वर्मा, जिला सूचना अधिकारी एवं जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के कर्मचारीगण, एल०ए०डी०सी०एस० के अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर के कर्मचारी, पी०एल०वी०, पुलिस कर्मचारी, पत्रकारगण आदि उपस्थित रहे।

मोटर साइकिल रैली में जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के कर्मचारीगण, पुलिसकर्मी एवं पराविधिक स्वंय सेवकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों द्वारा हाथों में राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ सम्बन्ध में लिखे स्लोगन वाली तख्तियों, पोस्टर, पैम्फलेट बैनर आदि के माध्यम से आमजन को संदेश दिया।

मोटर साइकिल रैली एवं प्रचार वाहन द्वारा जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर परिसर से होते पटेल नगर तिराहा, बस स्टेशन अकबरपुर, पुरानी तहसील, मालीपुर रोड, बाईपास होते हुये बसखारी रोड से कलेक्ट्रट जिला अस्पताल आदि प्रमुख स्थानों पर प्रचार-प्रसार किया गया। चन्द्रोदय कुमार, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा बताया गया कि दिनांक 13.12.2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर अम्बेडकरनगर, पारिवारिक न्यायालय, ग्राम न्यायालय, आलापुर, जलालपुर, भीटी, जनपद की समस्त तहसील, उपभोक्ता फोरम एवं अन्य विभागों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक एवं पारिवारिक वाद, सर्विस मैटर्स, मोटर दुर्घटना अधिनियम, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरग वाद, आरबीट्रेशन वाद, आपदा राहत वाद, आयकर वाद, यातायात चालानी वाद, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा 138 एन०आई० एक्ट तथा बैंक रिकवरी, बी०एस०एन०एल, भू राजस्व अधिनियम, विद्युत एवं जल बिलों से सम्बन्धित वाद एवं ऐसे अन्य समस्त वादों का निस्तारण किया जायेगा तथा दिनांक 10 दिसम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर एवं सभी ग्राम न्यायालयों में पेट्टी आफेंस (आपराधिक वादों) की विशेष लोक अदालत एवं दिनांक 11 दिसम्बर 2025 से 13 दिसम्बर 2025 तक एन०आई०एक्ट० की धारा 138 एवं कटेंशस मामलों की विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है।

# टांडा तहसील के नायब नाजिर निलंबित, विभागीय जांच शुरू

पायनियर संवाददाता। टांडा अम्बेडकरनगर

टांडा तहसील में शासकीय कार्यों में लापरवाही, पत्रावलियों को समय से प्रस्तुत न करने तथा कार्य व्यवहार को लेकर लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने नायब नाजिर हीरा लाल को निलंबित कर दिया है। निलंबन के साथ ही विभागीय जांच की जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी अकबरपुर को सौंपी गई है। निलंबन अवधि में हीरा लाल को भीटी तहसील से संबद्ध किया गया है, जहां से प्रतिदिन की हाजिरी व किसी प्रकार के निजी कार्य में संलिप्त न होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

जानकारी के अनुसार, हीरा लाल लंबे समय से टांडा तहसील में तैनात थे। पहले वे अहलमद माल पद पर कार्यरत थे, जिसके बाद प्रोन्नति पाकर नायब नाजिर बने। उनके कार्य व्यवहार को लेकर कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आम लोगों द्वारा लगातार शिकायतें जिलाधिकारी तक पहुंच रही थीं। पटल की जांच में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं शिकायतों में यह भी सामने आया कि मृतक कर्मचारियों की पत्रावलियों एवं मुकदमों से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को उच्च अधिकारियों द्वारा मांगने के बाद भी समय से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा था। यही नहीं, नायब नाजिर होने के साथ वे अहलमद माल का कार्य भी देख रहे थे। उनका कार्य प्रदर्शन खराब होने पर चार माह पहले ही अहलमद माल का दायित्व एक संग्रह अमीन को सौंप दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी उनके कार्य व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। तहसीलदार और एसडीएम द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

# धान खरीद को लेकर भारी अनियमितता

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर

धान खरीद के नाम पर किसानों के साथ फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जिले में धान बेचने को लेकर किसान दर-दर भटकते हैं। उनकी धान को खरीदने वाले कोई नहीं लेकिन फाइलों में दिखाई गई धान खरीद की लंबी चौड़ी लिस्ट उनके लिए परेशानी बन गई है। किसानों की परेशानी एक सबब बना हुआ है।




जिले में धान खरीद में बड़े पैमाने पर फ़र्ज़ीवाडा सामने आया है। किसान ने पीसीएफ एवं यूपीएसएस के खरीद सेंटर पर बिचौलियों के द्वारा धान खरीद का गंभीर आरोप लगाया है।

मौजूदा समय में जनपद में सुचारू रूप से धान खरीद का दावा विभाग ने किया है। खाद्य एवं वितरण विभाग से मिले आकड़ो के मुताबिक गुरुवार तक PCF के क्रय केंद्र 2111 किसानों से 8083 मीट्रिक टन, FCS ने 3788 किसानों से 17751.1 मीट्रिक टन,क्रय एजेंसी यूपीएसएस ने 366 किसानों से 441.16 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। किसान की सहूलियत के लिए सरकार ने PCF ने 38 एवं वढरर के 12 सेंटर जिले में स्थापित कराये हैं। लेकिन यह सेंटर बिना खुले ही धान खरीद पूरी कर ले रहे हैं। जिले के पीसीएफ के क्रय केंद्र मूसेपुर कला, अलऊपुर, अन्नावा, असाइतपुर कला, खझुरी करौंदी, अरई, बड़ागांव, बसाहिया गंगासागर, मालीपुर, रेवई,सहकारी संघ जलालपुर और यूपीएसएस के क्रय केंद्र सहकारी संघ तेंदुआ, बरियावन, बसाहिया बसखारी पर मिलरों और बाहर के किसानों के धान कागजो में तौल कर कोरम को पूरा कर रहे हैं,जबकि क्रय केंद्रों पर धान की आवक एक्का दुक्का किसानों तक ही सीमित है। किसान दीपक,हरिशंकर, अजय, गिरधारी आदि का कहना है कि वह क्रय केंद्र पर पिछले महीने से चक्कर लगा रहे थे लेकिन केंद्र प्रभारी दस दिन बाद आना कह कर लौटा देते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 40 दिन में धान तौला गया लेकिन कागजों में कई कुंतल तक दिखाया गया। डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ ने बताया कि धान खरीद में अनियमितता की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# भीटी और कटेहरी में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता। अम्बेडकर नगर।



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में विधायक निधि कटेहरी विधानसभा तथा विकासखंड भीटी एवं कटेहरी में 50 लाख रुपए से अधिक लागत मूल्य के निर्माण कार्यों (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, यूपी सिडको, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन समय पर करें और निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करें। इसके अलावा जिलाधिकारी ने पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे दरवन झील के संपर्क मार्ग के निर्माण एवं उसमें स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने अन्नपुर्णा भवनों के निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने के दिए निर्देश

**पायनियर, अम्बेडकरनगर**। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बनाए जाने वाले 32 अन्नपुर्णा भवनों के निर्माण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव, जिला पूर्ति अधिकारी एवं सभी संबंधित पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों को निर्देशित किया कि अन्नपुर्णा भवन का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए और इसे 28 फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर अन्नपुर्णा भवन के निर्माण के लिए भूमि से संबंधित कोई समस्या है, वहां संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा तुरंत उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी निर्माणकार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 को

**पायनियर, जौनपुर**। पी0एम0 श्री0 जवाहर नवोदय विद्यालय, मडियॉहू, जौनपुर के प्राचार्य मुदित सक्सेना ने अवगत कराया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 कक्षा 6 जनपद जौनपुर के 10 विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 13 दिसम्बर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक होना सुनिश्चित है, जिसमें जनपद के 6573 अभ्यर्थी प्रतिभागी हैं। प्रतिभागियों को अपने साथ, एक मान्य पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### डिजिटल साक्षरता शिक्षा कमी को दूर करने का प्रयास

**पायनियर, जौनपुर**। एक देशव्यापी उपभोक्ता शिक्षा प्रोग्राम शुरू किया है। यह स्कूलों में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को विज्ञापनों को समझने की शिक्षा देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य भारत के कई शहरों में पंद्रह से अठारह महीनों में बच्चों में विज्ञापनों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। एएससीआई एके-डमी के नेतृत्व में, यह कार्यक्रम दो हजार छब्बीस के अंत तक पूरे देश के दो हजार स्कूलों में कक्षा सत्रों के जरिए दस लाख छात्रों तक पहुंचेगा। एएससीआई की जनरल सेक्रेटरी मनीषा कपूर ने कहा आज के बच्चे विज्ञापन ऐसे तरीकों से देखते हैं जो पुरानी पीढ़ियों से बिल्कुल अलग हैं। उनके पास विज्ञापन को समझने और उनसे निपटने के लिए मजबूत सोच की कमी हैं। एएससीआई बच्चों पर खासतौर से फोकस कर रहा है, इसलिए हम बच्चों, माता-पिता और टीचर्स को विज्ञापन के असर को गहराई से समझने और जांचने के लिए तैयार कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार घटनाएं को रोकने का प्रयास

**पायनियर, जौनपुर**। लगातार बढ़ता तनाव, तेज रफ्तार घटनाएं और दिल थाम लेने वाले पल देखने मिलेंगे नए प्रोमो में दिखाया गया है कि किस तरह एक भयंकर आग की घटना स्नेहा अमनदीप सिद्धू और सिद्धू शीज़ान खान के रिश्ते की दिशा हमेशा के लिए बदल देती है। ज़ी टीवी का शो 'गंगा माई की बेटियां' एक ऐसा एपिसोड लेकर आ रहा है जब सिद्धू अपनी जान की परवाह किए बिना स्नेहा और उसके परिवार को बचाने के लिए आग में कूद पड़ता है, जिससे दर्शक भी सन्न रह जाते हैं। इसके बाद आया बाइक वाला हिस्सा। सेट पर सभी को भरोसा था कि मैं इसे कर लूंगा। उन्होंने मुझसे बाइक को स्किड करने को कहा, जो प्रोमो में भी दिखाई देता है। यह स्टंट मैंने खुद किया।

# जाम और सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने 10 दिसंबर को अपराह्न में कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों,प्रधानाचार्यों के साथ नगर क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी ने जनपद से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों एवं स्टेट हाईवे पर स्थित अवैध कटों को तीन दिनों में अभियान चलाकर बंद कराने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही पुलिस अधीक्षक ने बंद किए गए अवैध कटों को पुनः खोलने अथवा नए अवैध कट बनाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारीद्वय ने बसखारी बाईपास एवं एनएच-233 के जंक्शन पर नियमानुसार कट विकसित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जहां-जहां विभागीय मार्ग राष्ट्रीय राजमार्गों से मिलते हैं, वहां आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं एवं उन सभी जक्शनो को आवश्यकतानुसार सुधारकर स्मूथ किया जाए। सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना रोकथाम हेतु साइन बोर्ड, रम्बर स्ट्रिप,पीली पट्टी सहित सभी रोड सेफ्टी फर्नीचर तत्काल लगाए जाएं। विद्यालयों के सामने स्थित मार्गों पर बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर अथवा रम्बर स्ट्रिप लगाए जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। साथ ही एआरटीओ को 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच, ओवरलोडिंग की रोकथाम तथा ड्राइवर-खलासी के नाम व मोबाइल नंबर वाहन के बाहर प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर शहरी क्षेत्र में विद्यालयों के खुलने एवं छुट्टी के समय लगने वाले जाम की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के टाइम टेबल में परिवर्तन कर विद्यालयों के खुलने व बंद होने के समय को अलग-अलग निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को यह भी सुनिश्चित करने हेतु कहा कि कोई भी छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाए; ऐसे प्रकरणों की सूचना तत्काल अभिभावकों को दी जाए तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों से अपेक्षा की कि समय परिवर्तन संबंधी जानकारी तुरंत सभी छात्रों एवं अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, जिससे यातायात सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त गन्ना की ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड,निर्माण खंड, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में दो पक्ष आमने-सामने चार घायल, दो की हालत गंभीर

- महिलाओं पर हमले से ग्रामीणों में रोष, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता। हजपुरा, अम्बेडकरनगर

इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सलोना घाट में बुधवार को जमीन को लेकर चल रहा विवाद अचानक हिंसक भिड़ंत में बदल गया। बांस कटाई को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला हो गया। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़ित विनोद मांझी के अनुसार उनकी भूमि पर लगे बांस को बिना अनुमति काटा जा रहा था। जानकारी मिलते ही वे अपनी पत्नी संगीता, रजनी पत्नी प्रमोद और बेटी शालिनी के साथ मौके पर पहुंचे और इसका विरोध किया। इसी दौरान विवाद बढ़ा और आरोपी पक्ष के खदेरू मांझी, अमित मांझी, रेखा और दिलीप यादव ने गाली-गलौज करते हुए चारों पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में शालिनी और रजनी को प्राथमिक उपचार के लिए उळउ टांडा ले जाया गया, जबकि विनोद और संगीता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस को तहरीर, लेकिन गिरफ्तारी नहीं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने इब्राहिमपुर थाने में तहरीर देकर हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाने की ओर से बताया गया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, परंतु खबर लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# समय से परीक्षा परिणाम घोषित करना पीयू की प्राथमिकता: कुलपति

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाबा साहब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बृहस्पतिवार को विधिवत पूजन के उपरांत प्रारंभ कराया। कुलपति ने कहा कि समय से मूल्यांकन कराकर तय समय में परीक्षा परिणाम घोषित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वाह्य परीक्षक को समय से बुलाकर तय समयसीमा में मूल्यांकन करा लें।

कुलपति प्रो. सिंह ने डा. पूनम सोनकर, डॉ. सौरभ सिंह को मूल्यांकन हेतु उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का समय पर सुचितापूर्ण मूल्यांकन करें।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने राजभवन एवं उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में समर्थ पोर्टल का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु समन्वयक मूल्यांकन डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह एवं मूल्यांकन समिति डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ सौरभ वी कुमार, डॉ अशोक यादव एवं डॉ सत्यम उपाध्याय को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

### व्यवहार में सकारात्मक बदलाव भी आज आवश्यक

**प्रयागराज**। प्लेटफार्म पर युवा खरीदारों की सक्रियता, प्रमुख कैटेगरी में मजबूत मांग और दोबारा खरीदारी करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या ने उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक बदलाव को दर्शाया। फ्लिपकार्ट का हाइपर वैल्यू प्लेटफॉर्म शॉप्सी ने त्योहारी सीजन में उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया। जिससे प्लेटफार्म की गहरी पहुंच और बढ़ता उपभोक्ता भरोसा स्पष्ट होता है।

# समाजसेवी मनप्रीत माघमेला में शुरू करेंगी भण्डारा

**पायनियर, प्रयागराज** । मां सीता रसोई की निदेशक मनप्रीत कौर की ओर से माघमेला क्षेत्र में पहली बार कई सेक्टरों में विशाल भण्डारा इस बार चलाया जाएगा। जहां हजारों श्रद्धालुओं को दिन रात चाय, नाश्ता, खाना और गर्म कपड़े मिलेंगे। मां सीता रसोई की निदेशक मनप्रीत कौर की ओर से माघमेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पहली बार नाश्ता और खाने की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने जा रही है। वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर इसके पूर्व कई वर्षों से अयोध्या में सीता मां की रसोई, वृन्दावन में कई स्थानों पर विशाल भण्डारा चला रही हैं। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व तीर्थराज प्रयागराज के महाकुम्भ में कई स्थानों पर विशाल भण्डारा दिन, रात चलाकर लाखों श्रद्धालुओं को चाय, नाश्ता, खाना और गर्म कपड़े का वितरण किया जा चुका है। मनप्रीत कौर ने बताया कि त्रैम्बकेश्वर नासिक कुंभ, हरिद्वार कुंभ और सिंहस्थ महाकुम्भ उज्जैन में भी विशाल भण्डारा चलाने की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। जिससे कि अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को चाय, नाश्ता, खाना और गर्म कपडे मिल सके।



# सीएम ने राज्य मंत्री गिरीश यादव के पिता के चित्र पर अर्पित की श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता। जौनपुर

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, श्री गिरीश चन्द्र यादव के गांव पनियरियां में पहुंचकर उनके स्वर्गीय पिताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री जी ने राज्यमंत्री की माता जी से भी भेंट कर उनका कुशल-क्षेम जाना और सांत्वना दी।

इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्रदेव सिंह, मनोरमामौर्य0पत्नी डॉ0 रामसूरत मौर्य अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर, पूर्व विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह, बाकेंलाल सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### 15 से 20 दिसम्बर के बीच शिविर लगाने को आवंटित होगी जमीन

**प्रयागराज**। माघमेला प्रशासन ने तीर्थ पुरोहितों और अन्य संस्थाओं को जमीन आवंटन का शेड्यूल जारी कर दिया है। मेलाधिकारी ऋषिराज ने बताया कि 15 दिसंबर से 20 दिसम्बर के बीच विभिन्न सेक्टरों में मेला प्रशासन जमीन का आवंटन करेगा। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को अरैल, नागवासुकी मार्ग, हरिश्चंद्र मार्ग पर बसने वाली संस्थाओं को जमीन आवंटित की जाएगी।

मेलाधिकारी ऋषिराज ने बताया कि 16 दिसंबर को प्रयागवाल यानि तीर्थ पुरोहितों को जमीन का आवंटन किया जाएगा। 16 दिसंबर को गंगोली शिवाला मार्ग, ओल्ड जीटी मार्ग, अलोप संकरी मार्ग और तुलसी मार्ग पर बसने वाली संस्थाओं को जमीन का आवंटन होगा।

उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को सामियामाई मार्ग, सूरदास मार्ग, गणपति मार्ग और कबीर नगर में जमीन का आवंटन होगा।

# राष्ट्र विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकेगी वंदे मातरम गीत: महापौर

- देश के अंदर बाबरी मस्जिद बनाना जिहादी मानसिकता का प्रतीक, जो स्वीकार नहीं : गणेश

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



जय शिवसेना उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम गीत जन जागरण पद यात्रा मुट्ठीगंज से निकाली गई। इस अवसर पर पद यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने किया। उन्होंने कहा कि

वंदे मातरम गीत सिर्फ गीत नहीं है, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है। जिसे गाकर देश के क्रांतिकारियों ने और महापुरुषों ने मां भारती को गुलामी के जंजीरों से मुक्त कराया और कहा कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने अपनी वोट बैंक के खातिर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ काट छांट करने का पाप किया है। यही कारण है कि आज भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सदन के अंदर और बाहर वंदे मातरम गीत का अपमान करते हैं। जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वंदे मातरम गीत राष्ट्र भक्ति का ऐसा ज्वर बनेगा जो राष्ट्र विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जय शिवसेना उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर एवं कार्यक्रम के संयोजक एवं जय शिवसेना के प्रांतीय महामंत्री राजेश केसरवानी ने कहा कि देश के अंदर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का अपमान करने वाले जो संवैधानिक पदों पर जो बैठे हैं, उन्हें मुक्त किया जाए और अब भारत की धरती बाबरी मस्जिद को स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि यह जिहादी मानसिकता का प्रतीक है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस अवसर विवेक अग्रवाल, सुनील केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, पतविंदर सिंह ने कहा वन्दे मातरम गीत राष्ट्र भक्ति की जागृत करने वाला महामंत्र है।

# डॉ. संजय कुमार राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा सम्मान से हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सेंट्रल हॉस्पिटल में वरिष्ठ सर्जन के रूप में पदस्थ प्रसिद्ध सर्जन डॉ संजय कुमार को राष्ट्रीय चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मान मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस दस दिसम्बर के अवसर पर पब्लिक सर्वे ग्रुप ऑफ इंडिया के माध्यम से किए गए जनमत सर्वेक्षण के आधार पर प्रदान किया गया है। जिसे भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में मान्यता दी है। यह सम्मान नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री जिवेश कुमार बिहार सरकार राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह तथा फिल्म इंडस्ट्री के विख्यात अभिनेता चंकी पांडे की उपस्थिति रही। रेलवे सर्जन डॉ संजय कुमार को देश भर के निजी और सरकारी संस्थानों में कार्यरत लगभग तीस डॉक्टरों के बीच से चुना गया और यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ संजय कुमार को भारतीय रेलवे में सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, कोविड 19 महामारी के दौरान उनके अद्वितीय योगदान तथा गरीब और वंचित मरीजों के प्रति उनके संवेदनशील, मानवीय और समर्पित दृष्टिकोण के लिए यह सम्मान दिया गया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



एसआईआर

# अफरा-तफरी को लेकर चुनाव आयोग हुआ गंभीर

लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष बनी रहनी चाहिए और साथ में इसके लिए मतदाताओं की विश्वसनीयता भी उतनी जरूरी है। ऐसा इसलिए कि चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी निर्णायक और अहम होती है। इस प्रक्रिया को लेकर हंगामा मचा हुआ है और प्रक्रिया की तेजी से कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं। नतीजा यह है कि निचले स्तर पर भारी दबाव दबाव इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर पड़ रहा है। कई बूथ स्तरीय अधिकारियों में अफरा-तफरी है और तनाव भी घर कर गया है। इनका कार्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना है। पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों में कम समय में अधिक काम के दबाव के चलते कुछ बीएलओ के मरने व आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों द्वारा भी उन्हें परेशान किए जाने का आरोप है। हालांकि, इस अव्यवस्था के चलते ही चुनाव आयोग ने अब एसआईआर के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया है। लेकिन कहना कठिन है कि इस कदम से बीएलओ का तनाव कम करने या विभिन्न हितधारकों की आशंकाओं को दूर करने में कोई खास मदद मिल सकेगी। कहा जा रहा है कि एक माह पहले शुरू हुई राष्ट्रव्यापी एसआईआर प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। इस प्रक्रिया में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो तकरीबन भारतीय आबादी का एक-तिहाई से भी ज्यादा। उनकी शिनाख्त से जुड़ी जानकारी को एक निश्चित समय सीमा में प्रमाणित कर पाना आसान नहीं है। कहा जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। तीन महीने की अवधि में गणना प्रपत्रों का वितरण, उसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन और फिर अंतिम मतदाता सूची जारी करना आसान काम नहीं है। बहुत तेजी से काम को अंजाम देने का जिम्मा अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों के लिए यह प्रक्रि या बेहद जरूरी है। ऐसे में अहम सवाल है कि आनन-फानन प्रक्रि या की खानापूर्ति नही हो सकती। इसके लिए इतना समय चाहिए कि उचित ढंग से अभियान को पूरा किया जा सके। यही बात बीएलओ के लिए भी लागू होती है, ताकि वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव वाले मतदाताओं का डेटा संकलित करने के लिए बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ मिलकर सुचारु रूप से काम कर सकें। यदि एसआईआर की प्रक्रिया किसी विवाद में उलझी रहती है तो इस अभियान का उद्देश्य ही विफल हो सकता है। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया के घटनाक्रमों से मिले सबक को अन्य राज्यों में इस प्रक्रिया के दौरान याद रखा जाना चाहिए। निस्संदेह, स्तरहीन व संदिग्ध एसआईआर हमारे चुनावी लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचा सकता है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों तथा अंडमान-निकोबार, लक्ष्यद्वीप व पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों में जारी है। अधिकारियों का आरोप है कि अतिरिक्त कार्य-दबाव का उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। वहीं चुनाव आयोग का आरोप है कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रक्रिया की निष्पक्षता व पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। वैसे यदि वास्तव में बीएलओ पर अतिरिक्त दबाव है तो चुनाव आयोग को इस मुद्दे का समाधान संवेदनशील ढंग से करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर मतदाता पहचान से जुड़े प्रमाणपत्रों को जुटाने में आ रही परेशानियों के चलते लोग भी बीएलओ पर दबाव बनाते हैं। कई राज्यों में बीएलओ संगठनों ने प्रदर्शन करके अधिक समय दिए जाने की मांग भी की है। अंततः मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए समयसीमा बढ़ा दी है।

# यूपी में अवैध घुसपैठ पर कड़ा प्रहार

**कांतिलाल मांडोत**

उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या लंबे समय से आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मानना है कि अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने वाले लोगों की उपस्थिति न सिर्फ सुरक्षा जोखिम बढ़ाती है, बल्कि कई बार अपराध, जालसाजी, फर्जी पहचान और संसाधनों पर असमान दबाव जैसे खतरे भी उत्पन्न करती है। इसी वजह से प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा यह अभियान निर्णायक कदम माना जा रहा है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियां क्यों चिंता का विषय है?पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। कई बार ये लोग फर्जी कागज़ात के सहारे नागरिक सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में आश्रय भी बना लेते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने पहले भी रिपोर्ट दी है कि विभिन्न मामलों में अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में उनका सत्यापन बेहद आवश्यक हो गया है। सरकार का निर्णय सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के व्यापक उद्देश्य से जुड़ा है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी। इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल घुसपैठ पर रोक लगाना है, बल्कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को नए स्तर पर मजबूत करना भी है। सफाईकर्मी के रूप में संदिग्ध पहचान एक महत्वपूर्ण कारण है। नगर निकायों के पास मौजूद रिकॉर्ड के अनुसार, बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों की नियुक्ति पिछले वर्षों में ठेके के माध्यम से हुई है। कई बार ठेका एजेंसियां श्रमिकों के कागजात की गहराई से जांच नहीं करतीं, जिसके चलते कुछ संदिग्ध लोग भी सफाईकर्मी के रूप में नौकरी पा जाते हैं। क्योंकि सफाईकर्मी शहर के हर इलाके में आते-जाते हैं और कई महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंच रखते हैं, इसलिए सुरक्षा एजेंसियों ने इस श्रेणी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई है।

आगरा में अभियान की शुरुआत 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन किया जा रहा है। आगरा नगर निगम ने इस सरकारी निर्देश पर सबसे तेज़ कार्रवाई करते हुए 5000 से अधिक सफाईकर्मियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्येक सफाईकर्मी का पूरा डेटा, फोटो सहित, पुलिस को सौंपा गया है। स्थानीय थानों में विशेष टीमें बनाई गई हैं जो 15 दिनों में सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेंगी। जिन लोगों के दस्तावेजों में असंगतियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कदम न सिर्फ सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है, बल्कि शहर की प्रशासनिक पारदर्शिता को भी मजबूत करेगा। 17 नगर निकायों में एक साथ अभियान का विस्तारकिया गया है। सरकार ने जिन 17 निकायों को निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है। उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो। सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। जहां भी संदेह हो, पुलिस व स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से निर्णय लें। सरकार ने प्रत्येक निकाय को 15 दिन की समयसीमा दी है ताकि कार्रवाई तेज़ी से और प्रभावी तरीके से पूरी हो सके। अभियान के माध्यम से मिलने वाले व्यापक लाभ को गौण नही समझा जा सकता है।

**आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी**

अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा। नगर निकायों की कार्यप्रणाली पारदर्शी बनेगी। सभी कर्मचारियों का प्रामाणिक डेटा तैयार होने से भविष्य में फर्जी नियुक्तियों और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी। कानून-व्यवस्था में सुधार जिन शहरों में अवैध प्रवासी अधिक संख्या में रहते हैं, वहां अपराधों में अचानक वृद्धि देखी जाती है। सत्यापन से यह प्रभाव कम होगा। राष्ट्रीय हित और सुरक्षा को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों के अनुरूप है, जहां देश की सीमाओं के भीतर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान स्पष्ट और प्रमाणित होनी चाहिए। स्थानीय समाज में विश्वास बढ़ेगा। नागरिकों को यह भरोसा मिलेगा कि सरकार उनके हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चुनौतियां भी कम नहीं है। हालांकि सरकार के इस कदम की व्यापक सराहना हो रही है, लेकिन चुनौतीपूर्ण पहलू भी मौजूद हैं।

कई अवैध घुसपैठिए फर्जी पहचान पत्र बना चुके हैं। कई लोग ठेका एजेंसियों के माध्यम से वर्षों से कार्यरत हैं, जिससे उनकी जांच और कठिन हो जाती है। सत्यापन के दौरान राजनीतिक और सामाजिक दबाव भी सामने आ सकते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद सरकार का रुख साफ है। कानून व्यवस्था सर्वोपरि, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ शुरू किया गया यह तेज़ और व्यापक अभियान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को एक नए स्तर पर मजबूत करने वाला कदम है। अवैध घुसपैठ लंबे समय से देश की एक गंभीर समस्या रही है, जिसका समाधान तभी संभव है जब राज्य स्तर पर ठोस और नियमित सत्यापन की व्यवस्था हो। सफाईकर्मियों से लेकर अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों तक, हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करना न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्रीय हित में भी है। आगरा में 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन इसका प्रारंभिक नमूना है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में माहौल अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित होगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का राज ही सर्वोच्च रहेगा।

# बंगाल में उभरते हिंदू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**ललित गर्ग**

**पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। ''गजवा हिंद'' के प्रलापों के प्रतिकार में ''भगवा हिंद'' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि ''यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी'' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।



इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि ''राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा'' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा। इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है। फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है। न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है।

## आप की बात

### एसआईआर की तारीख बढ़ाने का फैसला स्वागतयोग्य

एसआईआर की तारीख बढ़ाने का भारत निर्वाचन आयोग का फैसला काबिलेतारीफ है क्यों कि अभी भी बहुत से मतदाता ऐसे है जिनके एसआईआर फार्म भर नहीं पाए है या फिर किसी कारणवश वह अपने आवास पर नहीं हैं। बीएलओ की मेहनत रंग ला रही है। धीरे-धीरे एसआईआर का कार्य पूरा हो रहा है। कुछ लोग ही शेष है जिनका भी फार्म जल्द ही भर जाएगा। इसमें बीएलओ की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। बीएलओ ने पूरी ईमानदारी के साथ वार्डों के पार्षदों या फिर जिम्मेदार नागरिक के साथ आवासों पर पहुंच कर पहले फार्म का वितरण फिर एक-एक फार्म को एकत्रित करने का सफल प्रयास किया है। आयोग के इस फैसले ने जहां प्रक्रि या को लेकर संदेह था उसे सुधारने का प्रयास किया है।

**अजय पाल, मोहनलाल गंज**

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को एक अत्याधुनिक और डिजिटल-फर्स्ट अनुभव प्रदान करने जा रहा है। हर यात्री को एक तनावमुक्त, सुगम और अत्याधुनिक यात्रा अनुभव मिले। यह एयरपोर्ट भविष्य की यात्रा जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जहां तकनीक यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। एयरपोर्ट पर ऐसी आधुनिक तकनीकें लगाई जा रही हैं, जो यात्रा को तेज और सहज बनाएंगी। यात्री स्वयं ही सेल्फ बैग-ड्रॉप मशीनों के माध्यम से अपना सामान जमा कर सकेंगे, जिससे लंबी कतारों में लगने की जरूरत कम होगी। इसी तरह सेल्फ बोर्डिंग गेट्स के जरिए बोर्डिंग प्रक्रिया और अधिक तेज़ और सुविधाजनक की जा रही है। एयरपोर्ट के सभी गेट डिगी यात्रा सुविधा से लैस होंगे, जिसमें बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के माध्यम से यात्रियों को बिना किसी दस्तावेज दिखाए तेजी से प्रवेश और बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी।

**राहुल सिंह, गाजियाबाद**

### ट्रैफिक पुलिस ने बढ़ा दी शहर की रफ्तार

शहर के प्रमुख चौराहा हजरतगंज, राजङ्गवन, वायरलेस चौराहा और आईटी कॉलेज चौराहे के पास लगने वाले लंबा-लंबा जाम से ट्रैफिक पुलिस अफसरों ने अब निजात दिला दी है। जहां चौराहों पर आधा-आधा घंटा आगे बढ़ने के लिए इंतजार करना पड़ता था, अब वहां फर्राटा ङ्गारते हुए वाहन जा रहे है। इसके लिए ट्रैफिक अफसरों ने एक योजना बनाकर चौराहों पर बैरीकैटिंग करके कुछ दूरी से टर्निंग देकर जाम से निजात दिलाया है। जिसकी अब शहर वासी प्रशंसा कर रहे है। वही अब ट्रैफिक अफसर शहर के कई उन चौराहों को चिन्हित कर रहे हैं जहां लंबा-लंबा जाम अब ङ्गी लगा रहता है।

**जय सैनी फर्नीचर कारोबारी**
**गीतापल्ली लखनऊ**

### रिंग रोड़ से मायापुरी कॉलोनी का सफर हो गया है दुश्वार

रिंग रोड़ से दो किलोमीटर दूर मायापुरी कॉलोनी में लोगों को चलन दूभर हो गया है। जहां हजारों की संख्या में आबादी रहती है। मायापुरी, अतरौली व जहिरापुर में रहने वाले लोग कई वर्षो से परेशानी से जूझ रहे है लेकिन नगर निगम, पार्षद और विधायक अनजान बने हुए है। जरा से बारिश में घुटने तक पानी सड़कों पर ङ्गार जाता है। इलाकों में न नाली, न जल निकास, न प्रकाश की व्यवस्था और न ही सड़क। ऐसी तमाम परेशानी से जूझ रहे इन इलाकों के लोग आए दिन माननीयों के आवास पर जाकर प्रार्थना पत्र देते है लेकिन अङ्गी तक परेशानी से निजात नहीं मिल सकी है।

**संदीप कुमार मैटेरियल कारोबारी**
**मायापुरी कॉलोनी गुडम्बा लखनऊ**

### समस्याओं से पार पाना आसान नहीं पर समाधान तो जरूरी है

तमाम दावों के विपरीत लखनऊ के मुख्य मार्गों को छोड़ दें तो ज्यादातर इलाकों में सड़कों की हालत बिगड़ी तो सुधारने का कोई प्रयास भी नहीं हुआ। कुर्रमनगर के कल्याणपुर इलाके में कालोनियों के अंदर जहां जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं वहीं मरम्मत न होने की दशा में सड़कों की हालत और खराब होती जा रही है। आए दिन दुर्घटनाएं यहां आम हो गई हैं. इस बाबत जब भी पार्षदों से संपर्क की कोशिश की जाती है तो वे उपलब्ध भी नहीं होते। इसके अलावा कई क्षेत्रों में सफाई अभियान भी सरकारी तंत्र को मुंह चिढ़ा रही हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि निचले स्तर पर जवाबदेह बनाने की जरूरत है। त्र्क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की भी जरीरत है। साथ पा,र्दों को लेकर भी जनता में व्याप्त असंतोष का भी हल निकालना होगा ताकि आम आदमी बोवजह की भागादौड़ी से बच सके।

**लल्लन सिंहस लखनऊ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# डीएम का बेदौरा विद्यालय में औचक निरीक्षण, लापरवाह शिक्षकों पर गिरी गाज

❖ मिड-डे-मील व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को विकासखंड परसेण्डी के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे-मील, शिक्षण कार्य, साफ-सफाई व निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाया। मिड-डे-मील की गुणवत्ता पर डीएम सख्त रसोईघर का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने मिड-डे-मील में मिलने वाले मेन्यू की जानकारी ली और खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि रसोइया निर्धारित यूनिफॉर्म में ही काम करें। भोजन सामग्री का स्टॉक एक महीने का अनिवार्य रूप से रखा जाए। और चावल और दाल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने प्रधान को चेतावनी दी कि चावल की गुणवत्ता तत्काल सुधारें और रसोईघर की साफ-सफाई बेहतर की जाए। कक्षाओं में पहुंचे डीएम, बच्चों से की बातचीत डीएम ने कक्षा 2, 5 और 6 के छात्रों से बातचीत करते हुए उन्हें साफ-सफाई और नियमित पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण में रजिस्टर अद्यतन न मिलने व शिक्षण कार्य में ढिलाई पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश। तथा प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी, शिक्षक दीप प्रकाश अग्रवाल और शिक्षिका अर्पणा को लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिया और शिक्षकों को फॉर्मल ड्रेस पहनने का सख्त निर्देश दिया । डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित कियाकिकृविद्यालय परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। शिक्षक केवल फॉर्मल ड्रेस में ही पढ़ाएं।कक्षाओं में बच्चों के पढ़ने से संबंधित बैनर लगाए जाएं।

### निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की भी जांच

स्कूल परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए डीएम ने प्रधान को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाए और कार्य मानक के अनुरूप हो। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक, डीएम ने कमियों पर दिखाई सख्ती

**पायनियर, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति, पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्स्थापना कार्य और भौतिक सत्यापन रिपोर्टों पर विस्तार से चर्चा की गई। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने अपने निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को डीएम के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण में मिली सभी कमियों को तत्काल सुधारते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर रिकवरी के साथ विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। डीएम ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि टूटी हुई सड़कों का पुनर्निर्माण मानकों के अनुसार कराया जाए तथा पानी के रिसाव की समस्या का तुरंत समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें स्वच्छ पानी के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ए.के. त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# डीएम ने लापरवाह अफसरों को लगाई फटकार

❖ तहसील सदर के निरीक्षण में खामियां

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को तहसील सदर पहुंचकर विभिन्न न्यायालयों और पटलों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने सबसे पहले उपजिलाधिकारी न्यायालय, न्यायिक न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नजारत अनुभाग सहित कई शाखाओं की कार्यप्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि प्रतिदिन लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दें तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम ने चकबंदी फाइलों, धारा-116 एवं अन्य अभिलेखों की जांच की। जनसुनवाई रजिस्टर की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और निस्तारण के बाद फरियादी से फोन पर संपर्क कर पुष्टि की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित लेखपालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में अभिलेखों का रख-रखाव अव्यवस्थित मिलने पर डीएम ने पेशकार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। तहसीलदार न्यायालय में धारा-67 के वाद कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अवैध अतिक्रमण हटाने और न्यायालय में नियमित बैठने के निर्देश दिए। नजारत अनुभाग में बड़े बकायेदारों की फाइलों में कमियां मिलने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए तहसीलदार को स्वयं निगरानी करने के आदेश दिए। आवासीय, तालाब एवं कृषि पट्टा फाइलों में खामियां मिलने पर भी उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया कारागार का निरीक्षण



**कानूनी जानकारी के लिए विशेष जागरूकता शिविर का भी आयोजन**

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला जज सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश शशी उर्फ साही चिकना विवेकानंद चुरमानी बनाम महाराष्ट्र राज्य में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की समग्र व्यवस्थाओं, बंदियों की विधिक सहायता तथा साप्ताहिक निरीक्षण से संबंधित सभी बिंदुओं का विस्तृत परीक्षण किया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक सुरेश सिंह, जेल स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रितिकेश श्रीवास्तव (लिपिक) उपस्थित रहे। अपर जिला जज सचिव श्री त्रिपाठी ने पाकशाला, महिला बैरक, अन्य बैरकों सहित जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का अवलोकन किया। साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बंदी ने किसी प्रकार की शिकायत नहीं की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बच्ची देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य तथा सतेन्द्र कुमार अनटिल बनाम सीबीआई सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों के संदर्भ में बंदियों को विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया। निरीक्षण में जातीय आधार पर भेदभाव से संबंधित कोई मामला संज्ञान में नहीं आया।

निरीक्षण के उपरांत जिला कारागार में एक विशेष जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों को उनके अधिकारों, उपलब्ध कानूनों, निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत शिक्षा दी गई।


# महमूदाबाद गल्ला मंडी में डिप्टी आरएमओ का औचक निरीक्षण

**पायनियर संवाददाता। महमूदाबाद**

बृहस्पतिवार शाम लगभग 5 बजे डिप्टी आरएमओ उदय प्रताप सिंह ने महमूदाबाद की गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डिप्टी आरएमओ ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिससे उन्हें खरीद केंद्रों पर अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने मंडी में भारी मात्रा में धान डंप होने की स्थिति के बारे में भी कर्मचारियों से जानकारी ली और तौल कार्य को तेजी व सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में साफ-सफाई की अव्यवस्था देख डिप्टी आरएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सफाई व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उदय प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त की जाएं और तौल व खरीद कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडी में तौल कार्य जारी है और इसे और बेहतर बनाने के लिए कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।



# सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहे दूल्हे की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर।** क्षेत्र में गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे घने कोहरे के बीच धनाग मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास ट्रैक्टर और ऑटो की टक्कर में एक बड़ा हादसा हो गया। ऑटो में सवार इमलिया के टीकर बहादुरपुर गांव के आठ लोग परसेंडी ब्लॉक में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में 20 वर्षीय अंकित कुमार पुत्र शिवकुमार, जो आज ही खैराबाद क्षेत्र की एक लड़की से विवाह करने वाला था, गंभीर रूप से घायल हो गया। अंकित अपने पिता, माता, भाई, भाभी व अन्य परिजन और ऑटो चालक अंकित सिंह के साथ कार्यक्रम में जा रहा था। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को सीएचसी ऐलिया लाया गया, जहां गंभीर हालत में अंकित को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अन्य घायलों को हल्की चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। दूल्हे की मौत से परिवार में मातम छा गया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। एसओ इमलिया श्यामू कनौजिया ने बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण सीसीटीवी फुटेज स्पष्ट नहीं है, लेकिन वाहन की तलाश जारी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# बिना नोटिस सुरक्षाकर्मियों की छंटनी पर हंगामा, विकास हिन्दू के नेतृत्व में पैदल मार्च

❖ सीएमओ ने तुरंत बहाल की सभी की नौकरी

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को बिना किसी नोटिस के अचानक हटाए जाने के बाद मंगलवार को हालात विस्फोटक हो गए। आक्रोशित सुरक्षा कर्मी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के नेतृत्व में सिविल लाइन कार्यालय से खैराबाद स्थित सीएमओ कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए पहुँचे। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शुक्ल भी मौजूद रहे। मार्च के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने विभाग की मनमानी और अचानक की गई बर्खास्तगी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुरक्षा कर्मियों ने आरोप लगाया कि बिना कोई कारण बताए उनका मानदेय रोका गया और फिर नौकरी से बाहर कर दिया गया, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट में आ गए। सीएमओ कार्यालय पहुँचकर विकास हिन्दू ने सुरक्षा कर्मियों की ओर से विस्तृत ज्ञापन सौंपा और सीएमओ से आमने-सामने वार्ता की। उन्होंने साफ कहा कि बिना नोटिस कर्मियों को हटाना पूर्णतः अवैध और अमानवीय है। विवाद बढ़ते देख मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी सुरक्षा कर्मियों की नौकरी बहाल करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि जिनका मानदेय रोका गया था, उसे भी तुरंत जारी किया जाए। सीएमओ ने आश्वस्त किया कि अगले आदेश तक सभी कर्मी अपने पद पर यथावत कार्य करेंगे। इस फैसले के बाद सुरक्षा कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई।



# विषाक्त पदार्थ निगलने वाली युवती की इलाज के दौरान हुई मौत

❖ पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के गौरीहार गांव में 18 वर्षीय गीता पुत्री रामकुमार की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती ने 29 नवंबर को विषाक्त पदार्थ का सेवन किया था, जिसके बाद परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले गए। वहां से उसे जिला अस्पताल और फिर हालत बिगड़ने पर लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया था। उपचार में सुधार होने पर परिजन गीता को घर ले आए थे, जहां उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार सुबह अचानक स्थिति फिर खराब हुई और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है, मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# एनकेकेसी कॉलेज के ओएसडी राहुल को रसायन शास्त्र में पीएचडी उपाधि

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

नंद किशोर कैलाश चंद्र महाविद्यालय, टिकरा, बिसवां के ओएसडी राहुल वर्मा ने जनपद का नाम रोशन करते हुए रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी (बिहार) द्वारा प्रदत्त इस उपाधि को शिक्षा जगत में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। कठिन शोध-प्रक्रिया, सतत परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से हासिल की गई यह सफलता सीतापुर की शैक्षणिक प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण वृद्धि करती है। राहुल वर्मा की उपलब्धि पर शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्वतजनों ने हर्ष प्रकट किया है। बधाई देने वालों में लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन सीडीसी डॉ. सुधाकर वर्मा, महाविद्यालय के निदेशक संतोष वर्मा, चीफ प्रॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह सहित डॉ. शिवाशु, डॉ. अंकित वर्मा, डॉ. देवेंद्र कश्यप, डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति, डॉ. विंदा प्रसाद धुरिया, ब्रिंदारक नाथ मिश्र, विनय दीक्षित, राकेश शुक्ल, ओ.पी. मिश्र, कैलाश नाथ शुक्ल, दिवाकर वर्मा, सतीश चंद्र वर्मा व नितिन वर्मा शामिल हैं। सभी शिक्षाविदों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल राहुल वर्मा के व्यक्तित्व और परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि महाविद्यालय के शोध-अनुकूल वातावरण और सुदृढ़ शैक्षणिक संरचना का भी दर्पण है। उनकी यह सफलता भावी शोधार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और सीतापुर जनपद को शैक्षणिक जगत में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।



# सदरपुर में दर्दनाक हादसा: खाई में मिला बाइक सवार युवक का शव

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

सदरपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जब तालाब किनारे स्थित करीब 15 फीट गहरी खाई में एक युवक का शव उसकी बाइक समेत पड़ा मिला। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने खाई में बाइक और शव देखकर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस पहुंची और घटना स्थल की जांच शुरू की। मौके से मिले पहचान पत्र व ई-कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र निवासी अनुज वर्मा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार अनुज वर्मा बहराइच की एक मोबाइल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, युवक किसी काम से बहराइच गया हुआ था और देर रात अपनी बाइक से लखनऊ वापस लौट रहा था। इसी दौरान अंधेरे के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की खाई में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क रात में बेहद सुनसान रहती है और प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण यहां दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और मामले की गहन जांच जारी है।

# तंबौर-लहरपुर मार्ग पर बस हादसा: कई यात्री घायल, तेज रफ्तार बनी वजह

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

लहरपुर इलाके में तंबौर-लहरपुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह कोहरे के बीच एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। ग्राम लालपुर के निकट गल्ला मंडी के सामने खड़े खाली ट्रक में तेज रफ्तार बस (यूपी 34 टी 4599) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार कई यात्री घायल हो गए। यात्री प्रेम सागर पाण्डेय ने बताया कि बस में लगभग 35से 40 यात्री सवार थे। घना कोहरा होने के बावजूद चालक अत्यधिक तेज रफ्तार से बस चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में खलिकुन निशां (45 वर्ष), पत्नी इस्लाम, निवासी काशीपुर मल्लापुर थाना तंबौर गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके अलावा रोशन (48) पुत्र महेश, निवासी अज्जयपुर थाना तंबौर, मनसुखा (45) पुत्र देवकी, निवासी सकरन, और प्रेम सागर पाण्डेय (66) पुत्र राधे लाल, निवासी पलौली थाना सकरन को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही तंबौर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद बस में सवार अन्य यात्री दूसरे साधनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। पुलिस फरार बस चालक की तलाश में जुटी है।



# एनएच-727 पर गिट्टी मौरंग बिखरने से बढ़ी मुसीबत

❖ शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार बेखबर, एक युवक का ट्रामा सेंटर में चल रहा उपचार

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

एनएच-727 पर संकरी पुलिया के निकट नाला निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे गिट्टी और मौरंग डाल देने से दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सप्ताहभर में कई बाइक सवार फिसलकर घायल हो चुके हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग समस्या के समाधान को लेकर उदासीन बना हुआ है। फतेहपुर से महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर होकर पीलीभीत तक जाने वाले एनएच-727 मार्ग पर महमूदाबाद कस्बे में अतुल पेट्रोल पंप से दीप विद्या मंदिर के सामने बनी पुलिया तक दक्षिण दिशा की लेन पर सीएनडीएस के ठेकेदार ने नाला निर्माण के लिए भारी मात्रा में गिट्टी और मौरंग डंप कर दी है। इससे सड़क फिसलन हो गई है और बाइक, साइकिल व अन्य हल्के वाहन अक्सर अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। हाल ही में गुलरामऊ निवासी सुनील गिट्टी पर फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में जारी है। इसके अलावा कुंआडाड़ा के रवि चैहान, चांदपुर सेठ के प्रदीप कुमार तथा उनकी माता उर्मिला देवी भी इसी गिट्टी-मौरंग के कारण सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं। नगरवासियों ने कई बार सड़क से निर्माण सामग्री हटवाने की मांग की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में राष्ट्रीय मार्ग निर्माण खंड सीतापुर के अधिशासी अभियंता संजय कुमार सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे गिट्टी-मौरंग डाले जाने की जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को तत्काल नोटिस जारी कर सामग्री हटवाने के निर्देश दिए जाएंगे।



## खंती में मिला टावर इंजीनियर का शव

**सीतापुर।** रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर गुरुवार सुबह एक टावर इंजीनियर का शव खंती में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। लखनऊ के गुड़ंबा थाना क्षेत्र के अलकापुरी निवासी अनुज वर्मा (37) पुत्र संकटा प्रसाद बहराइच जिले में टावर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार सुबह उनका शव सदरपुर थाना क्षेत्र के धुहि गांव के पास सड़क किनारे गहरी खंती में पड़ा मिला, वहीं पर उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला प्रतीत हो रहा है।

# बुलडोजर गरजा! अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

**पायनियर संवाददाता। सीतापुर**

अवैध कब्जों पर जिला प्रशासन का डंडा लगातार बरस रहा है। गुरुवार शाम सिधौली में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। पहले चेतावनीकृफिर बुलडोजर३ यही था ऑपरेशन का फॉर्मूला। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव और कोतवाली प्रभारी कपिल कुमार ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। पुलिस बल और नगरपालिका कर्मियों के साथ पहुंची टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर फैले सामान और अवैध बढ़ौतरी को मौके पर ही हटवा दिया। रविवार को व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे खुद अपना कब्जा हटाएँ। लेकिन चेतावनी के बावजूद कई दुकानदारों ने अनदेखी कीकृजिसका नतीजा गुरुवार को सीधे बुलडोजर की गर्जना के रूप में सामने आया। कई दुकानों के सामने बने पक्के शेड, प्लेटफॉर्म और सड़क तक फैलाया गया सामान ध्वस्त होता गया और व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उधर आम जनता ने प्रशासनिक कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुचारू होगा। अधिकारियों ने साफ कहा है कि यह अभियान जिलेभर में तेज रफ्तार से जारी रहेगा। सार्वजनिक रास्तों, बाजारों और सरकारी जमीन पर किए गए किसी भी अवैध निर्माण को कतई नहीं बख्शा जाएगा।



# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, सनसनी

पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर

धनपतगंज थाना क्षेत्र के चकिया मजरे अगई गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक युवक संतोष मिश्रा (35) पुत्र स्वर्गीय राम कुमार मिश्रा का शव बाग में एक पेड़ की डाल से लटका मिला। शव मिलने की स्थिति को देखते हुए मौत को संदिग्ध माना जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, संतोष मिश्रा सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो बाग में उनका शव पेड़ से लटकता देखा। सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।सूचना पाकर धनपतगंज पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।

शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की गई है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त हो चुकी है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। गांव में इस घटना से मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिजन सदमे में हैं और अभी तक कुछ बोलने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हर बिंदु पर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे के दूसरे दिन मिला टैंकर खलासी का शव

लंभुआ-सुलतानपुर। बुधवार की देर शाम अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आये छः वाहनों के मामले में दूसरे दिन खलासी का शव मिला। हादसे के करीब 12 घण्टे बाद मिले शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार की सुबह करीब सात बजे टैंकर के केबिन के नीचे शरीर के अंग दिखाई दिए।इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने


आरोपित टैंकर

मौके पर पहुंचकर शव को निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि पकड़े गए चालक सुधीर ने युवक की पहचान सीतापुर जिले के बिसावां थाना क्षेत्र के गुरुसंडा निवासी रचित कुमार (18) सुत मूल चन्द्र के रूप में की है। युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है।

### झटका मशीन तार की चपेट में आये बुजुर्ग की मौत

लंभुआ-सुलतानपुर। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बहमरपुर गांव में बृहस्पतिवार दोपहर में बुजुर्ग हरिराम चौहान (55) पुत्र स्व रामदुलार चौहान की झटका मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भतीजे अखंड प्रताप चौहान ने बताया कि हरिराम गेहूं का खेत भरने के लिए गांव के ही खेत में निकले थे। इस दौरान वह गांव के ही कल्लू पाण्डेय के खेत में बिजली से चलने वाली झटका मशीन लगी हुई थी। मशीन में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में आने से हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई। जिन्हें परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया जहां मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिए।

# आत्महत्या मामले में आरोपी की याचिका खारिज

पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर

किशोरी को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने तथा शादी रोकने पर आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दिव्यराज उर्फ शुभम सिंह की जमानत अर्जी एफटीसी कोर्ट के जज राकेश ने खारिज कर दी।

पीड़ित पक्ष के वकील हरि ओम श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की शादी बीते 22 फरवरी को होनी थी लेकिन आरोपी उसे बराबर की धमकी दे रहा था। जिससे तंग आकर किशोरी ने 18 जनवरी 2025 को दिन में आत्महत्या कर ली थी। कोर्ट ने आरोप गंभीर मानते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### बलात्कार व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

सुलतानपुर। 11 साल पूर्व नाबालिक किशोरी से दुराचार और उसके रिश्तेदार की हत्या करने के दोषी शमशेर यादव को पॉक्सो कोर्ट के जज नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी शमशेर यादव ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता सीएल द्विवेदी ने बताया कि दोनों अपराधों के लिए कोर्ट ने 30 हजार रूपये अर्थदंड भी शमशेर पर लगाया है जो पीड़िता को देय होगा। तहरीर के अनुसार चांदा थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन जनवरी 2014 की रात शमशेर यादव पुत्र वासुदेव नाबालिक किशोरी को उसके घर से उठा ले गया और दुराचार किया। उसे बचाने दौड़े प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने के रामगंज निवासी रिश्तेदार बृजेश यादव की आरोपी की धमकी दी थी। दूसरे दिन सुबह पांच बजे बृजेश का शव पीड़िता के दरवाजे पर पड़ा मिला था।

### दुराचार के आरोपी को कोर्ट से राहत नहीं

सुलतानपुर। किशोरी से दुराचार कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के आरोपी मो. इरशाद की जमानत याचिका न्यायाधीश राकेश ने निरस्त कर दी है।

पीड़िता के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने कहा कि जमानत का आधार पर्याप्त नहीं है और आरोपी का कृत्य गम्भीर है। पीपरपुर थाना क्षेत्र में हुई बीते सात नवंबर की घटना में आरोपी को जेल भेजा गया जिसकी ओर से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### छलकपट में महिला पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

सुलतानपुर। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्मृति चौरसिया ने एक युवक की अर्जी स्वीकार करते हुए दोस्तपुर थानाध्यक्ष को 15 दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। युवक सुधीर कुमार ने आरोप लगाया है कि एक महिला ने उसके खिलाफ कई फर्जी मुकदमे दर्ज कराए है और उसे प्रताड़ित व परेशान कर रही है। याची के वकील अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि महिला की तहरीर पर युवक पर दर्ज मुकदमों की जांच पुलिस ने की थी और आरोप फर्जी आरोप पाए जाने पर फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। इसके बावजूद महिला झूठे आरोप लगाकर युवक युवक को परेशान करती है। कोर्ट ने मामला गम्भीर मानते हुए महिला पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

## स्थायी लोक अदालत ने लाखों का जुर्माना रद्द किया

सुलतानपुर। जिले की स्थायी लोक अदालत ने विद्युत विभाग को झटका देते हुए बिजली चोरी में उपभोक्ता पर लगाए गए तीन लाख 79 हजार के जुर्माने को निरस्त कर दिया है। पीड़ित के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने कहा कि मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा निवासी हमीम उल्लाह पर गलत तरीके से अवैध रूप से मीटर के पहले से बाईपास कनेक्शन दिखाकर बिजली चोरी के आरोप में विभाग ने तीन लाख 79 हजार 799 रूपये का जुर्माना लगाया था। जबकि हामीम का पुराना व्यावसायिक कनेक्शन है। अदालत के अध्यक्ष राधेश्याम और सदस्यों ने विभाग के आरोपों को गलत करार देते हुए इसे उपभोक्ता को परेशान करने का तरीका बताया। हमीम उल्लाह ने ढेमा फीडर के जेई रामसरन त्यागी, एसबीओ अमरजीत वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, जयसिंहपुर, मीटर रीडर नागेन्द्र यादव और प्रदेश सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।

## निर्माण पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण



सुलतानपुर,पायनियर। अलीगंज बाज़ार स्थित निर्माण पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर इतिहास,संस्कृति और व्यवहारिक ज्ञान से परिचित कराना रहा। विद्यालय प्रबंधक राजेश दुबे निर्माण ने बताया कि लर्निंग बियांड क्लास रूम की अवधारणा के तहत विद्यालय निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे छात्र केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक जीवन, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्यों को करीब से समझ सकें।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने देश की प्राचीन धरोहर, इतिहास के महत्व और विविध सांस्कृतिक परंपराओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। बच्चों की जिज्ञासा और उत्साह देखते ही बनता था,वहीं यात्रा के अनुभवों ने उनके ज्ञान का विस्तार भी किया।विद्यालय प्रिंसिपल फ़ैज़ान अंसारी ने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुभवात्मक अधिगम के अवसर मिलें,ताकि वे भविष्य में संवेदनशील,जागरूक और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में विकसित हो सकें।

## दो हादसे में छात्रा और महिला घायल, गंभीर

लंभुआ-सुलतानपुर। दो अलग - अलग हादसों में एक छात्रा व एक बुजुर्ग महिला जख्मी हो गई। साइकिल से विद्यालय जा रही छात्रा को बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। जबकि, दूसरे हादसे में कार की टक्कर से ई रिक्शा में बैठी महिला को गम्भीर चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से दोनों को सीएचसी लंभुआ पहुंचाया गया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर कुर्मियान जूनियर हाई स्कूल विद्यालय के पास साइकिल से जा रही छात्रा रोली पुत्री उमाकांत निषाद को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। छात्रा लंभुआ कस्बे में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज की कक्षा 10 वीं की छात्रा है। उधर, लंभुआ - गरये मार्ग पर अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार एक महिला मिश्रौली नरायनपुर निवासी सुशीला पत्नी रामकुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। सुशीला लंभुआ कस्बे से दवा लेकर अपने घर लौट रही थीं। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनके ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी। गम्भीर हालत में महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## मनरेगा मेटेरियल का पांच करोड़ से अधिक धनराशि बकाया

पायनियर संवाददाता। तिलोई, अमेठी

विकास खंड के समस्त अट्ठावनों ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से हुए विकास कार्यो में मेटेरियल का पांच करोड़ से अधिक धनराशि सालों से बकाया है। जिसके चलते ग्राम प्रधानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वही मनरेगा कर्मचारियों को भी चार महीने से मानदेय न मिलने की वजह से उनके सामने परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

विकास खंड सिंहपुर में मनरेगा मेटेरियल का वित्तीय वर्ष 2024-25 का चार करोड़ बयालीस लाख सरसठ हज़ार व वित्तीय वर्ष 2025-26 का इकहत्तर लाख छियानवे हज़ार धनराशि अभी तक शासन - प्रशासन से ग्राम पंचायतों को भुगतान नही हो पाया है। जिसके कारण गांवों में मनरेगा योजना से होने वाले पक्के कार्यों का विकास कार्य बाधित हो रहा है। कई ग्राम प्रधानों ने बताया कि निकट पंचायत चुनाव होने की सुगबुगाहट से भी दुकानदारों ने अपना बकाया भुगतान किये जाने का दबाव बने रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर जीवन दायनी कहे जाने वाली मनरेगा योजना को संचालित करने वाले कर्मचारियों अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एपीओ, कंप्यूटर आपरेटर, लेखा सहायक,रोजगार सेवकों को चार माह से मानदेय भी नही मिला है। जिससे उन्हें भी आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में डीसी मनरेगा अमेठी प्रभारी वीर भान सिंह ने जानकारी दी है कि शासन से धनराशि भुगतान की प्रक्रिया चल रही हैं शीघ्र ही समस्या का समाधान होगा।

## सुदामा चरित्र के बखान पर श्रोताओं ने बजाई तालियां

पायनियर संवाददाता। अमेठी

माया का खेल समझना सबके बस की बात नही है। जादूगर का जमुड़ाबने बिना जादू समझना मुश्किल है। उसी प्रकार सच्चिदानंद को समझना आसान नही है। सेहद बाबा आश्रम पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन उक्त बातें कथाकार ने कही।

टीकरमाफी स्थित सेहद बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भागवत मर्मज्ञ साध्वी पूजा शास्त्री ने महराज उत्तानपाद के कथा के वर्णन के साथ ही सुदामा चरित्र का बखान किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ध्रुव आज भी आकाशमंडल में तारा बनकर चमक रहा है, उसी प्रकार सुदामा और भगवान के मिलन की कथा भी भक्ति भाव से गाई जा रही है। कथा व्यास ने बताया कि तीनों लोक में



तीन लोग के प्रेम में कोई भी कारण नहीं होता है। पहला भगवान, दूसरा भक्त और तीसरा मां होती है। इनके प्रेम में कोई स्वार्थ नहीं होता है। पानी परात को हाथ छुए नहीं नैनन के जल सो पग धोए का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि मेहमान को देखकर जिस गृहस्थ को दुख ईर्ष्या होती है वह नरक का गामी होता है। श्रीमद्भागवत कथा में श्यामलाल, राम अवतार, शेर बहादुर, फूलचंद्र, कृष्ण चंद्र, केदारनाथ, ज्वाला प्रसाद, बीडीसी, उदय राज मौर्य, संत कुमार, कमल कुमार, रामजस, शीतला प्रसाद, संतोष कुमार, राजेंद्र गुप्ता, सुरेश कुमार, राज बहादुर चौहान, राम अवध मौर्य, शैलेश मौर्य, रजनीश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रुक्मणी विवाह सुन मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

पायनियर संवाददाता। तिलोई ,अमेठी।

क्षेत्र के गांव गड़ेहरी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान के विवाह की कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गये।

कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रशंसा सुन कर रुक्मिणी भगवान से प्रेम करने लगी थी।दूसरी ओर अपनी लक्ष्मीस्वरूपा पुत्री रुक्मिणी की शादी के लिये भीष्मक भी चिंतित थे।रुक्मिणी के भाई ने अपनी बहन के लिये वर के रूप में शिशुपाल को चुना था। रुक्मिणी इस बात का सन्देशा कृष्ण तक पहुंचाया और अपना मंतव्य जाहिर किया। शादी के दिन



कृष्ण ने देवी पूजन को जा रही रुक्मिणी को अपनी रथ पर बैठा लिया और चल दिये।इस बात की जानकारी होने पर रुक्मी और कृष्ण के बीच युद्ध होता है जिसके पश्चात भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है। कथा पंडाल में रुक्मिणी हरण और विवाह का दृश्य मन को मोहने वाला था। भगवान की शादी में सभी भक्त गण शरीक हुये और भगवान की पूंजा अर्चना की।पण्डाल में महिलाओं ने भक्ति विवाह गीत भी गाये।यजमान ने पूरे परिवार के साथ कन्यादान करते हुये पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया।

कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने अतिथियों को अंगवस्त्र तो आयोजक संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई प्रेम कुमार मिश्र प्रधानाचार्य,आशीष मिश्रा,राजेश पाण्डेय, राघवेंद्र तिवारी कुलदीप मिश्रा अम्बरीष जायसवाल बबलू मिश्रा प्रमोद त्रिपाठी,अनिल वाजपेई राजेश शुक्लाआदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटनाग्रस्त टैंकर खड्ड से निकला, लगा रहा जाम

**लंभुआ-सुलतानपुर।** बुधवार की देर शाम को दुर्घटनाग्रस्त टैंकर दो बड़े हाइड्रा मशीन की मदद से बाहर निकाला गया। बृहस्पतिवार को फोरलेन के किनारे खड्ड में पलटे टैंकर को निकालने में दोनों मार्गो को रोका गया था। करीब एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन सुचारू हो पाया। इस दौरान पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद फोरलेन के किनारे पलटे टैंकर को निकालने के लिए दो बड़े हाइड्रा मशीन मंगाई गई थी। हाइवे पेट्रोलिंग यूनिट व लंभुआ पुलिस की मदद से सुल्तानपुर - वाराणसी फोरलेन पर दोनों तरफ का वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। इससे दोनों मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब घण्टे भर की मशक्कत के बाद वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका। उधर, क्षतिग्रस्त कार को भी क्रेन की मदद से वाहन स्वामी ने सुरक्षित करवाया। प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि मौके पर पुलिस कर्मियों को भेजा गया था। अब आवागमन सामान्य हो गया है।

### कमजोर वर्ग को सस्ते में मिलेगा अपना घर

**बांदा।** बांदा विकास प्राधिकरण की तुलसी नगर आवासीय योजना के कामर्शियल भूखण्डों एवं टाइप-1 के निर्मित आवासीय भवनों की नालीमी जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष महोदया द्वारा गठित समिति के समक्ष सम्पन्न करायी गयी। उक्त नीलामी में लगभग 3.00 करोड की आय बांदा विकास प्राधिकरण की सम्भावित है। उक्त आवंटन में दुर्बल आय वर्ग के लोगो के लिए भी किफायती दरों में भवन उपलब्ध कराये गये है। उक्त नीलामी में श्री मदन मोहन वर्मा, सचिव, बांदा विकास प्राधिकरण, मुख्य कोषाधिकारी, सहायक अभियन्ता एव समस्त प्राधिकरण स्टाफ उपस्थित रहा। इस विषय में सचिव विकास प्राधिकरण मदन मोहन वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया की उक्त भूखंड से गरीब कमजोर दुर्बल आय वाले लोगों के लिए काफी सस्ते दामों में भवन उपलब्ध होंगे जिससे उन लोगों का भी घर का सपना पूरा होगा जिन्होंने अन्य सरकारों में इसकी कल्पना भी नहीं की थी।

### जनवरी से जून तक ब्लॉक दिवस के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने बताया है कि ब्लाक दिवस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की जन समस्याओं, शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु जनपद के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय पर माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले ब्लाक दिवस हेतु माह जनवरी से जुलाई 2026 तक के ब्लाक दिवस कार्यक्रम का रोस्टर जारी किया है। उन्होंने कहा कि परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में निर्धारित किये गये रोस्टर के अनुसार ब्लाक दिवस का आयोजन सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय बुधवार को विकास खण्ड मुख्यालय पर आयोजित होने वाले ब्लाक दिवस में अधिक से अधिक ग्रामीण जनता उपस्थित होकर जन समस्याओं, शिकायतों का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि विकास खण्ड में आयोजित ब्लाक दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन कराये जाने हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी प्रभारी, नोडल अधिकारी होंगे।

### कमरे में फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**अमेठी।** जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के चक दोहरी गांव में सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहशत और सदमे में डाल दिया। यहां 23 वर्षीय युवती गुलशन, पत्नी मोहम्मद रियाज, ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुलशन ने अपने घर के एक कमरे में अंदर से कुंडी लगाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर झांका। अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और मायके पक्ष को दी गई। गुलशन की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। उसका मायका फतवा रसूलपुर, ज्ञानगंज (प्रयागराज) में है। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी पहुंचने लगे। वहीं, मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने मामले की बारीकी से जांच की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकेगा।

### पिंक रोजगार मेले में 116 अभ्यर्थी चयनित

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान, घुरवारा, डलमऊ में पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एसपीएनएन बिजनेस सर्विसेज प्रालि, उमोजा मार्केट प्लेस टेक्नोलॉजी प्रालि, महादेव हनुमन्त विजय प्लेसमेंट सर्विसेज, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड, एसवाईआरएमए एसजीएस टेक्नोलॉजी लि, हैनन क्लाइमेट सिस्टम्स प्रालि, पेरेग्रीन गार्डिंग प्रालि, टाटा मोटर्स, हैवेल्स इंडिया लि, याजाकी इंडिया लि, शिवशक्ति बायोटेक्नॉलाजी लि द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया। जिसमें से 116 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में दल बहादुर सिंह, प्रबंधक, शुभम शुक्ला उप प्रबन्धक व भीम सिंह, प्रधानाचार्य, विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं तनुजा यादव मेला प्रभारी सहायक सेवायोजन अधिकारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मेले का शुभारम्भ करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। तनुजा यादव मेला प्रभारी द्वारा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि दल बहादुर सिंह द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे। जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य भीम सिंह द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# रोज़गार मेले में छात्रों ने दिखाया दम,खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर

श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स कलान के अंतर्गत संचालित श्री विश्वनाथ निजी आईटीआई कालन के विद्यार्थियों ने रोजगार के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कैंपस सिलेक्शन प्रक्रिया के दौरान स्टेलाइटिस होसुर तमिलनाडु कंपनी ने संस्थान के कई विद्यार्थियों का चयन किया है।गुरुवार को आईटीआई परिसर में आयोजित रोजगार मेले में आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से कई छात्रों को कंपनी ने चुनकर नौकरी का अवसर प्रदान किया। चयन की सूचना मिलते ही विद्यार्थियों में उत्साह और अभिभावकों में गर्व की भावना दिखाई



दी। ग्रामीण क्षेत्रों से आए अभिभावकों ने संस्थान द्वारा लगातार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।संस्थान के संस्थापक प्रबंधक भोला नाथ सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि भविष्य में भी युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज के प्रबंधक शशि प्रकाश सिंह, ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह, प्लेसमेंट प्रभारी एएन शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार सिंह तथा प्रधानाचार्य ई. वेद प्रताप सिंह सहित सभी प्रशिक्षक-प्रशिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

### गाय और बछड़ा का पशु चिकित्सक ने किया इलाज

कुड़वार- सुलतानपुर। बुधवार की रात पिकप वाहन से गाय बछड़े को फेंके जाने का मामला प्रकाश प्रकाश में आया है। जानकारी मिलते ही घायल गाय का इलाज कराते हुए गौ रक्षा वाहिनी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनगवा से जुड़ा है। जहां बुधवार रात को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पिकप वाहन से गाय और बछड़े को धकेल कर भाग गए। चलते वाहन से गाय को धकेले जाने के कारण गाय के पैर की हड्डी टूट गई।और गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीण सिकंदर यादव द्वारा गाय को पिकप वाहन से फेंके जाने की सूचना गौ रक्षा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा को दी गई।जिला उपाध्यक्ष ने तत्काल चिकित्सक को फोन करके इलाज शुरू कराया।गुरुवार को उन्होंने बीडीओ दूबेपुर से बात करके चोटिल गाय को गौशाला भेजे जाने का अनुरोध किया।

## 77वां प्रांतीय रक्षक दल स्थापना दिवस मना

### सम्मानित हुए उत्कृष्ट पीआरडी जवान

पायनियर संवाददाता। अमेठी

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में आज 77वां प्रांतीय रक्षक दल स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से ग्रामीण मिनी स्टेडियम, घोरहा भादर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने समारोह के दौरान पीआरडी जवानों की सलामी ली एवं उनके अनुशासन तथा सेवाभाव की सराहना की। इसके उपरांत क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, रीना वर्मा और रागिनी द्वारा जिल पंचायत अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट



प्रदर्शन करने वाले पीआरडी जवानों को मुख्य अतिथि राजेश अग्रहरी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल द्वारा पुरस्कार, प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुल्तानपुर के सेवानिवृत्त जिला युवा कल्याण अधिकारी आर.बी. पांडे, ग्राम प्रधान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्र बहादुर सिंह, चंद्रपाल यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, सूर्य प्रकाश पांडे, शिव प्रताप पांडे, हरिराम यादव, नारायण दास जायसवाल, नंद किशोर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी व सीडीओ ने लगाई बड़ी चौपाल

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**



❖ जन समस्यायें सुन निराकरण के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

जमुनहा - शासन के निर्देशानुसार जिले में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड जमुनहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सागरगांव में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में वृहद जनचौपाल का आयोजन किया गया।

जिसमें जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में विभिन्न विभाग की योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण पेंशन राशन कार्ड स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित समस्या आदि उनका मौके पर सत्यापन तथा आनलाइन रजिस्ट्रेशन आदि की कार्यवाही की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को बाल विवाह न कराने हेतु शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा की सरकार जनता की हर एक समस्याओं के निस्तारण के गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी चौपाल में उपस्थित है अब जनता को इधर-उधर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे उनकी हर समस्याओं को पंजिका में सूचीबद्ध किया जायेगा और सत्यापन कराकर पात्रता के आधार पर उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होने कहा कि यदि गांवों में किसी भी व्यक्ति की कोई समस्या है तो उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से यदि कोई भी व्यक्ति वंचित है और वह पात्रता की श्रेणी में है किन्तु उनकों सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे पात्र लोगों का चिन्हांकन किया जायेगा ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं से उन्हें जोड़ा जा सके। उन्होने कहा कि ग्राम वासियों को अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय या सम्बन्धित अधिकारियों के पास जाने में कई प्रकार की दिक्कते होती थी, जिसको ध्यान में रखते हुए इस चौपाल का आयोजन कर सभी अधिकारियों को एक साथ उपस्थित किया गया है ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। इसके अलावा प्रमाण पत्र आदि से सम्बन्धित जो भी समस्याएं है उनकों यहीं पर निस्तारित किया जायेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एसपी ने की समीक्षा गोष्ठी

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**



भिनगा - पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा 11 दिसंबर को पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व जनपद के साइबर थाना प्रभारी, जनपदीय साइबर सेल प्रभारी, सभी थानों पर नियुक्त साइबर सेल प्रभारी एवं संबंधित कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और उनके प्रभावी नियंत्रण पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से समीक्षा की गई। एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, खटक्र पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट करने। ढडर वेरिफिकेशन एवं टवछए अकाउंट वेरिफिकेशन की सटीकता और गति बढ़ाने संबंधित मामलों में अमाउंट बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास करने। ऑनलाइन ठगी से हुए लेन-देन पर त्वरित ब्लॉकेज, संबंधित बैंक शाखाओं से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए अधिकतम धनराशि सुरक्षित कराने पर विशेष बल दिया गया। साइबर से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर तत्काल और नियमानुसार कार्रवाई करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए तकनीकी दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया तथा जनता को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

# बुखार और निमोनिया ने छीन ली एक नन्ही जिंदगी

**पायनियर संवाददाता। बाराबंकी**



मसौली विकासखंड के छुलहा बन्नी गांव से ऐसी दर्दनाक खबर सामने आई है जिसने पूरे क्षेत्र को शोक में डूबो दिया है। गांव के सुनील कुमार की डेढ़ साल की मासूम बेटी लाड़ो अब इस दुनिया में नहीं रही।

कुछ दिन पहले शुरू हुआ मामूली बुखार धीरे-धीरे इतना गंभीर रूप ले लेगा, इस बात का अंदाज़ा किसी को नहीं था।परिजनों के अनुसार, चार दिन पहले लाड़ो को अचानक तेज बुखार आया था। परिवार ने तुरंत गांव में इलाज शुरू कराया, फिर उसे डॉक्टर के पास भी ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे निमोनिया बताया और दवाइयां दीं, लेकिन छोटी सी जान पर बीमारी का असर गहराता चला गया। माता-पिता पूरी रात जागकर बेटी का माथा सहलाते रहे, कभी दुआ करते, कभी उसे गोद में उठाकर शांत करने की कोशिश करते—लेकिन लाड़ो की सांसें हर पल कमजोर होती जा रही थीं।बीते रात उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिवार उसे लेकर अस्पताल भागा, लेकिन डॉक्टरों ने निराशाजनक आवाज़ में कहा कि 'बहुत देर हो चुकी है'। सुबह होते-होते मासूम ने परिवार को हमेशा के लिए छोड़ दिया। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, पूरे इलाके में मातम छा गया।सुनील कुमार और उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। जहां कभी लाड़ो की मीठी किलकारियों से घर गूंजा करता था, वही आंगन आज दिल दहला देने वाली खामोशी में डूबा है। नन्ही चप्पलों की खट-खट, खिलौनों की आवाज, और उसकी छोटी-छोटी हंसी—सब जैसे अचानक हमेशा के लिए थम गए हों।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**निंदूरा बाराबंकी।** बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम गौसापुर, रीवाझसीवा, पोस्ट कतुरीकला स्थित गोल्लावीर बाबा के दरबार में 11 दिसंबर से 17 दिसंबर 2025 तक चलने वाला नवम्‍ श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं विशाल भंडारा पूरे क्षेत्र में श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही गांव तथा आस-पास के क्षेत्रों—विशेषकर बड्डूपुर थाना क्षेत्र—से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। गुरुवार सुबह प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थीं। ग्रामीणों ने जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल बना हुआ है। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक यज्ञ पूजन तथा दोपहर 1 बजे से भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा का रसपान कराने के लिए सीतापुर से पधारे पंडित रामजी बाजपेयी मंच संभाल रहे हैं, जबकि यज्ञ संचालन पंडित अमित आचार्य जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। उनके प्रवचनों को सुनने के लिए बड्डूपुर,निंदूरा, घुंघटेर,देवा तथा आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन जयकरन सिंह यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम क्षेत्र में सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक प्रेरणा का संदेश दे रहा है। समस्त ग्रामवासियों और श्री लक्ष्मी जी मंदिर समिति द्वारा व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से संभाला जा रहा है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**देवा बाराबंकी।** देवा थाना क्षेत्र के सफीपुर गांव निवासी मयाराम( 28 ) पुत्र राममनोरथ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बच्छराजमउ गांव के जंगल मे पेड़ से लड़का मिला है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर गांव निवासी मयाराम एक कम्पनी में नौकरी करते थे। पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी एक बेटा भी है।परिजनों ने बताया मयाराम की पत्नी से विवाद चल रहा था।एक महीने पहले मयाराम की पत्नी ने भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी लेकिन घरवालों ने रोक लिया था।पत्नी ने महिला थाने में प्रार्थना पत्र दिया था।जिसके आधार पर बीते रविवार को महिला थाने में दोनों पक्षो में समझौता हुआ और पत्नी को घर ले आया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से दुष्कर्म , पुलिस ने कहा—दोनों के बीच था प्रेम प्रसंग, जांच जारी

**देवा,बाराबंकी।** देवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक 19 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी अंकित यादव, जो संजू यादव पुत्र नागेश्वर यादव निवासी खरेहटा थाना देवा की जेसीबी मशीन चलाता है, ने उसे जबरन झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया और बाद में पूरी रात एक कमरे में बंद रखकर मारपीट की।पीड़िता के पिता का कहना है कि गुरुवार की सुबह जब बेटी ने रोते हुए आपबीती बताई, तब उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। पिता ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना देने के बाद पुलिस ने उन्हें बेटी महिला पुलिस कर्मियों से साथ मिशन शक्ति केंद्र के अंदर कर दिया और और उससे मिलने नहीं दिया और उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया पीड़िता अनुसूचित जाति ( कलाबाज ) समुदाय से है। परिजनों ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है इस मामले पर कोतवाली देवा के अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवती और आरोपी के बीच प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है तथा दोनों के बीच लगभग दो महीने से मोबाइल पर बातचीत हो रही थी। अधिकारी ने बताया कि युवती ने आरोपी से शादी करने की इच्छा भी जताई है उन्होंने कहा कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और सत्यता सामने आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### उपजिलाधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण, धान क्रय केंद्रों पर व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** तहसील रामसनेही घाट के उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के सरकारी धान क्रय केंद्र लालगंज व दरियापुर सहित कई धान क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अचानक हुए निरीक्षण से केंद्रों पर अफसरों और कर्मचारियों में हलचल देखी गई।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने धान क्रय की पूरी प्रक्रिया का जायज़ा लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की नियमावली के अनुसार किसानों को पूरी सुविधा, समय पर तौल और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी किसान को असुविधा न हो, इसके लिए केंद्र संचालक पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।एसडीएम अनुराग सिंह ने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से यह भी पूछा कि केंद्रों पर क्या-क्या चुनौतियां सामने आ रही हैं, ताकि उनका समाधान तत्काल कराया जा सके। उन्होंने चेताया कि किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि सरकार का उद्देश्य है कि किसान बिना परेशानी अपना धान बेच सकें और समय पर भुगतान प्राप्त कर सकें।निरीक्षण के बाद सभी केंद्रों पर व्यवस्थाओं को बेहतर करने की हिदायतें दी गईं। उपजिलाधिकारी की सक्रियता किसानों के लिए राहत और भरोसे का संदेश देती है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसे में चार के खिलाफ केस दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र मे बुधवार को हुए हादसे मे एक ही परिवार के चार बच्चों एक महिला सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।मृतक के अभिभावक जावेद असरफ की तहरीर पर सुबेहा पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरु कर दी है। सुबेहा इंस्पेक्टर कृष्णकांत सिंह ने बताया दक्षिणीपुरी (साउथ दिल्ली) निवासी दीपांशु मिश्रा दीप्ति मिश्रा तृप्ती मिश्रा चन्दन तिवारी के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाडी चलाने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चार पशु तस्कर गिरफ्तार, नौ गोवंश बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेस के दतौली अंडरपास से डीसीएम की तलाशी के दौरान क्रूरता पूर्वक लादे गये नौ गोवंशो को बरामद किया। कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया खेडा मूसा नगर जनपद कानपुर निवासी राहुल कुमार थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी जरौली गांव निवासी विजय शंकर रामगंज निवासी सोहनलाल शिवनाम निवासी ननकऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पशु जीनोमिक्स से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

**श्रावस्ती।** दिन प्रतिदिन तकिनीक विकसित होने से इसका असर दुग्ध उत्पादन में बृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। भारत और ब्राज़ील ने आज एक अनोखे क्रॉसकॉन्टिनेंटल जेनेटिक सुधार कार्यक्रम के ज़रिए डेयरी गायों और भैंसों की जीनोमिक्स को आगे बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एक त्रिपक्षीय एमओयू किया। यह मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग और संबंधित टेक्निकल कोऑपरेशन प्रोजेक्ट पर ब्राजीलिया में भारतीय दूतावास में एम्ब्रापा, ब्राज़ील की कृषि, पशुधन और खाद्य आपूर्ति मंत्रालय, एमएपीए, ब्राज़ील की सरकारी कृषि अनुसंधान संस्था, फज़ेंडा फ्लोरेस्टा और डीएनए मार्क और भारत की लीड्स जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड,(पहले लीड्स एग्री जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड), बी.एल. कामधेनु फार्म्स लिमिटेड और लीड्स कनेक्ट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, भारत के बीच किया गया।

# संयुक्त पुलिस टीम ने 9 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता। निंदूरा बाराबंकी**



बड्डूपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 9 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोरों के कब्जे से 36 हजार 500 रुपये नकद,सोने चांदी के जेवरात,02 अदद मोटरसाइकिल,01 अदद पिकप,02 अदद तमंचा आदि सामान बरामद किया गया।

बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा के मदद से 9 शातिर अभियुक्तों मोहम्मद शुएब पुत्र अलीम निवासी ग्राम रसौली थाना सफदरगंज रेहान पुत्र नजीर,आलम पुत्र अहमद निवासी बेलहरा,सौरव मौर्या पुत्र सत्यपाल निवासी भटुआमऊ,सलमान उर्फ राहुल पुत्र जमील,संदीप पुत्र जीबा,सलमान पुत्र राकेश निवासी मोहद्दीपुर तकिया थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर,समीर पुत्र फरीद आलम व मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद असलम निवासी ग्राम रसौली को महमूदाबाद-पैतेपुर मार्ग ग्राम भगौली के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 36500 रुपये नकद,एक पिकप वाहन,दो मोटरसाइकिल,दो गैस सिलेण्डर, जोड़ी झुमकी,दो जोड़ी पायल,तीन जोड़ी बिछिया,आठ मोबाइल फोन,दो तमंचा,चार जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण का गिरोह है। जो दिन में मोटरसाइकिल से गांवों में बन्द पड़े मकानों व कीमती जानवरों की रेकी की जाती है तथा रात्रि में मोटरसाइकिल व पिकप से जाकर रेकी के दौरान चिन्हित घरों व जानवरों की चोरी कर लेते हैं। चोरी किए गये जानवरों को पशु बाजार (खलीलाबाद, रौनाही) में जाकर बेच देते हैं। 2 दिसंबर की रात्रि में थाना बड्डूपुर के ग्राम औलियापुर से दो भैंसों को चोरी करने की घटना स्वीकर की गई है। मोहम्मदपुर खाला के कस्बा बेलहरा में किला बेलहरा से दिनांक 18 सितंबर की रात्रि में चोरी करने व ग्राम कैथा में एक घर से 26 नवंबर चोरी करने की घटना स्वीकार की गई है। अभियुक्तगण द्वारा पुलिस से बचने के लिए घटना कारित करने में प्रयुक्त पिकप की वास्तविक नम्बर प्लेट को बदल कर कूटरचित नम्बर प्लेट का प्रयोग किया जाता था। गिरफ्तारी पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार,भगौली चौकी इंचार्ज विनय कुमार,उप निरीक्षक अनिल कुमार पांडे,कांस्टेबल अमरीश वर्मा,मोहम्मद इरफान,प्रवीण निषाद, इंद्रजीत यादव,अंकित मौर्य, अरविंद कुमार,पवन चौधरी व सर्विलांस टीम सर्विलांस सेल प्रभारी अजय सिंह, उपनिरीक्षक दौमित्र सेन रावत,हेड कांस्टेबल शैलेंद्र प्रताप सिंह,मजहर अहमद,चंद्रभान,बृजेश कुमार, कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार,प्रवीण शुक्ल,अंकुर रविंद्र कुमार शामिल रहे।

# गोलीकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश

**पायनियर संवाददाता। फतेहपुर, बाराबंकी।**

बीते शनिवार को हुए गोली कांड में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है।

फतेहपुर थाना क्षेत्र के साढ़ेमऊ पुलिया के पास छह दिसंबर को हुए फायरिंग कांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते शनिवार को बुलेट सवार लालचंद पुत्र रामलखन निवासी गुरसेल अपने घर लौट रहे थे, तभी घात लगाए बैठे कार सवार हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में लालचंद के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ के लोहिया अस्पताल रेफर किया। वर्तमान में घायल का वहीं उपचार चल रहा है। घटना के बाद पुलिस लगातार हमलावरों की तलाश में लगी हुई थी। गुरुवार को बड़ी सफलता मिलते हुए पुलिस ने हिमांशु सोनी, सिद्धार्थ सोनी और सौरभ वर्मा निवासी गुरसेल को साढेमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिद्धार्थ के कब्जे से एक तमंचा और वारदात में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में इन लोगों ने वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। इससे पहले इसी प्रकरण में रेनू चौधरी और मुनान सोनी को भी जेल भेजा जा चुका है।कोतवाल संजीव कुमार सोनकर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## मुख्यमंत्री का बाराबंकी आगमन आज, तैयारियां पूरी

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन समस्त तैयारियां पूरी हो गई है। किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए दो दिनों से जिला व पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है । जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि समस्त तैयारियां पूरी हो चुकी है । चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के साथ कैमरे की नजर है । मुख्यमंत्री शुक्रवार को बाराबंकी पहुंचेंगे। वे विधानसभा जैदपुर स्थित दौलतपुर गांव में पद्मश्री रामसरन वर्मा के फार्म हाउस पर आयोजित 'खेती की बात खेत पर' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# एसपी उन्नाव ने आरटीसी का औचक निरीक्षण, व्यवस्था पाई संतोषजनक



**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**

पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह आज फायर ट्रेनिंग सेंटर, दोस्ती नगर स्थित आरटीसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकारियों ने भोजनालय की भोजन गुणवत्ता, स्वच्छता, एवं मानक व्यवस्थाओं की गहन जाँच की। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन, दक्षता और कर्तव्यपरायणता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, नगर सीओ दीपक यादव, सीओ सफीपुर सोनम सिंह, सीओ हसनगंज अरविन्द कुमार चौरसिया, सीओ पुरवा तेज बहादुर सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# बिजली चोरी रोकने गए कर्मचारियों पर हमला, कई घायल

**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**



❖ जांच के नाम पर वसूली से नाराज ग्रामीणों ने बोला हमला

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवगांव में बकाया बिल वसूली और बिजली चोरी की जांच करने गई विद्युत उपखंड कार्यालय की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। मामले की प्राथमिकी जाँच टीम ने ग्रामीणों पर दर्ज कराई हैं जबकि ग्रामीणों का कहना हैं की जाँच के नाम पर वसूली से नाराज ग्रामीणों से मारपीट हुयी हैं।

अपने शिकायती पत्र में जाँच टीम ने कहा कि बुधवार शाम विभागीय टीम ने जब हगपाल यादव, सुरेश यादव और गोविंद को कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और कार्रवाई की चेतावनी दी, तो हगपाल यादव ने विरोध शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर आरोपी अपने साथियों के साथ कर्मचारियों पर टूट पड़े, उन्होंने मारपीट की, रजिस्टर फाड़ दिए, गाली-गलौज की और दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। हमले में टेक्नीशियन रामदीन, लाइनमैन सौरभ, एसएसओ रणजीत, हिमांशु, अभिषेक, रहीश, इंद्रजीत और ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। वही ग्रामीणों का कहना हैं कि मामले क़ो दूसरा रूप दिया जा रहा हैं। मामला वसूली के चलते विवाद का मामला हैं। घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि लगातार बिजली चोरी और बकाया वसूली में बाधाओं के चलते काम करना मुश्किल हो गया है, इसलिए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

# धूमधाम से मनाया गया 77वां पीआरडी स्थापना दिवस



**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**

❖ मुख्य विकास अधिकारी ने परेड की सलामी ली

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में 77वां पीआरडी स्थापना दिवस का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण स्टेडियम, सरैया (विकास खंड सिकन्दरपुर सरोसी) में किया गया।

जिला युवा कल्याण एवं प्राविधिक अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में 88 पीआरडी स्वयंसेवकों ने 73 फॉर्मेशन में प्रतिभाग किया, जिसमें एक महिला टुकड़ी भी शामिल रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृतिराज ने परेड की सलामी लेकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा पीआरडी जवानों की अनुशासन, उत्साह और हुनर की सराहना की। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान आने वाली किसी भी समस्या से जिला युवा कल्याण अधिकारी के माध्यम से अवगत कराया जा सकता है।परेड निरीक्षण में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला खेल अधिकारी तथा एनसीसी निदेशक भी शामिल रहे। परिणामस्वरूप टोली संख्या 1 प्रथम, टोली संख्या 2 द्वितीय और टोली संख्या 3 तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को मुख्य विकास अधिकारी ने मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। परेड में अर्जुन गौतम, सुलोचना, सुषेन्द्र कुमार, नीतू, कपेन्द्र बहादुर सिंह, ममता रानी और अरविन्द कुमार ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

## पति पत्नी के बिवाद के चलते पति में दी जान

**उन्नाव।** पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद के चलते युवक ने आंगन के छज्जे में लगे छल्ले में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी श्रीकांत पुत्र स्वर्गीय देवी शंकर 35 वर्ष की शादी मांखी थाना क्षेत्र पूरा गाँव के वीरेन्द्र की पुत्री स्नेहा से दो वर्ष पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद भाई से अलग रहने लगा था। पडोसियों के मुताबिक पति - पत्नी में संबंध ठीक नही थे। आए दिन कहा सुनी हुआ करती थी। बुधवार की देर रात दोनों खाना खाने के बाद मृतक ने अपनी पत्नी को घर के एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद आंगन के छज्जे में लगे छल्ले से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी स्नेहा के चीख पुकार करने बाद मृतक के भाई हरिनाम ने दरवाजा खोला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# जमीनी विवाद में न्याय न मिलने से आहत किसान ने की आत्महत्या, तीन गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**



औरास थाना क्षेत्र के सरैया गांव में चल रहे पैतृक संपत्ति विवाद ने किसान राकेश पुत्र हजारीलाल की जान ले ली। राकेश और उसके भाइयों कृपालु व सुनील के बीच जमीन और घर के बंटवारे को लेकर चार माह से विवाद चल रहा था।

आरोप है कि दो भाइयों ने पिता से धोखे से जमीन का बैनामा करा लिया था, जबकि पिता ने राकेश के नाम गांव का घर और कुछ जमीन लिख दी थी। इसी मामले में राकेश ने 8 दिसंबर को थाने में तहरीर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया, लेकिन राकेश का आरोप है कि समझौता कराने के बजाय उन्हें ही डांट दिया गया। थाने से निकलने के बाद राकेश अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ कस्बे में गए और वहीं से जहरीला पदार्थ खरीदकर खा लिया। रास्ते में हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें रहीमाबाद स्थित कुंदन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे अजय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों कृपालु, सुनील, अंशु, दीपक मलखे के खिलाफ मुकदमा संख्या 417/25, धारा 108 व 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने कृपालु, सुनील और एक अन्य को हिरासत में ले लिया है। पोस्टमार्टम के बाद क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ संतोष सिंह, सीओ अरविंद चौरसिया, थानाध्यक्ष बांगरमऊ, आसीवन तथा थाना प्रभारी औरास संजीन कुमार कुशवाहा मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर अंतिम संस्कार कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विवाद में युवक पर डंडे से हमला, मौत

**उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नसुरुद्दीन नगर में देर रात अलाव तापते समय हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़ोस में अलाव ताप रहे तुसैल और रहमत के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर रहमत ने तुसैल के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी रहमत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

# लोक अदालत की सफलता के लिये न्यायिक अधिकारियों से किया संवाद

पायनियर संवाददाता । उरई (जालौन)



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु विगत दिवस जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी, अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी के विश्राम कक्ष में उनकी अध्यक्षता में जिला दीवानी न्यायालय सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस संबंध में अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारूल पंवार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तैयारी बैठक में विगत दिवस नोडल अधिकारी, अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर दर्ज है, मात्र वहीं मामले इस लोक अदालत में निस्तारित किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में सभी अधिकारी उनके न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से ऐसे मामलों को तत्काल चिन्हित करके संबंधित पक्षकारों को अविलम्ब सूचित करें, ताकि न्यायालय से प्रेषित नोटिस, सम्मन की तामीला समय पर हो सके और अधिक से अधिक वादकारीगण राष्ट्रीय लोक अदालत में सहभागिता कर सके। उन्होंने कहा कि प्रायः ऐसा देखने में आता है कि या तो न्यायालय से सम्मन, नोटिस विलम्ब से प्रेषित किये जाते है अथवा उनकी तामीला समय से नहीं हो पाती। इस कारण प्रेषित किये गये सम्मन, नोटिस के सापेक्ष वादकारियों की उपस्थिति न्यायालय में बहुत कम हो पाती है। इसका प्रभाव निस्तारित मामलों की संख्या पर पड़ता है। इसलिये सभी न्यायिक अधिकारी इस तथ्य का संज्ञान लेते हुये इसे अपने स्तर पर मॉनीटर करें। इसलिये सभी न्यायिक अधिकारी अधिकाधिक मामलों के निस्तारण पर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे वादकारियों को सुलह-समझौते के लिये प्रेरित करें और अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करें। बैठक में अपर जिला जज, विशेष न्यायाधीश डॉ. अवनीश कुमार, भारतेन्द्र सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सिविल जज सीडि अर्पित सिंह, अपर सिविल जज श्रीमती शम्भवी-प्रथम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूश प्रकाश, अपर सिविल जज जूडि श्रीमती अंकिता सिंह, सिविल जज जूडि कालपी अभिषेक चैधरी, सिविल जज जूडि जालौन जावेद खान, सिविल जज जूडि कोंच मु. फरहान, सिविल जज जूडि अनुरूद्ध सिंह, सुश्री शैलजा, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय माधौगढ़ विनय कुमार चाहर एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सैयद अली मेहदी आबिदी उपस्थित रहे।

## नहर में गिरी कार राहगीरों ने दो को सुरक्षित निकाला

**कोंच (जालौन)।** सर्किल के कैलिया थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम लगभग 8 बजे एक सड़क हादसा होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदीप उर्फ मोनू सोनी पुत्र महादेव सोनी निवासी दबोह, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) अपने साथी दीपक सविता पुत्र कढ़ोरे निवासी दबोह के साथ कार द्वारा कालपी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। यात्रा के दौरान प्रदीप उर्फ मोनू सोनी स्वयं कार चला रहे थे और बताया जा रहा है कि वाहन की गति अधिक होने के कारण कार अचानक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रण की स्थिति में कार सीधे पिपरी नहर की ओर बढ़ गई और देखते ही देखते नहर में जा गिरी। हादसे को देखकर आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। सौभाग्य से कार में सवार दोनों व्यक्तियों को बिना किसी चोट के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# मेगा कैंप में महिला समूहों को 73 लाख 50 हजार रुपये बांटे गये



पायनियर संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

गुरुवार को मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में महिला स्वयं सहायता समूह के मेगा कैंप के अंतर्गत सीसीएल वितरित समूह की प्रगति रिपोर्ट विकासखंड कुठौंद के ब्लॉक ब्लॉक सभागार में स्वयं सहायता समूह के लिए सीसीएल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना निदेशक के शाखा प्रबंधकों के साथ बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों को 73 लाख 50 हजार रुपये का वितरण किया गया।मेगा कैंप में समूह की महिला को अपनी अजीबिका बढ़ाने के लिए कैंप में स्वयं सहायता समूह को 2 करोड़ 94 लख रुपए की स्वीकृति प्रदान की साथ ही कैंप के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 73 लाख 50 हजार रुपए वितरण किया गया। इस दौरान एडीओ आई एसबी सतीश चंद्र वर्मा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक रवि कुमार यादव, गौरव पांडे, मोहनलाल रवि, नीरज समस्त बैंक सखियां एवं सैकड़ो समूह की महिलाएं एवं 51 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा सभा कक्ष में मौजूद रहकर अपने समूहों से आए हुए अधिकारियों को रूबरू कराया सभी अधिकारियों को प्रसन्न होकर जाते देखा गया।

## जानवर आने से बाइक फिसली दो गंभीर रूप से घायल

**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के तीतरा खलीपुरा के पास बुधवार देर रात लगभग 11 बजे सड़क पर बड़ा हादसा हो गया। यहां दो युवक अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे तभी अचानक सड़क पर किसी जानवर के आ जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों युवक रोड पर ही गम्भीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। राहगीरों ने उन्हें देख तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से उठाकर कोंच के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि टक्कर जानवर से बचने की कोशिश में हुई, जिससे दोनों युवकों को सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल में डॉक्टर उनकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीतरा खलीपुरा रोड पर अक्सर रात में जानवर अचानक आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

## परीक्षा केंद्रों का एसडीएम ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**कालपी (जालौन)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को कुशलतापूर्वक निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। उप जिलाधिकारी कालपी मनोज कुमार सिंह ने भ्रमण कर परीक्षाओं केंद्रों वाले विद्यालयों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त संबंध में एसडीम मनोज कुमार सिंह के द्वारा परीक्षा केंद्र तकदीर सिंह इंटर कॉलेज नियामतपुर में पहुंचे। इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा कक्षों सीसीटीवी कैमरा, सफाई व्यवस्था, रैंप, बाथरूम आदि का घूम घूम कर निरीक्षण किया तथा प्रधानाचार्य व शिक्षकों से संवाद स्थापित किए। इसी क्रम में उपजिलाअधिकारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा दूसरे परीक्षा केंद्र मदारी सिंह गुलजारी सिंह इंटर कॉलेज महेवा का अवलोकन किया गया। यहां पर एसडीएम शिक्षकों से भेंट की तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर व्यवस्थाओं की हकीकत देखी तथा शिक्षकों को निर्देश दिया की परीक्षाओं को मद्दे नजर रखकर पुख्ता व्यवस्था कर ली जाए।

# सीसी रोड का विधायक और पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता । कोंच(जालौन)



कोंच नगर में गुरुवार को गांधी नगर मुहल्ले में 24 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 300 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन और नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण की औपचारिक शुरुआत कराई और कहा कि यह सड़क क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाएगी तथा स्थानीय नागरिकों को लंबे समय से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी।

पालिका ईओ मोनिका उमराव ने बताया कि सड़क निर्माण की जिम्मेदारी रक्तदन्ता फर्म एट को दी गई है, जो तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं और आने वाले समय में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार की सीसी सड़कें बनाई जाएंगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में गांधी नगर के सभासद महेंद्र कुशवाहा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सहित विनोद सोनी, रवि कुशवाहा, अनिल वर्मा, अशोक गुर्जर, सुनील कांत तिवारी और शिवसिंह कुशवाहा मौजूद रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य को जनता के हित में एक बड़ी पहल बताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में यहां की सड़कें बदहाल रहती थीं, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और दैनिक आवाजाही करने वालों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती थी। नई सीसी सड़क बनने से अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी भरोसा दिलाया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार काम हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेते पकड़ी गई बीडीओ से मिली डायरी में खुल सकते कई राज?

**उरई (जालौन)।** बुधवार को विजिलेंस टीम झांसी द्वारा एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गयी बीडीओ प्रतिभा शाल्या के पास से एक डायरी भी मिली है यदि विजिलेंस टीम के कब्जे में आयी डायरी की जांच ईमानदारी से की गयी तो कई ऐसे राज खुलकर सामने आ सकते हैं जिसे सुनकर हर कोई दंग रह सकता है। ऐसा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है। फिलहाल तो बीडीओ के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र पंचायत कार्यालय में गुरुवार को सन्नाटा पसरा रहा जो भी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय पहुंचे भी थे तो वह भी इसी मामले को लेकर चर्चा करते देखे गये।गौरतलब हो कि बीडीओ प्रतिभा शाल्या की कार्यशैली जनपद में जिस विकासखंड में तैनाती रही वहां पर वह चर्चा का विषय बनी रही। इस मामले में फर्जी भुगतान होने के बाद उन पर कार्यवाही भी अमल में लायी गयी थी लेकिन वह न्यायालय के आदेश पर पुनः जनपद में आ गयी थी और उन्हें दूसरी बार कदौरा विकासखंड में ही बीडीओ के पद पर तैनात किया गया था। बुधवार को एक ठेकेदार की शिकायत पर झांसी विजिलेंस की 14 सदस्यीय टीम ने गहनता से पूरी पृष्ठभूमि तैयार की और जैसे ही ठेकेदार भुगतान के एवज में एक लाख रुपये का नजराना लेकर उनके आवास पर पहुंचा जिसे बीडीओ ने अपने हाथों में जैसे ही लिये वैसे ही पहले से ही चैकन्ना विजिलेंस टीम उनके आवास पर घुस गयी और रंगे हाथों रिश्वत लेते हुये उन्हें पकड़ गया। सूत्रों का कहना है कि बीडीओ के पर्स से एक डायरी भी विजिलेंस टीम के हाथ लगी है।

### एसपी ने रसूलाबाद थाना के अर्दली रूम कर मुकदमों की विवेचना की समीक्षा की

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने अपने कार्यालय में थाना रसूलाबाद के थाना प्रभारीध्चैकी प्रभारियों/विवेचकों के साथ अर्दलीय रूम कर विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने थाना की समग्र अपराध स्थिति का गहनता से अध्ययन किया। विशेष रूप से गंभीर प्रकृति के अपराधों जैसे डकैती, लूट, चोरी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध तथा उभरते हुए खतरे वाले साइबर अपराधों पर चर्चा की गई एवं इनकी रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए कारगर रणनीति तैयार की गई। एसपाी ने लंबित पड़े सभी पुलिस मामलों तथा विवेचनाओं को शीघ्र और प्रभावी ढंग से निस्तारित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विवेचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध ठोस सबूत एकत्र किए जाएं, ताकि अदालतों में दोषसिद्धि की दर में वृद्धि हो सके। इस दौरान थाना रसूलाबाद के समस्त विवेचक/चैकी प्रभारी/हल्का प्रभारी उपस्थित रहे।

### बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ ब्रांड पार्टनरशिप को 15 वर्षों के लिए बढ़ाया

**कानपुर।** कार इन्फोटेनमेंट एवं ऑडियो एक्सेसरीज के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद नाम ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी पार्टनरशिप को 2041 तक बढ़ाने का एलान किया है। यह इनोवेशन, भरोसे एवं भारतीय कस्टमर्स को विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने के साझा विजन पर बने 27 साल के गठजोड़ को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के तेजी से बदलते ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को लेकर ब्लॉपंक्ट की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है। साथ ही यह प्रमुख ग्रोथ पार्टनर के रूप में बीपीआईएन की भूमिका को रेखांकित करता है। कार ऑडियो एवं कार एक्सेसरीज दोनों को कवर करने वाली इस पार्टनरशिप का उद्देश्य ओईएम एवं आफ्टरमार्केट गठजोड़ को बढ़ाना है, जिससे उत्पादों की उपलब्धता बेहतर हो और हाई परफॉर्मेंस इन्फोटेनमेंट सिस्टम की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज जगवानी ने कहा कि ब्लॉपंक्ट के लिए भारत सबसे रोमांचक एवं संभावनाओं वाला बाजार बना हुआ है। यह कदम भारतीय ग्राहकों को वैश्विक इनोवेशन उपलब्ध कराने के हमारे साझा मिशन का प्रतीक है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 551 जोड़े हुए एक दूजे के

## 540 का हुआ विवाह जबकि 11 जोड़ों का हुआ निकाह

पायनियर संवाददाता । घाटमपुर



चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का विशाल मैदान बृहस्पतिवार को सामाजिक सौहार्द, परंपरा और सामूहिक उल्लास का ऐसा केंद्र बना, जहाँ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 551 जोड़ों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। इनमें 540 हिन्दू जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए, जबकि 11 मुस्लिम जोड़ों ने गरिमामय निकाह के साथ अपने वैवाहिक जीवन का आरम्भ किया।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक सरोज कुरील, एमएलसी सलिल बिश्नोई, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन , ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उप जिलाधिकारी सदर अनुभव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री शिल्पी सिंह आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों पर पुष्प वर्षा की और उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। सुव्यवस्थित पंडाल, समुचित सुरक्षा, स्पष्ट मार्गदर्शन और सहज वातावरण ने पूरे आयोजन को अत्यंत भव्य और श्रेष्ठ रूप दिया उधर जोड़ों का बायोमेट्रिक एवं फेस-अटेंडेंस से सत्यापन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में विशेष काउंटर लगाए गए, जहाँ पूरी प्रक्रिया सुचारु गति से संचालित हुई। सत्यापन पूर्ण होने पर प्रत्येक जोड़े को पहचान हेतु चिन्हांकन बैंड दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उपस्थितजनों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए पंडाल, प्रकाश, पेयजल, भोजन एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएँ उच्च स्तर की हों। प्रशासनिक तैयारियों की सजगता का परिणाम रहा कि पूरा आयोजन बिना किसी व्यवधान के निर्बाध रूप से सम्पन्न हुआ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की निराश्रित, जरूरतमंद, विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को सम्मानजनक विवाह का अवसर देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करती है बल्कि सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सौहार्द की भावना को भी सशक्त बनाती है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें कन्या के खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, उपयोगी वैवाहिक सामग्री तथा आयोजन व्यय शामिल होता है।कार्यक्रम में शामिल लाभार्थियों ने भी सरकार और प्रशासन की व्यवस्थाओं के प्रति गहरा संतोष व्यक्त किया। शिवराजपुर की श्रीमती रेखा कुशवाहा ने बताया कि उनकी भांजी का विवाह इस योजना के अंतर्गत हुआ है और पूरे कार्यक्रम में व्यवस्थाएँ अत्यंत संतोषजनक रहीं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मंच पर उनकी भांजी का विवाह सम्पन्न होना उनके लिए गर्व और खुशी का विषय है तथा वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हैं। इसी तरह शिवराजपुर के दूल्हा आदित्य ने बताया कि उन्होंने इतने संगठित और बड़े स्तर के आयोजन की कल्पना भी नहीं की थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामले किए जाएं निस्तारण : जिला जज



पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु जिला जज रवीन्द्र सिंह द्वारा आज न्यायालय कार्यालय सभागार में जनपद के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए माननीय जिला जज ने निर्देश दिए कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जन को त्वरित, किफायती एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों की श्रेणीवार सूची तैयार करने, अधिकतम वादों को लोक अदालत में प्रस्तुत कराने तथा पक्षकारों को समाधान हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। जनपद कानपुर देहात में अपने वाहन का संचालन करने वाले वाहन स्वामियोंध्चालकों को यह अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी रजिस्टर्ड वाहनों पर नियमतः वैध नम्बर प्लेट लगवाना व तद्नुसार ही वाहन का संचालन अनिवार्य है।

# कृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग सुन श्रोता हुए भावविभोर, भंडारा आज



पायनियर संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के मंडी समिति की श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन गुरूवार को श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र का सुंदर विस्तृत वर्णन सुनाया गया।

कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा सुनकर वहां उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सुदामा की दयनीय दशा और भगवान में निष्ठा के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें भर आई।

श्रीमद भागवत कथा के समापन अवसर पर वृंदावन से पधारे भगवताचार्य डॉ0 राघवदास ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा के लिए धन की कोई कमी नहीं थी। सुदामा के पास विद्वता थी और धनार्जन तो सुदामा उससे भी कर सकते थे। मगर सुदामा पेट के लिए नहीं, बल्कि आत्मा के लिए कर्म कर रहे थे। वे आत्म कल्याण को प्राथमिकता देते थे। भागवत जैसा ग्रंथ एक दरिद्र को प्रसन्नात्मा जितेंद्रिय शब्द से अलंकृत नहीं कर सकता। जिसे भागवत ही परमशांत कहती हो उसे कौन दरिद्र घोषित कर सकता है। पत्नी के कहने पर सुदामा का द्वारिका आगमन और प्रभु श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के सत्कार पर भगवताचार्य डॉ0 राघवदास ने कहा कि यह व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का सत्कार है। यह चित की नहीं चरित्र की पूजा है। सुदामा की निष्ठा और सुदामा के त्याग का सम्मान है। कथा वाचक ने बताया कि मित्रता में बदले की भावना का स्थान नहीं होना चाहिए। भागवताचार्य द्वारा भजनों के माध्यम से प्रभु की अतिकरूणा, कृपा वृष्टि की लीलाओं का श्रवण कर सभी श्रोता भावुक हो गए। इस दौरान कृष्ण-सुदामा की मनोहारी झांकी के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# चैयरमैन की मां के अन्तिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

पायनियर संवाददातां। रूरा, कानपुर देहात



रूरा चैयरमैन रामजी गुप्ता की मॉ शकुन्तला देवी के निधन के अवसर पर आयोजित ॲतिम संस्कार के दौरान लोगों का जनसैलाब उमड पडा। ॲतिम यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं के सभी दलों के जनप्रतिनिधिगण व स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों ने दिवॅगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धॉजलि अर्पित की।

आपको बतातें चलें कि जनपद के प्रमुख उद्योगपति रामजी गुप्ता जो कि रूरा नगर पॅचायत अध्यक्ष भी है, उनकी 82 वर्षीय माता शकुन्तला देवी वृद्धाजनित बीमारियों के उपचार के लिये कानपुर नगर में उपचार करवा रही थी, उपचार के दौरान ही वुधवार को उनकी मृत्यु हो गयी। उनका पार्थिव शरीर रूरा पहुॅचा जैसे ही लोगों को उनके निधन की जानकारी हुयी लोग उनके दरवाजे पर शोक सॅवेदना व्यक्त करने के लिये पहुॅचे, चैयरमैन के भाई श्याम जी गुप्ता, बलराम जी गुप्ता, चैयरमैन के पुत्र प्रशॉत ओमर, विनय ओमर टिवॅकल, भतीजे शरद ओमर, अविनाश ओमर, चितवन ओमर ने पार्थिव शरीर को खेरेश्वर घाट सरैया, शिवराजपुर में मुखाग्नि देकर ॲतिम संस्कार किया, इस मौके पर प्रमुख रूप से रविशशि द्विवेदी, बउआ त्रिवेदी जिला पॅचायत सदस्य, मदन पाण्डेय, गुडडन त्रिवेदी, गिरजेश द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता लल्ला, संदीप गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, भारी सॅख्या में लोग ॲतिम यात्रा के दौरान मौजूद रहे।

# मांगें निस्तारित न होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी

पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर देहात को 32 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। समस्याओं का समाधान न होने पर शिक्षकों ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में जी०पी०एफ०, प्रोनन्त वेतनमान का एरियर, प्रोन्नत वेतनमान का निर्धारण, कार्यकारी प्रधानाचार्यों के हस्ताक्षर को प्रमाणित करने, मृतक आश्रित परिवारों की पेंशन भुगतान एवं जी०पी०एफ० भुगतान की समस्यायें शामिल थीं। बाद में प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में संगठन की एक बैठक भी संपन्न हुई। मण्डलीय अध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की नैतिक जिम्मेदारी है। संगठन के सभी जिम्मेदार अपने क्षेत्र के विद्यालयवार तथा शिक्षकवार समस्याओं की सूची तैयार करलें। जिससे समस्याओं का त्वरित निवारण करवाया जा सके। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 18, 19 एवं 20 दिसंबर 2025 को चित्रगुप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदर तहसील शाहगंज निकट पुलिस लाइन एवं अधिवेशन स्थल आगरा ईदगाह जंक्शन से 200 मी. कैंट रेलवे स्टेशन से 03 किमी तथा राजा मण्डी रेलवे स्टेशन से 02 किसी की दूरी पर है। अधिवेशन में शैक्षिक गोष्ठी का विषय सुचितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा एवं मूल्यांकन है जो अत्यन्त समीचीन एवं गम्भीर विषय है। इस विषय पर प्रदेश भर के विद्वान शिक्षक, पदाधिकारियों द्वारा गविषणा किया जायेगा और प्रभावी प्रस्ताव पारित किया जायेगा। जिलामंत्री जयराम बाबू ने बताया कि अधिवेशन में प्रतिभाग करने हेतु सामान्य शुल्क 800 रुपये है। अधिवेशन प्रान्तीय उपाध्यक्ष भोजराज शर्मा के संयोजन में संपन्न होगा। इस बैठक में मण्डल सह संयोजक पुष्पेन्द्र पाण्डेय, जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह गौर, जिला संयुक्त मंत्री मायाराम, कुलदीप कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर, रामचन्द्र वर्मा, मोडिया प्रभारी सुधीर कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश कटियार, संगठन मंत्री अवनीश शुक्ल, अमित सिंह, जीत पाल, रामबाबू, शिव कुमार मौजूद रहे।

# मिक्सर मशीन में गिरने से मजदूर के हुए कई टुकड़े



❖ एडीएफ नहीं करती क्षेत्र का भ्रमण, चेयरमैन ने मजदूरों की जानी पीड़ा

**पायनियर संवाददाता। हमीरपुर**

हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर से एक किलोमीटर दूर कुछेछा वार्ड में साई कंस्ट्रक्सन कंपनी के मिक्सर प्लांट में गुरुवार को मिक्सर मशीन में गिरने से मजदूर के शरीर के कई टुकडे हो गये। काम कर रहे लोग मौके से भाग खडे हुये।

एसडीएम सदर ने मौके पर जाकर जांच पडताल की है. पुलिस के मुताबिक कुछेछा वार्ड में साई कंस्ट्रक्शन कंपनी ने निर्माण सामग्री बनाने का प्लांट बनाया है। आज उसी प्लांट में कुछेछा निवासी बब्बू निषाद(35) मिक्सर मशीन में अन्य मजदूरो के साथ सिर में सीमेंट की बोरी कर मिक्सर मशीन में डाल रहा था तभी उसका संतुलन विगड गया और वह मिक्सर मशीन में गिर गया गिरते ही मजदूर के शरीर के कई टुकडे हो गये। मंजर देखकर प्लांट में भगदड मच गयी,कुछेछा चैकी इंचार्ज मौके पर जाकर जांच पडताल की है वही भारी भीड ने हंगामा शुरु कर दिया नगर पालिका हमीरपुर के चेयरमैन कुलदीप निषाद मौके पर जाकर मजदूरों से जानकारी ली। उन्होने शासन से मांगकी है कि मजदूरों को सेफ्टी किट प्रदान की जाये ताकि मजदूरों की असमय मौत न हो सके। हालाकि शासन के सख्त आदेश है कि जो भी ठेकेदार मजदूरों से काम लेगा वह सबसे पहले उसको सुरक्षा किट दी जायेगी,एसडीएम सदर केडी शर्मा ने मौके पर जाकर ठेकेदार से सहायता राशि देने को आदेश दिये है। एसडीएम ने बताया कि मजदूरों की सुरक्षा के लिये शासन से पालिसी निर्धारित है इसके लिये एडी फैक्ट्री को क्षेत्र के भ्रमण करना चाहिये इस मामले में वह एडी अर्चना से बात करेगे।

# गरीबों को मिलेगा सस्ते आवास



**पायनियर संवाददाता। बांदा**

बांदा विकास प्राधिकरण की तुलसी नगर आवासीय योजना के कामर्शियल भूखण्डों एवं टाइप-1 के निर्मित आवासीय भवनों की नालीमी जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष महोदया द्वारा गठित समिति के समक्ष सम्पन्न करायी गयी।

उक्त नीलामी में लगभग 3.00 करोड की आय बांदा विकास प्राधिकरण की सम्भावित है। उक्त आवंटन में दुर्बल आय वर्ग के लोगो के लिए भी किफायती दरों में भवन उपलब्ध कराये गये है। उक्त नीलामी में श्री मदन मोहन वर्मा, सचिव, बांदा विकास प्राधिकरण, मुख्य कोषाधिकारी, सहायक अभियन्ता एव समस्त प्राधिकरण स्टाफ उपस्थित रहा। इस विषय में सचिव विकास प्राधिकरण मदन मोहन वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया की उक्त भूखंड से गरीब कमजोर दुर्बल आय वाले लोगों के लिए काफी सस्ते दामों में भवन उपलब्ध होंगे जिससे उन लोगों का भी घर का सपना पूरा होगा जिन्होंने अन्य सरकारों में इसकी कल्पना भी नहीं की थी ।

# ओटीएस स्कीम में लोगों ने जमा किया मामूली धनराशि

❖ ओटीएस में दस दिन में केवल नौ फीसदी लोगों ने जमा किया मामूली धनराशि

**पायनियर संवाददाता। हमीरपुर**

मूल धन में पच्चीस फीसदी छूट के बाद भी विजली विभाग द्वारा चालू की गयी ओटीएस स्कीम से पर्याप्त राजस्व न आने से विभाग में निराशा होती जा रही है, दस दिन में केवल नौ फीसदी लोगो ने मामूली राशि जमा की है।

हालाकि विभाग ने छह अवर अभियंताओं को चेतावनी दी है। जानकारी के मुताबिक जिले में ओटीएस स्कीम एक दिसम्बर से लेकर फरवरी माह तक संचालित की गयी है विभाग का करीब चार सौ पचास करोड रुपये बकाया है। ओटीएस के अन्तर्गत दो प्रकार के लोगो को लाभ लेना है जिसमे लांग एंड पेइंग में 24,776 बकाये दार आते है जिसमे अभी तक केवल 2409 लोगो ने पैसा जमा किया है विजली विभाग को स्कीम के अन्तर्गत वकायेदारो से अडसठ करोड रुपये धनराशि वसूल करनी है। जिसमे अभी तक केवल एक करोड 22 लाख रुपये जमा किये गये है। इसी प्रकार नेवर पेइंग में जो ग्राहक 31 मार्च से अभी तक एक भी धेला नही जमा किया इस प्रकार के बकायेदार साठ हजार दो सौ उन्तीस लोग है। जिनके ऊपर 168 करोड रुपये बकाया है। ऐसे लोगो ने अभी तक केवल 3279 लोगो ने पैसा जमा किया है। केवल एक करोड 73 लाख रुपये जमा किया है। जो मानक से बहुत ही कम है। इसके लिये अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने चार राठ क्षेत्र से दो हमीरपुर क्षेत्र से अवर अभियंताओं को चेतावनी दी गयी है। इधर उच्चाधिकारी ओटीएस को लेकर बराबर समीक्षा कर रहे है। अभियंताओं का कहना है कि गावों की हालत सबसे ज्यादा खराब है वही से बकाया नही मिल पा रहा है।

## 72 करोड़ रुपये बकाया है बिजली चोरी की धनराशि, जमा धेला भर नहीं

हमीरपुर। जिले में बिजली चोरी में मूलधन में पचास फीसदी छूट होने के बाद भी बकायेदार पैसा नही जमा कर रहे है। जिले में 72 करोड रुपये विजली चोरी का बकाया है जिसमे 51 करोड रुपये राठ तहसील का बकाया है। अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह ने बताया कि विजली चोरी में जो पेनाल्टी लगायी जाती है वह धनराशि पूरी जमा करनी होती है मगर विजली जलाने में जो धनराशि निकलकर आती है उसमे ओटीएस में आधी धनराशि में छूट दी गयी है। 5450 लोग विजली चोरी में आरोपित है जिसमे 2612 हमीरपुर में बाकी राठ रेंज में है। जिसमे अभी तक 26 लोगो ने जमा किया है। एक्शियन का कहना है कि इसके लिये बराबर ग्राहको से संपर्क किया जा रहा है।

## क्षेत्र के ज्यादातर मार्ग ध्वस्त लोगों का चलना मुश्किल

**मौदहा(हमीरपुर)।** बिहरका से पासुन को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य दो दशक पहले शुरू हुआ था।इस मार्ग में मिट्टी और गिट्टी डालने के बाद आजतक डामरीकरण नहीं किया गया है। इसी तरह से उरदना से पासुन को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। मौदहा विकास खण्ड के अधिकांश संपर्क मार्ग ध्वस्त पड़े हैं । इनमें भारी भरकम गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

क्षेत्र के गांव बिहरका से पासुन गांव को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य दो दशक पूर्व में शुरू हुआ था जिसमें सम्बंधित विभाग और ठेकेदारों द्वारा मिट्टी तथा गिट्टी डालने का काम किया गया था।लेकिन आजतक इस मार्ग का डामरीकरण नहीं हुआ है। कागजों में डामरीकरण होकर उखड़ भी चुका है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि घोटाले को लेकर कई बार शासन प्रशासन से जांच की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है।

# पुलिस की कार्यशैली से नाराज परिजनों ने किया चौकी का घेराव

## पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए किशोरी व आरोपियों को लिया हिरासत में..

**पायनियर संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी**



नीमगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी लखनऊ से अपने घर को आ रही थी।किशोरी को रास्ते से अगवा करने के मामले में नीमगांव पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर प्रक्रिया के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

किशोरी की बरामदगी के मामले में हीला हवाली करने को लेकर भड़के परिजनों ने बृहस्पतिवार को सिकन्द्राबाद चौकी के सामने लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग को जाम करते हुए प्रदर्शन किया, नीमगांव थाना अध्यक्ष के समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया वहीं धरना समाप्त होने के 1 घंटे के अंदर लापता किशोरी को नीमगांव पुलिस ने बताया आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है ।थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित पिता की तहरीर पर नीमगांव पुलिस ने कमलेश पुत्र राधे, राधे पुत्र प्यारेलाल रंजीत पुत्र राधे निवासी इब्राहिमपुर थाना नीमगांव के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत 29 नवंबर को कराया था, जिसमें पीड़ित पिता का आरोप था कि उनकी पुत्री 28/ 11 /2025 को उम्र करीब 17 वर्ष लखनऊ से अपने घर आ रही थी तभी रास्ते से करीब 9:00 बजे सुबह कमलेश पुत्र राधे निवासी इब्राहिमपुर थाना नीमगांव बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाया था ! जिनके सहयोग में राधे पुत्र प्यारेलाल और रंजीत पुत्र राधे निवासी इब्राहिमपुर के भी विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि आरोपियों के द्वारा 29 /11 को सुबह 8:00 बजे गालियां देते हुए पिता से अभद्रता की इसके बाद पीड़ित पिता ने 29 नवंबर को नीमगांव थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था उधर किशोरी ने कोर्ट में शादी कर ली उसके बाद अपनी सुरक्षा के लिए कोर्ट से प्रोटेक्शन की मांग की गई थी ,जिस पर पुलिस के द्वारा किशोरी को लेकर के कोई सजगता न होने पर आक्रोशित परजनों व ग्रामीणो ने गुरुवार को सिकंदराबाद पुलिस चौकी के सामने प्रदर्शन किया, इसके बाद थाना अध्यक्ष नीमगांव प्रवीर गौतम मौके पर पहुँच कर परिजनों को समझाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए नीमगांव थाना अध्यक्ष ने बताया किशोरी व आरोपी हिरासत में लिए गए हैं, हाई स्कूल के अंक पत्र के अनुसार किशोरी की उम्र 18 वर्ष 1 माह है, किशोरी के 61 के बयान लिए जा चुके हैं जिसमें किशोरी ने अपने परिजनों के साथ जाने से इनकार किया है। कोर्ट में बयान करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## पति के जीवित रहते पत्नी की दूसरी शादी का आरोप

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली कालपी में विष्णु कुमार उर्फ पुत्तन निषाद, पुत्र रामशंकर, निवासी मोहल्ला इन्द्रा नगर ने एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी बीरावती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थी ने बताया कि वह रोजगार के कारण अधिकतर समय बाहर रहता है, जबकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ घर पर रहती थी। इसी बीच वह घर से बाहर था, तभी 20 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे उसकी पत्नी ने मोहल्ला बड़ा बाजार, कालपी निवासी बुलबुल विश्वकर्मा, एकलव्य विद्या मंदिर स्कूल के पास से दूसरी शादी कर ली। पीड़ित का कहना है कि पत्नी बीरावती न केवल उसके जीवित रहते दूसरी शादी कर गई, बल्कि उसकी पूरी गृहस्थी का सामान भी साथ ले गई। घटना की जानकारी विष्णु को तब हुई जब वह घर वापस लौटा और पड़ोसियों से पूंछतांछ करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। विष्णु कुमार ने इसे गंभीर पारिवारिक एवं कानूनी उल्लंघन बताते हुए प्रभारी निरीक्षक कालपी से मामले की जांच कराने, पत्नी और संबंधित व्यक्ति पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर धमकी देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव गुसियारी निवासी कनीज फातिमा पत्नी मुसीम खान ने पुलिस को बताया कि उसका पति पुत्र व भाई खेती.बाड़ी के कार्य से मौदहा कोतवाली के गांव गुसियारी में आते जाते रहते हैं। उसने अपनी पुत्री शिफा फातिमा का विवाह बांदा के मोहल्ला जरैली कोठी निवासी इंतजार अहमद से 17 नवंबर 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न किया था। शिफा के साथ ससुराल में घरेलू हिंसा की घटना घटित हुई जिसके साक्ष्य पीड़िता के मोबाइल में थे। घरेलू हिंसा के साक्ष मिलने से शिफा के ससुर इकबाल अहमद से प्रार्थिया से नाराजगी जताई थी।9 नवंबर को जब प्रार्थिया अपने घर गुसियारी में थी तभी पुत्री शिफा का देवर गुसियारी निवासी इसरार पुत्र इकबाल और गांव का उसके मामा का लड़का यासीन पुत्र अजीमा खान अपने हाथों में कट्टा लेकिन घर घुस आए और गाली.गलौच करते हुए मोबाइल से सभी सबूत डिलीट करने की बात कहते हुए जान से मार देंने की धमकी दे घर के अंदर कमरों में घुसकर मोबाइल ढूढ़ने लगे।

### बंधक बनाकर मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा- हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक को मोबाइल चोरी के आरोप में दबंगों द्वारा बंधक बनाकर मार.पीट की गई है। इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।कोतवाली क्षेत्र के गांव घटकना निवासी श्याम सुंदर कुशवाहा ने पुलिस को बताया है कि वह खेतों में पानी लगा रहा था तभी गांव के ही अंकित सिंह अवधेश सिंह बिमल सिंह पुत्र लाला भाई गैताली एवं बबलू सिंह ने गाली गलौज करते हुए उसे घसीटते हुए बंधक बनाकर मार.पीट की है। वहीं इस घटना को लेकर चर्चा है कि आरोपी युवक ने मोबाइल चोरी की थी जिसको लेकर इसके साथ में मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि कोतवाली पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपी पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### रहस्यमय तरीके से गायब युवती पर रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** घर से शादी में देने के लिए गिफ्ट खरीदने की बात कहकर निकली रहस्यमय तरीके से गायब हुई युवती पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी इलियास अली ने पुलिस को बताया कि बीते आठ दिसंबर को उसकी लडकी रहनुमा एक शादी में देने के लिए गिफ्ट लेने की बात कहकर मौदहा गई थी लेकिन वहां से गायब हो गई। पीडित ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को पहले से परिचित भमौरा निवासी अलीम खां पुत्र हबीब खां जिसका अक्सर उनके घर आना जाना था बहला फुसला कर कहीं ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के लिये शासन का पुराना आदेश रहेगा लागू

**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के लिए भारत सरकार द्वारा जारी 21 जून 2011का आदेश उत्तर प्रदेश में प्रभावी रहेगा। इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा शिक्षा रजिस्ट्रेशन अनुसंधान पर कोई रोक नहीं है। अपर निदेशक चिकित्सा ;उपचार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ ने अनु सचिव उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग 6 को पत्र जारी कर बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ के चेयरमैन डॉ मोहम्मद हाशिम इदरीसी द्वारा दिए पत्र में अवगत कराया गया है । शासन ने कहा है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के नियम विनियम बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार में निहित हैं। यदि केन्द्र सरकार उपरोक्त के संबंध मे नियम विनियम बनाती है तो राज्य सरकार द्वारा उसका अनुपालन किया जायेगा। यह जानकारी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव मिथलेश कुमार मिश्रा ने दी। हमीरपुर के डॉ गणेश सिंह इलेक्ट्रो होम्योपैथिक जिला प्रभारी हमीरपुर ने आदेश की सराहना की है। डॉ मानसी नोडल अधिकारी ने अपील की है कि बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा शिक्षण व पंजीकृत चिकित्सक इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा विधा में ही काम करें।

# कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का प्रभारी निरीक्षक ने लिया जायजा



**पायनियर संवाददाता। मैगलगंज-खीरी**

मैगलगंज कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और स्थानीय हालात का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान पुलिस बल के साथ पैदल मार्च पर निकले। मार्च के दौरान पुलिस टीम ने कस्बे के मुख्य मार्गों, प्रमुख बाजार , गलियों और भीड़भाड़ वाले जगहों व चौराहे का निरीक्षण किया। जगह-जगह रुककर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएँ सुनीं और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।प्रभारी निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह चौहान का कहना है कि कस्बे में शांति, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा वातावरण को बरकरार रखने के लिए इस तरह के निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। ऐसे प्रयास न केवल अपराधियों में भय पैदा करते हैं, बल्कि लोगों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत करते हैं।

## जिला जज ने जागरूकता वाहन रैली को किया रवाना

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 13 दिसंबर 2025 के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके लाभों से अवगत कराने के उद्देश्य से आज जनपद कानपुर देहात न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन रैली को जिला जज रवीन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला जज महोदय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादोंकृजैसे समझौता योग्य दीवानी वाद, आपराधिक चालान, बैंक रिकवरी, बिजली बिल, पानी बिल, पारिवारिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा वाद आदिकृका त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होता है तथा न्यायालय शुल्क में भी छूट दी जाती है।

# आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री, ग्रामीणों में रोष



**पायनियर संवाददाता। बेलरायां/सिंगाही-खीरी**

मानक विहीन आंगन बाड़ी केन्द्र के निर्माण में घटिया क्वालटी का रा मटेरियल लगाने की कवरेज करने गये पत्रकारों से प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक भीड़ गये व घटिया निर्माण सामग्री लगाने को लेकर अनर्गल वार्ता लाप कर पत्रकारों के कार्य में बाधा उत्पन्न की खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार यादव को फोन से पूरे मामले की जानकारी दी गयी है।

आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में घटिया क्वालटी की निर्माण सामग्री लगाकर। मानक विहिन भवन का निर्माण किया जा रहा है। घटिया निर्माण की शिकायत खण्ड विकास अधिकारी से की गयी है।विकास खण्ड निघासन के ग्राम अयोध्या पुरवा में प्राथमिक परियोजना के अंतर्गत नव निहालों को प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है ।भवन के निर्माण में मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।आंगन बाड़ी केन्द्र के निर्माण में पीली ईंट व अधिक मात्रा में बालू मिश्रित मसाला लगाकर आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। मानक वाहिनी आंगन बाड़ी केन्द के भवन के निर्माण में की जा रही धांधली की शिकायत की गयी है।खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार ने बताया की घटिया क्वालटी से निर्माण होने की जानकारी नहीं थी अब मामला संज्ञान में आया है। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की जांच के लिए जेई और ए ड़ी ओ पंचायत की टीम लगाई गयी है।

# दो दशक बीत जाने के बाद भी नहीं बन सका ऊंचा सम्पर्क मार्ग



**पायनियर संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)।**

मध्य बीहड़ में स्थित मशान बाबा का प्राचीन स्थल आज भी उपेक्षा का शिकार है। ऊंचा गांव के उजड़ने के बाद 25 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, परंतु हजारों श्रद्धालुओं की आस्था आज भी इस स्थान से जुड़ी हुई है।

यहां प्रतिवर्ष भागवत, रामायण, हवन, भंडारा जैसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं, लेकिन श्रद्धालुओं को आज भी उखड़े हुए और खतरनाक मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लगातार मांग करने के बाबजूद अब तक न तो रास्ता निर्माण कराया गया, न ही किसी प्रकार की मरम्मत। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए आश्वासन हवा-हवाई साबित होते नजर आ रहे हैं। फिर भी चैमुखी विकास कराने के दावे बीहड़ांचल में कराने के दावे किये जाते हैं।

### गड्ढा-मुक्त अभियान को आईना दिखाता ऊंचा मार्ग

सरकार के गड्ढा-मुक्त सड़क अभियान की वास्तविकता इस मार्ग पर साफ दिखाई देती है। कभी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीन रहा यह मुख्य मार्ग लगभग दो दशकों से बदहाली की भेंट चढ़ा है। गहरे गड्ढों और उखड़े हिस्सों के कारण आए दिन ग्रामीण और श्रद्धालु गिरकर घायल हो रहे हैं तथा कई बार अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है।

### वायदा करके भूल गए जिम्मेदार

मशान बाबा के मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीण वर्षों से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य प्रतिनिधियों ने मार्ग को दुरुस्त कराने का वादा तो किया, मगर जमीन पर आज तक कुछ नहीं बदला। कटीली झाड़ियां, टूटी सड़क, कीचड़ और बड़े गड्ढे इस मार्ग को दुर्घटनाओं का केंद्र बना चुके हैं। कई ग्रामीण गिरकर चोटिल हो चुके हैं और इलाज कराने के लिये परेशानियों का सामना करने को विवश होना पड़ता है।

# लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर जरूरीः बृजेश पाठक



**पायनियर संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर पहुंचे। हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन मैदान पर उतरने के बाद दोपहर करीब 12:15 बजे वह भारतीय जनता पार्टी के देवकली रोड स्थित जिला कार्यालय पर पहुंचे। यहां पार्टी के सभी वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों समेत संगठन के लोगों के साथ एसआईआर की समीक्षा बैठक की। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि जैसे मन की शुद्धता के लिए योग आवश्यक है, वैसे ही लोकतंत्र की शुचिता के लिए एसआईआर बहुत जरूरी है।

उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा मुखिया की अपनी संभावित हार को नजदीक आते देखकर अनर्गल बयानबाजी करते हैं। बिहार में एसआईआर के बाद चुनाव हुआ। वहां प्रचंड बहुत के साथ एनडीए की सरकार आई। लगभग 65 लाख ऐसे लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया गया, जो अवैध मतदाता थे। चुनाव आयोग को भाजपा के कार्यकर्ता बीएलओ के माध्यम से मदद कर ऐसे घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर करवा रहे हैं। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से हो रही है।

## मनाया गया 77वां पीआरडी स्थापना दिवस

**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

ग्रामीण मिनी स्टेडियम, मंगोलपुर सरवनखेड़ा में 77वाँ पीआरडी स्थापना दिवस समारोह प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग, जनपद कानपुर देहात द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राजेश कुमार, जिला कमांडेंट होमगार्ड द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में होमगार्ड के विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में पीआरडी स्वयंसेवकों ने आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत की, जिसमें अकबरपुर विकास खण्ड के रामकेश की टोली ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिला कमांडेंट होमगार्ड महोदय ने परेड की सराहना करते हुए स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना को निरंतर बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी उत्साहपूर्वक किया गया।

# छात्रों को आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण करने के बताए उपाय



**पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)**

विद्यार्थियों को आग से की घटनाओं पर नियंत्रण करने तथा बुझाने के लिए अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद नायक की अगवाई में निकटवर्ती ग्राम सोहरापुर ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान टीम में मौजूद लोगों को तमाम प्रकार की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज सदर बाजार कालपी में अग्निशमन केंद्र कर्मचारी विनोद नायक, फायरमैन सर्वेश कुमार, शिव कुमार, मानवेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार आदि की मौजूदगी में आग से सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी भैया, बहिनों, विधार्थियों को आग से बचने के सुरक्षा उपाय बताए गये। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल के दौरान घरेलू सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के लिए कई विधियां बताई गयी।मॉक ड्रिल के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, शिक्षक, आचार्य, आचार्य बहनें एवं भैया-बहनो ने सहभागिता की। अग्निशमन सुरक्षा बल कालपी के अधिकारियों का आभार विद्यालय के प्रबंधक हरिभूषण सिंह चैहान जी ने किया।

## महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख अमित शाह से मिले



भाषा। नागपुर

भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य में होने वाले नगर निगम चुनाव से पहले संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की।इस दौरान उन्होंने शाह को राज्य में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी।

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख का यह दौरा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच चुनाव तैयारियों को लेकर हुई चर्चा के बाद हुआ। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान शाह को फडणवीस और शिंदे के बीच हुई चर्चा की संक्षिप्त जानकारी दी गई।

भाजपा के स्थानीय निकाय चुनाव प्रभारी चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल - भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

महाराष्ट्र में दो दिसंबर को हुए विभिन्न नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति के घटक दलों को कुछ स्थानों पर एक-दूसरे से कड़ी टक्कर मिली। कुछ क्षेत्रों में तो सत्तारूढ़ सहयोगियों के समर्थकों के बीच हाथापाई भी हुई।

उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक संपन्न होने हैं।

दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे

# अमित शाह और संघ प्रमुख करेंगे अंडमान का दौरा



■ डीबीआरएआईटी में आयोजित एक कार्यक्रम में सावरकर पर एक गीत जारी करेंगे

**श्री विजय पुरम (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बृहस्पतिवार से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का दौरा करने की संभावना है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस दौरान वे विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह और भागवत की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और कुछ क्षेत्रों में यातायात प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

भागवत श्री विजय पुरम के डॉलीगंज में संघ कार्यकर्ताओं के साथ कुछ देर बातचीत कर सकते हैं।

'सरसंघचालक' के रूप में यह द्वीपसमूह की उनकी पहली यात्रा होगी। भागवत ने लगभग दो दशक पहले 'सरकार्यवाह' के रूप में द्वीप समूह का दौरा किया था जबकि शाह की यह दूसरी यात्रा होगी।

शाह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर जनवरी 2023 में यहां आए थे।

अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को दोनों सुबह करीब साढ़े नौ बजे दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और शाम को डॉ. बी. आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान (डीबीआरएआईटी) में आयोजित एक कार्यक्रम में सावरकर पर एक गीत जारी करेंगे। भागवत 13 दिसंबर की शाम को श्री विजयपुरम स्थित आईटीएफ मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं और वह 14 दिसंबर को रवाना हो जाएंगे।

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री 12 दिसंबर की रात या अगली सुबह द्वीप समूह से रवाना हो सकते हैं। यह पूरा कार्यक्रम महाराष्ट्र स्थित एक व्यापारिक समूह द्वारा सावरकर की प्रतिष्ठित कविता 'सागर प्राण तलमाला' (हे सागर, मेरी आत्मा तड़प रही है, मुझे मेरी मातृभूमि ले चलो) की रचना की 116वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सावरकर ने यह कविता 1909 में लिखी थी।

सावरकर को अंग्रेजों ने 1911 में पोर्ट ब्लेयर (जिसे अब श्री विजयपुरम के नाम से जाना जाता है) की सेलुलर जेल में कैद किया था।

## संदिग्ध आतंकी वित्तपोषण के संबंध में ठाणे में छापेमारी



■ एटीएस ने 19 मोबाइल फोन और कट्टरपंथ से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं

भाषा। मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने संदिग्ध आतंकी वित्तपोषण के संबंध में बृहस्पतिवार को ठाणे जिले के पडघा में संयुक्त रूप से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के से ही भिवंडी क्षेत्र के पडघा में तलाशी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि पडघा के बोरीवली गांव में एटीएस द्वारा पहले चलाए गए कुछ अभियानों के आधार पर ही यह कार्रवाई की गयी है।

अधिकारी ने बताया कि कई संदिग्धों के आवासों की तलाशी ली जा रही है और ईडी धन के संदिग्ध लेनदेन के बारे में पूछताछ कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि एटीएस संघीय एजेंसी के जांचकर्ताओं की सहायता कर रही है।

इस साल जून में एटीएस ने ठाणे ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर पडघा के बोरीवली में 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन और प्रतिबंधित संगठन के अन्य संदिग्ध सदस्यों व समर्थकों सहित 22 लोगों के आवासों पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया था।

अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने 19 मोबाइल फोन और कट्टरपंथ से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भी दो साल पहले कुछ आतंकी गतिविधियों के सिलसिले में पडघा में छापेमारी की थी।

एनआईए ने पडघा से साकिब नाचन को गिरफ्तार किया था जिसकी दिल्ली के एक अस्पताल में इस साल जून में मौत हो गयी थी।

## गीता पाठ कार्यक्रम में चिकन पैटी विक्रेताओं से मारपीट

**कोलकाता (भाषा)।** कोलकाता पुलिस ने शहर में हाल ही में आयोजित एक गीता पाठ कार्यक्रम में दो खाद्य विक्रेताओं पर हमला करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मैदान पुलिस थाने में दर्ज कराई गई दो शिकायतों के आधार पर बुधवार रात को गिरफ्तारियां की गईं।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तीनों व्यक्ति सात दिसंबर को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 'सनातन संस्कृति संसद' द्वारा आयोजित पांच लाख कंठों द्वारा गीता पाठ कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।'' कोलकाता के टॉपसिया इलाके और हुगली जिले के आरामबाग के रहने वाले शिकायतकर्ता 'चिकन पैटी' बेचने के लिए कार्यक्रम स्थल पर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि युवकों के एक समूह ने उन्हें रोका, धार्मिक आयोजन में मांसाहारी भोजन बेचने पर सवाल उठाए और उसने मारपीट की।'' हमलावरों ने उनका सारा सामान फेंक दिया और उन्हें उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया।

## 'बींदणी' शो में रानी चटर्जी की होगी एंट्री



भाषा। मुंबई

कभी-कभी कहानी को पलटने के लिए बस एक दमदार एंट्री ही काफी होती है। सन नियो के लोकप्रिय शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में आग, साहस और तीखे जज़्बातों से भरा एक नया तूफान आने वाला है।इस तूफान का नाम है 'ज्वाला' और इस दमदार किरदार को निभा रही हैं मशहूर अभिनेत्री रानी चटर्जी। उनकी एंट्री शो की पूरी दिशा बदल कर रख देगी, जब एक निडर और मजबूत महिला कहानी के केंद्र में नज़र आएगी।

अपने किरदार को लेकर रानी चटर्जी कहती हैं, ₹शो पिछले कई महीनों से ऑन-एयर है और लोगों द्वारा इसे बहुत पसंद भी किया जा रहा है, लेकिन मैं यकीन से कह सकती हूँ कि मेरी एंट्री के बाद यह कहानी एक मजबूत और रोमांचक मोड़ लेगी। ज्वाला की एंट्री इस शो में बड़ा बदलाव लाएगी। 'ज्वाला' का नाम ही इस किरदार की ताकत को दर्शाता है, जिसमें एक ऐसी आग और शक्ति है, जो मुझे भी काफी प्रेरित करती है।₹

वे आगे कहती हैं, ₹असल ज़िंदगी में भी मैं हमेशा स्वतंत्र और मजबूत रही हूँ। मैं ऐसे किरदार नहीं करना चाहती, जहाँ महिलाएँ सिर्फ रोती रहें या फिर सब कुछ चुपचाप सहती रहें। मैं चाहती हूँ कि महिलाएँ पर्दे पर भी साहसी और सशक्त दिखें। ज्वाला उसी का प्रतीक है। वह एक ऐसी माँ है और ऐसी स्त्री है, जो अपने बच्चे के लिए ईश्वर से भी लड़ सकती है। ज्वाला की एंट्री से ठाकुर हाउस की शांति चकनाचूर हो जाएगी। वह अचानक घर में घुसकर सभी को बंदूक की नोंक पर घेर लेती है और डर और तनाव फैल जाता है।

## तांत्रिक अनुष्ठान : तीन की मौत, तांत्रिक समेत चार हिरासत में



**कोरबा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पुलिस ने फार्म हाउस से एक कबाड़ कारोबारी समेत तीन लोगों का शव बरामद किया है। आशंका है कि ये मौतें पैसे दोगुने करने का वादा करने वाले एक तांत्रिक अनुष्ठान से जुड़ी हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक तांत्रिक समेत चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कोरबा जिले के निवासी कबाड़ कारोबारी मोहम्मद अशरफ मेमन, सुरेश साहू और दुर्ग जिले के निवासी नीतीश कुमार, जिनकी उम्र 40 से 45 साल के बीच थी, के शव उर्गा पुलिस थाना इलाके के कुदरी गांव में मेमन के फार्म हाउस से बुधवार देर रात बरामद किए गए।

## पुणे भूमि सौदा : निलंबित तहसीलदार और पावर ऑफ अटॉर्नी धारक से पूछताछ

■ पुणे के विवादास्पद भूमि सौदे के सिलसिले में निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवले और 'पावर ऑफ अटॉर्नी' धारक शीतल तेजवानी से संयुक्त रूप से पूछताछ की है

भाषा। पुणे

पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी से संबंधित पुणे के विवादास्पद भूमि सौदे के सिलसिले में निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवले और 'पावर ऑफ अटॉर्नी' धारक शीतल तेजवानी से संयुक्त रूप से पूछताछ की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खड़क थाने में दर्ज मामले में येवले, तेजवानी और 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' के साझेदार दिग्विजय पाटिल आरोपी हैं। पार्थ पवार अमाडिया एंटरप्राइजेज में सबसे बड़े साझेदार हैं लेकिन प्राथमिकी में उनका नाम नहीं है। पाटिल, पार्थ पवार के व्यापारिक साझेदार और संबंधी हैं।

भूमि विक्रेताओं की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) धारक तेजवानी को तीन दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और वह 11 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में हैं।

इस मामले की जांच कर रही पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को येवले और तेजवानी से पूछताछ की।

मुंडवा के पॉश इलाके में 40 एकड़ जमीन को अमाडिया एंटरप्राइजेज को 300 करोड़ रुपये में बेचने का मामला पिछले महीने तब जांच के दायरे में आया जब यह पता चला कि यह जमीन सरकार की है और बेची नहीं जा सकती। आरोप यह भी है कि कंपनी को 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान करने से भी छूट दी गई थी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि येवले को ईओडब्ल्यू कार्यालय में तलब किया गया और उनसे तथा तेजवानी से एक साथ पूछताछ की गई। निलंबित तहसीलदार से उस नोटिस के बारे में पूछताछ की गई जो उन्होंने 40 एकड़ जमीन के पट्टेदार भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) को जारी किया था, जिसमें उन्हें जमीन खाली करने के लिए कहा गया था।

अधिकारी के अनुसार, अमाडिया एंटरप्राइजेज से एक पत्र प्राप्त होने के बाद येवले ने जिला कलेक्टर कार्यालय को मामले की सूचना देने के बजाय सरकारी अनुसंधान संस्थान बीएसआई को बेदखली का नोटिस भेज दिया। पत्र में कहा गया था कि सौदे के बाद कंपनी भूमि की नई मालिक है,

पावर ऑफ अटॉर्नी धारक तेजवानी ने यह जानते हुए भी कि भूमि राज्य सरकार की है, उसे अमाडिया एंटरप्राइजेज को बेच दिया।

इस सौदे के सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिछले महीने कहा था कि पार्थ और उनके कारोबारी साझेदार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि जमीन सरकार की है। उन्होंने दावा किया कि विवादित सौदा रद्द कर दिया गया है।

## केरल : स्थानीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुरू

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल के सात जिलों में महत्वपूर्ण स्थानीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बृहस्पतिवार सुबह शुरू हो गया। त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड, मलप्पुरम, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के 18,274 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जिसमें मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान शाम छह बजे खत्म होगा।

स्थानीय निकाय चुनाव को कई चुनाव विश्लेषक अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देख रहे हैं।

दूसरे चरण में 1.53 करोड़ से अधिक मतदाता ग्राम पंचायतों, ब्लॉक पंचायतों, जिला पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों सहित 604 स्थानीय निकायों के 12,931 वार्ड में प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। इस चुनाव में कुल 38,994 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में पहले चरण का मतदान नौ दिसंबर को संपन्न हुआ। परिणाम 13 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।


# कारोबार

## फेडरल रिजर्व ने प्रमुख ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार कटौती की



**वॉशिंगटन (एपी)।** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद यह घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है। ब्याज दरों में कटौती से उधार लेने की लागत कम हो सकती है, हालांकि बाजार की ताकतें भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। पॉवेल ने संवाददाता सम्मेलन में संकेत दिया कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद, आगामी महीनों में वह ब्याज दरों में और कटौती नहीं करेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इस कटौती की आलोचना करते हुए इसे बेहद कम बताया और कहा कि वह 'कम से कम दोगुनी' कटौती चाहते हैं। राष्ट्रपति इस महीने के अंत तक एक नए फेड प्रमुख का नाम घोषित कर सकते हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत के एआई परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और कर रहा मजबूत



**बेंगलुरु (भाषा)।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'माइक्रोसॉफ्ट' के एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, ''हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है।'' नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया। उन्होंने देश भर में कंपनी के 'क्लाउड नेटवर्क' के तेजी से विस्तार पर जोर दिया।

## कोका-कोला ने अपने सीओओ हेनरिक ब्रौन को सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की

**वॉशिंगटन (एपी)।** कोका-कोला ने अपने मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्रौन को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बुधवार को जानकारी दी। अटलांटा स्थित पेय पदार्थ कंपनी ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च से सीईओ का पदभार संभालने के लिए हेनरिक ब्रौन का चयन किया है। कोका-कालो के वर्तमान चेयरमैन एवं सीईओ जेम्स क्विन्सी अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। ब्रौन (57) कोका-कोला में तीन दशकों से कार्यरत हैं। इस वर्ष की शुरुआत में मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) का पदभार संभालने से पहले उन्होंने ब्राजील, लैटिन अमेरिका, ग्रेटर चाइना तथा दक्षिण कोरिया में परिचालन का नेतृत्व किया।

## पोको ने लॉन्च किया सी85 5G

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने अपना नया स्मार्टफोन पोको सी85 5G लॉन्च किया है। इसी के साथ पोको बजट स्मार्टफोन सेगमेंट को एक बार फिर से धमाल मचाने के लिए तैयार है। यह स्मार्टफोन भारत के डायनैमिक युवाओं के लिए बनाया गया है, जिन्हें बाहर रहते हुए भी हमेशा भरोसेमंद साथ चाहिए।

यह फ़ोन जबरदस्त बैटरी बैकअप और शानदार लुक के साथ 12 हजार रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में बेहतरीन वैल्यू देता है। जबर्दस्त बैटरी अनुभव के लिए तैयार पोको सी85 5G में 6000 एमएएच की बैटरी है जो दो दिनों से अधिक की पावर प्रदान करती है। 33ह फ़ास्ट चार्जिंग के साथ, आप लगभग 28 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज प्राप्त कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि आप कभी स्लो ना हों।

## स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं



भाषा। न्यूयॉर्क

विश्व प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ और कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास और चिकित्सा उपकरण जैसे विभिन्न स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, 'हम अब उस मुकाम पर हैं, जहां मुझे लगता है कि समय आ गया है... यह भारत का समय है। मैं स्वयं इस दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और मेरा मानना है कि जो भी भारत की ओर देख रहा है, उसे आगे बढ़ना चाहिए, समय बर्बाद नहीं करना चाहिए क्योंकि यहां अवसर अपार हैं।' मेदांता के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. त्रेहन ने पिछले सप्ताह यहां एक वार्ता के दौरान यह बात कही। न्यूयॉर्क में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पिछले सप्ताह 'विकसित भारत 2047 में स्वास्थ्य सेवा' शीर्षक से यह कार्यक्रम आयोजित किया था।

डॉ. त्रेहन ने भारत-अमेरिका के बीच स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों को रेखांकित करते हुए एआई, प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास, चिकित्सा उपकरण और इलाज के लिए आवाजाही जैसे क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। डॉ. त्रेहन ने कहा, 'अमेरिका-भारत के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आज एल्गोरिदम इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि विश्लेषण को कम समय में किया जा सकता है और डेटा को पहले की तुलना में 1000 गुना कम समय में संसाधित किया जा सकता है। डॉ. त्रेहन ने कहा, 'अगर यही एआई की ताकत है, तो आप देख सकते हैं कि इसे स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और स्वास्थ्य संबंधी पूर्वानुमान लगाने में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत को इस क्षेत्र में आगे बढ़ना है और मुझे लगता है कि इसमें अमेरिका की बड़ी भूमिका है क्योंकि एआई या आईटी का उद्गम चाहे कहीं भी हो, अमेरिका के पास इसे वास्तविक कार्यशील मॉड्यूल में बदलने की क्षमता है।'

## वंदे मातरम पर पीएम और उनकी 'ब्रिगेड' के झूठ का पर्दाफाश हुआ



भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम् पर विस्तृत चर्चा के बाद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी 'ब्रिगेड' के झूठ का पर्दाफाश हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'लोकसभा और राज्यसभा में वंदे मातरम् पर तीन दिन तक चर्चा हो चुकी है। कुछ भाषणों में राष्ट्रगान का भी जिक्र हुआ।' उन्होंने दावा किया कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री और उनकी पूरी ₹ब्रिगेड₹ ने राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान पर दो निश्चित और आधिकारिक किताबें नहीं पढ़ी हैं जो भारत के दो बेहतरीन इतिहासकारों ने लिखी हैं।

उन्होंने रुद्रांग्शु मुखर्जी की 'सॉन्ग ऑफ इंडियाः ए स्टडी ऑफ द नेशनल एंथम' और सब्यसाची भट्टाचार्य की 'वंदे मातरम्' के कवर पेज के स्क्रीनशॉट साझा किए।

रमेश ने कटाक्ष किया, 'यह उम्मीद करना थोड़ा ज्यादा हो जाएगा कि पूरी तरह से आहत होने और अपने झूठ का पर्दाफाश होने के बाद भी वे ऐसा (किताबें पढ़ेंगे) करेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया था कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए।

मोदी ने यह भी कहा था, ''कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा।''

## आरबीआई की अनुकूल नीति ने बिजनेस के माहौल को और मजबूत बनाया

■ ग्राहकों के लिए बेहतर सेवाएँ और सुरक्षित निवेश के फायदे

भाषा। इंदौर

हर कोई चाहता है कि बैंक में उसके पैसे सुरक्षित हों और सेवाएँ आसान और भरोसेमंद हों। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस साल की शुरुआत में यही भरोसा दिखाया और ग्राहकों को बेहतर अनुभव दिए। सुरक्षित और माइक्रो फाइनेंस कारोबार में लगातार सुधार से न सिर्फ बैंक की स्थिति मजबूत हुई, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों के फायदे भी बढ़े।

इसके बारे में विस्तार से बताते हुए, सदानंद बालकृष्ण कामथ, चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, ने कहा, उज्जीवन के लिए कैलेंडर वर्ष की शुरुआत सुरक्षित कारोबार की तेज़ प्रगति और एमएफआई बिज़नेस में बेहतरीन पोर्टफोलियो क्वालिटी के साथ हुई। सुरक्षित कारोबार और एमएफआई, दोनों में हर तिमाही लगातार बेहतर बिज़नेस मोमेंटम देखने को मिला। बैंक की क्रेडिट ग्रोथ 9 महीने में 13% दर्ज की गई, जो सिस्टम लेवल क्रेडिट ग्रोथ से बेहतर रही। डिपॉज़िट की गति भी मजबूत बनी रही और बैंक ने रेपो रेट का फायदा लेते हुए कम लागत पर डिपॉज़िट्स जुटाए। बैंक की एसेट क्वालिटी स्थिर रही, क्योंकि एसएमए बुक हर तिमाही घटती गई और एमएफआई बकेट एक्स की कलेक्शन एफिशिएंसी तनाव वाले दौर के बाद फिर से 99.5% और उससे ऊपर सामान्य स्तर पर पहुँचने लगी। इससे बैंक की लाभप्रदता में लगातार सुधार देखने को मिला, जो कि मार्च 2025 की तिमाही में 83 करोड़ रुपए से बढ़कर सितंबर 2025 की तिमाही में 122 करोड़ रुपए हो गई। उन्होंने बताया कि उज्जीवन ने डेटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल से अपनी क्षमताओं को और भी बेहतर बनाया है।

## नोबेल पुरस्कार समारोह के बाद समर्थकों से मिलीं मचाडो



एजेंसी ओस्लो

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो 11 महीनों में पहली बार बृहस्पतिवार सुबह सार्वजनिक रूप से दिखाई दीं, जब उन्होंने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एक होटल की बालकनी से अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

इससे कुछ ही घंटे पहले उनकी बेटी ने उनकी ओर से नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया था। इसके बाद मचाडो और उनके समर्थकों ने होटल के बाहर वेनेजुएला का राष्ट्रगान गाया। जैसे ही वह बाहर आईं और समर्थकों से हाथ मिलाया तो वहां 'स्वतंत्रता' और 'आपका शुक्रिया' के नारे लगने लगे। मचाडो अपने परिवार और करीबी सहयोगियों के साथ कई मिनट तक समर्थकों के बीच रहीं। वह नौ जनवरी से छिपकर रह रही थीं जब काराकास में एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर उन्हें कुछ देर के लिए हिरासत में लिया गया था।

नोबेल वेबसाइट पर जारी एक ऑडियो संदेश में मचाडो ने बताया कि वह समय पर समारोह में नहीं पहुंच सकीं, लेकिन ''कई लोगों ने अपनी जान जोखिम में डाली'' ताकि वह ओस्लो पहुंच सकें।

## बस से ऑटो रिक्शा की टक्कर, तीन की मौत

**कोल्लम (केरल) (भाषा)।** केरल के आंचल में बुधवार देर रात को एक ऑटो रिक्शा की बस से टक्कर होने के बाद तिपहिया वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान अक्षय (23), ज्योति लक्ष्मी (21) और श्रुति लक्ष्मी (16) के रूप में हुई है। सभी करावलूर के निवासी थे।

पुलिस के अनुसार, ऑटो रिक्शा चला रहा अक्षय वाहन से नियंत्रण खो बैठा और आंध्र प्रदेश से भगवान अयप्पा के श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस से जा टकराया। श्रद्धालु सबरीमला तीर्थयात्रा के बाद लौट रहे थे तभी पुनालुर-आंचल मार्ग पर देर रात करीब एक बजे यह दुर्घटना हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### गल्फ जायंट्स ने शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

**दुबई।** बाएं हाथ के स्पिनर अयान खान की शानदार गेंदबाजी और रहमानुल्लाह गुरबाज के अर्धशतक की मदद से गल्फ जायंट्स ने यहां आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हरा दिया।वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 157 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जॉनसन चार्ल्स (32 गेंदों में 36 रन), कुसल मेंडिस (15 गेंदों में 23 रन) और ड्वेन प्रिटोरियस (17 गेंदों में 36 रन) ही कुछ योगदान दे पाए।संयुक्त अरब अमीरात के स्पिनर अयान खान ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जायंट्स ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। गुरबाज (36 गेंदों में 50 रन) और जेम्स विंस (28 गेंदों में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर जायंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों के अलावा गेरहार्ड इरास्मस (18 गेंदों में 15 रन) और अजमतुल्लाह उमरजई (21 गेंदों में 28 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### बेमबेम व आशालता एशिया की सर्वकालिक 'ड्रीम इलेवन' के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी बेमबेम देवी और आशालता देवी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) महिला एशियाई कप की सर्वकालिक 'ड्रीम इलेवन' फुटबॉल टीम के लिए नामांकित किया गया है। पद्म श्री से सम्मानित होने वाली एकमात्र भारतीय महिला फुटबॉलर पूर्व कप्तान बेमबेम 'ड्रीम इलेवन' टीम के लिए नामांकित 12 मिडफील्डरों में से एक हैं।बेमबेम और आशालाता दोनों मणिपुर से हैं, जो देश में महिला फुटबॉल का एक प्रमुख केंद्र है।एएफसी ने एक बयान में कहा, दो दशकों से अधिक समय तक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान बेमबेम देवी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी की नायिका थीं।बयान में कहा गया है, ''वह 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तान थीं और उन्हें दो बार एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान मिले हैं।आशालता ने 2022 में भारत में महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तानी की।

### रूपा बायर करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंची

**नईदिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता रूपा बायर नवीनतम विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचने वाली भारत की पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौ थी। अरुणाचल प्रदेश की 24 वर्षीय बायर ने 29 से 30 नवंबर तक ऑस्ट्रिया के इंसब्रुक में आयोजित किए गए विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप यूरोप में कांस्य पदक जीता था।उन्होंने इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया ओपन ताइक्वांडो टूर्नामेंट में भी कांस्य पदक हासिल किया था। वह पूमसे वर्ग में भाग लेती है।पूमसे ताइक्वांडो का एक गैर-लड़ाकू स्वरूप है जिसमें प्रतियोगी जिम्नास्टिक की तरह अपने ' मूव ' का प्रदर्शन करता है। इसका मूल्यांकन जजों के एक पैनल द्वारा किया जाता है। यह प्रारूप वर्तमान में ओलंपिक श्रेणी में शामिल नहीं है, लेकिन यह एशियाई खेलों का हिस्सा है।मुंबई में इंडो-कोरियन ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाली बायर को इस साल अप्रैल में खेल मंत्रालय के लक्ष्य एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया था।वह सभी श्रेणियों में विश्व रैंकिंग के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

### आईडब्ल्यूएल 20 दिसंबर से कोलकाता में शुरू

**नईदिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे। आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

### श्री वृंदा ग्रुप बना यूपी ब्रज स्टार्स का नया सह-मालिक



**नई दिल्ली।** बिग क्रिकेट लीग के आगामी सीजन-2 के लिए यूपी ब्रज स्टार्स ने श्री वृंदा ग्रुप को अपने नए सह-मालिक के रूप में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है। यह साझेदारी मार्च 2026 से प्रभावी होगी। लीग की छह फ्रेंचाइज़ियों में से एक यूपी ब्रज स्टार्स पहले सीजन से ही सबसे सफल टीमों में गिनी जाती है। पहले वर्ष टीम ने इमरान ताहिर को मार्की खिलाड़ी के रूप में चुना था, जबकि शिखर धवन, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी ने लीग को नई पहचान दी। साथ ही कई शौकिया खिलाड़ियों की सफलता की कहानियों ने लीग को और प्रेरक बनाया। साझेदारी के दौरान श्री वृंदा ग्रुप के प्रबंध निदेशक राघव अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा लोगों को सपने साकार करने का अवसर देना रहा है और बिग क्रिकेट लीग भी इसी भावना को मजबूत करती है। टीम ओनर नेत्रपाल सोलंकी ने इस सहयोग को उत्तर प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि श्री वृंदा ग्रुप से जुड़ाव टीम के प्रयासों में नई ऊर्जा जोड़ेगा।लीग के संस्थापक एवं अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारतीय शौकिया क्रिकेट के भविष्य को और मजबूत करेगी। वहीं सीईओ अन्निरुद्ध चौहान ने इसे लीग और ब्रज स्टार्स दोनों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और विश्वास जताया कि सीजन-2 में यह सहयोग बेहतरीन मुकाम हासिल करेगा।

# द. अफ्रीका ने भारत को 51 रन से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर



**मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)।** क्विंटन डिकॉक के बाद ओटेनिल बार्टमैन की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दूसरे टी20 मैच में 51 रन से हराया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारत की ओर से तिलक वर्मा ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। तिलक ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ओटनील बार्टमैन ने सबसे ज्यादा चार विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में 101 रनों से जबरदस्त जीत हासिल की थी। वो मुकाबला 9 दिसंबर को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला गया था। चेज में भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। शुभमन गिल खाता भी नहीं खोल पाए और उनका विकेट लुंगी एनगिडी ने लिया। जबकि दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा (17 रन) को मार्को जानसेन ने पवेलियन रवाना किया। जानसेन ने फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (5 रन) को भी पवेलियन भेज दिया। सूर्या के आउट होने के समय भारत का स्कोर 32/3 थ। यहां से अक्षर पटेल और तिलक वर्मा के बीच चौथे विकेट के लिए 35 रनों की साझेदारी हुई। अक्षर ने 100 की स्ट्राइक रेट से 21 रन बनाए और उनका विकेट ओटनील बार्टमैन ने चटकाए। डिकॉक अलग ही रंग में नजर आए और उन्होंने शानदार पारी खेली। हालांकि, वह शतक लगाने से चूक गए। अंत के ओवरों में फेरेरा और मिलर ने आक्रामक बल्लेबाजी की और दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन जोड़े।

### न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

**मुल्लांपुर।** विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस मौके पर मौजूद थे। युवराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भी देखा गया। स्टेडियम में युवराज के पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम पर पहले से एक पवेलियन है और अब बृहस्पतिवार को साइटस्क्रीन के दूसरी तरफ हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड भी शामिल हो गया।

### टी20 विश्व कप 2026 के टिकट की कीमत 100 रु से बिक्री शुरू

**मुंबई ।** टी20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गई है। भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिलकर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। आईसीसी ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जाएगा।भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई व कोलकाता मेजबान शहर होंगे जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे।

### सिंधू और लक्ष्य बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में

**नईदिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को तीन से आठ फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गत चैंपियन है जबकि पुरुष टीम ने अतीत में दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक बयान में कहा, ''रैंकिंग, प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर चुनी गई महिला टीम की अगुवाई एक बार फिर पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी।दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी होंगे जबकि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली को भी जगह मिली है।सात्विक-चिराग पुरुष युगल वर्ग में अगुवाई करेंगे जिसमें गुवाहाटी मास्टर्स के उप विजेता साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय के साथ हरिहरन अमसाकरुणन भी शामिल हैं। महिला वर्ग में सिंधू को एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा, रक्षिता श्री संतोष रामराज और मालविका बंसोड़ का साथ मिलेगा। सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली महिला युगल में भारत की अगुवाई करेंगी जबकि प्रिया कोंजेंगबम, श्रुति मिश्रा और तनीषा क्रास्टो को भी टीम में जगह मिली है।

**टीम इस प्रकार हैः**

पुरुषः लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, प्रणय एचएस, थारुन मन्नेपल्ली, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय, साई प्रतीक के, हरिहरन अमसाकरुणन।

**महिलाः** पीवी सिंधू, उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री संतोष रामराज, मालविका बंसोड़, त्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद, प्रिया कोंजेंगबम, श्रुति मिश्रा, तनीषा क्रास्टो।

## शहर की 4 खिलाड़ी यूपी महिला अंडर-19 टीम में

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के एलीट पूल ए के मुकाबले बड़ौदा में खेले जाएंगे। इसी पूल में शामिल उत्तर प्रदेश महिला टीम भी अपना अभियान यहीं से शुरू करेगी। यूपी टीम में लखनऊ की चार खिलाड़ी प्रियांशी यादव, शशि बालन, चांदनी शर्मा और अरीशा मुस्तफा टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं।

टीम में चांदनी शर्मा बल्लेबाज के रूप में जबकि अरीशा मुस्तफा ऑफ स्पिनर के रूप में चयनित की गई हैं। सलामी बल्लेबाज के रूप में शशि बालन और प्रियांशी यादव को टीम में शामिल किया गया है। लखनऊ की साइमा अली टीम की मैनेजर होंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) के अनुसार एलीट पूल ए के मुकाबले 13 से 21 दिसंबर तक बड़ौदा में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में उत्तर प्रदेश के अलावा तमिलनाडु, गोवा, पुडुचेरी, उत्तराखंड और महाराष्ट्र की टीमें शामिल हैं। सीएएल के संयुक्त सचिव विकास पांडेय ने बताया कि यूपी टीम में शामिल चारों खिलाड़ी अपने दम पर मैच जिताने की क्षमता रखती हैं और बड़ौदा में उनके खेलने की पूरी उम्मीद है।



यूपी टीम में चयनित प्रियांशी, शशि, चांदनी और अरीशा

**लखनऊ में होंगे एलीट ग्रुप सी के मैच** :लखनऊ में एलीट ग्रुप सी के मुकाबले आयोजित होंगे। इकाना स्टेडियम के मुख्य और बी मैदान पर मैच खेले जाएंगे। 13, 15, 17, 19 और 21 दिसंबर को प्रत्येक दिन तीन-तीन मुकाबले होंगे। ग्रुप सी में जम्मू-कश्मीर, झारखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, हैदराबाद और मुंबई की टीमें शामिल हैं। इन मैचों के लिए टीमें गुरुवार से शहर पहुंचना शुरू हो गई हैं। टीमों का अभ्यास सत्र शुक्रवार को प्रस्तावित है।

## स्पोर्ट्स कॉलेज के छह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूल टीम में चयनित

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

स्कूल नेशनल हॉकी अंडर-14 टीम में स्पोर्ट्स कॉलेज के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्कूल हॉकी अंडर-14 चैंपियनशिप 22 से 27 दिसंबर तक मध्य प्रदेश में आयोजित की जायेगी। इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली राष्ट्रीय हॉकी टीम में गोल कीपर अमरजीत तिवारी, विवेक कुमार तिवारी, प्रदीप, कृष्णा, रइयान खान, मो. दानिश को जगह मिली है। सभी खिलाड़ी कॉलेज में पिछले तीन वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षक के अनुसार इस चैंपियनशिप की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सितंबर में झांसी में हुई थी, जिसमें यूपी टीम विजेता बनी।

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में देश के लिए पदक जीत अजीत ने पूरा किया बड़े भाई का सपना

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

लखनऊ के युवा हॉकी खिलाड़ी अजीत यादव ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चेन्नई में अर्जेंटीना पर मिली जीत के बाद भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया और इसी जीत के साथ अजीत ने वह सपना पूरा किया, जो कभी उनके बड़े भाई अजय यादव ने देखा था।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 10वीं तक पढ़ाई करने वाले अजीत ने यहीं से हॉकी की शुरूआत की। पिछले सात वर्षों से कोच धर्मेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में हॉकी का प्रशिक्षण लेते हुए उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर जूनियर भारतीय टीम में जगह



अजीत यादव (बाएं) कोच धर्मेंद्र कुमार के साथ

बनाई। टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों में उन्होंने फारवर्ड लाइन पर खेलते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और एक गोल भी दागा। अजीत इस समय दिल्ली में अभ्यास कर रहे हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल सिन्हा के अनुसार वह वर्तमान में कॉलेज में 12वीं के छात्र हैं। अजीत के पिता किसान हैं और बड़े भाई अजय यादव भी बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। अजय ने राष्ट्रीय स्तर

> यूपी से लगातार प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी उभरकर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में अजीत यादव भारतीय टीम का हिस्सा बने और अपने दमदार प्रदर्शन से न सिर्फ यूपी बल्कि कॉलेज का नाम भी रोशन किया।
> **– अतुल सिन्हा, प्रधानाचार्य, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज**

पर खेलते हुए नेहरू कप में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था। लेकिन घुटने की गंभीर चोट के कारण उनका खेल करियर थम गया और ओलंपिक में भारत की ओर से खेलने का उनका सपना अधूरा रह गया। इसी सपने को आगे बढ़ाने के लिए अजीत ने हॉकी स्टिक उठाई और लगातार मेहनत कर देश के लिए पदक जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया की अंडर19 विश्व कप टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेली थी।भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं।ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा,आईसीसी अंडर19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें



बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक-दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।उन्होंने कहा, जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उन्होंने सितंबर में भारत के खिलाफ अंडर19 श्रृंखला और हाल ही में पर्थ में खोली गई राष्ट्रीय अंडर19 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था।ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम जनवरी की शुरुआत में नामीबिया पहुंचेगी और नौ से 14 जनवरी तक अभ्यास मैच खेलेगी।

## वैभव सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

**अंडर-19 एशिया कप**

**दुबई।** भारत के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुवाई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं। मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा जिसे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला एकदिवसीय विश्व कप और



राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था।

हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है तो माना जाता है कि आईसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाए और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाए। मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया,लड़कों को कुछ नहीं कहा गया है लेकिन जाहिर है कि बीसीसीआई ने अपने मैनेजर आनंद दातार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अब अगर भारतीय लड़के पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाते हैं तो मैच रेफरी को पहले से सूचित करना होगा।उन्होंने कहा, हमें पता है कि आईसीसी जूनियर क्रिकेट के मामले में राजनीति को आगे नहीं आने देना चाहता इसलिए यह खराब छवि और जनता की भावना दोनों का मामला है।जहां तक टूर्नामेंट की बात है तो भारत और पाकिस्तान का ग्रुप ए से शीर्ष दो टीम के तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना लगभग तय है क्योंकि ग्रुप की अन्य दो टीम मलेशिया और यूएई हैं जिन्हें 50 ओवर का क्रिकेट खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है।सूर्यवंशी और कप्तान म्हात्रे दोनों ही मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार फॉर्म के बाद टूर्नामेंट में आ रहे हैं।

**भारत अंडर-19 टीम इस प्रकार हैः**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन और आरोन जॉर्ज।

## अमर के खेल से ग्लोबल स्टार क्लब 102 रन से जीता

**पायनिय संवाददाता। लखनऊ**

21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के मुकाबलों में बृहस्पतिवार को ज्योति क्रिकेट क्लब, एलीना क्रिकेट क्लब ,ग्लोबल स्टार,अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी, क्रिक्सस्टार क्रिकेट व मेगा ट्रेंडस क्रिकेट ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और पूरे अंक बटोरे।

मैन ऑफ द मैच अमर चन्द्रा के (61 रन व दो विकेट) आलरांउडर प्रदर्शन के बाद राजवीर गोंड(4 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बदौलत ग्लोबल स्टार क्रिकेट क्लब ने रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 102 रन से करारी शिकस्त दी। डीजीआई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लोबल स्टार क्रिकेट क्लब ने 33.5 ओवर में 207 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम से अमर चंन्द्रा ने 54 गेंदों में छह चौके व तीन छक के की मदद से 61 रन बनाए। मुकुल कुमार 43 व प्रिंस यादव ने 38 रन का योगदान दिया। रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब से तौफिक अंसारी ने छह विकेट लिए जबकि अमित सिंह को दो विकेट मिले। जवाब में रॉकॉन स्पोर्ट्स की पूरी टीम



28.3 ओवर में 105 रन ही बना सकी। स्टार टीम से राजवीर ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए जबकि अमर चन्द्रा को दो विकेट मिले।

**133 रन से जीता अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी** : शिव अग्रहरि(110) के शानदार शतक के बाद आदित्य सिंह की कसी गेंदबाजी के दम पर अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी ने आरकेबी क्रिकेट क्लब को 113 रन से करारी शिकस्त दी है।ब्लेज विल्लो गोसाईगंज में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिजीत सिन्हा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 350 रन बनाए। टीम से सलामी बल् लेबाज शिव अग्रहरि ने शानदार 110 रन की पारी खेली। उनका साथ देते हुए युवराज शर्मा ने 69 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आरकेबी क्रिकेट क्लब से गोकुल मिश्रा ने तीन विकेट व आशुतोष पाण्डेय को दो विकेट मिला। जवाब में आरकेबी क्रिकेट क्लब ने 24.4 ओवर में 217 रन पर आलआउट हो गई। अभिजीत सिंह की ओर से आशुतोष सिंह ने छह विकेट लिए जबकि शिवांश तिवारी को तीन सफलता मिली।

**ज्योति क्रिकेट क्लब की जीत में चमके पुनीश सिंह** : केएसीएफ अकादमी पर खेले गए मैच में ज्योति क्रिकेट क्लब ने डायमंड क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से पराजित किया। डायमंड क्रिकेट अकादमी ने पहले खेलते हुए 17.1ओवर में ही 69 रन बना पायी। टीम से पुष्पेश सिंह ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। ज्योति क्रिकेट क्लब से पुनीश सिंह ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए जबकि उमेश,प्रीतम कुमार व कमलेश यादव ने दो- दो विकेट लिए। जवाब में ज्योति क्रिकेट ने 8.1 ओवर में एक विकेट खोकर 73 रन बनाकर मैच 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। पुनीश सिंह मैन ऑफ द मैच बने।

**अमृत लाल ने दिलाई जीत**

एलडीए ग्राउंड पर खेले गए मैच में एलीना क्रिकेट क्लब ने स्टार मॉन्टेसरी क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से माद दी। स्टार मॉन्टेसरी क्रिकेट क्लब ने 36.2 ओवर में 176 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम से यश शर्मा 56 और मोहम्मद शॉजमाक 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। एलीना से साक्षम वर्मा ने 5 और अमृत लाल ने 4 विकेट चटकाए। जवाब में एलीना क्रिकेट क्लब ने मृथुल मेहता के 47 गेंद पर आठ चौके व तीन छक्के की मदद से 82 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत से मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अमृत लाल बने। अन्य खेले गये मुकाबले में क्रिक्सस्टार क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड क्रिकेट क्लब को 2 विकेट से हराया। चार विकेट लेकर पीयूष मिश्रा बने मैन ऑफ द मैच। मेगा ट्रेंडस क्रिकेट ने सीएसडी सहारा गोमती नगर को 191 रन से शिकस्त दी। संदीप पासवान 76 रन व तीन विकेट के साथ मैन ऑफ द मैच बने।

## रजा,इमरान व जैगम के गोल से यूनिटी कॉलेज फाइनल में




**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

लामार्टीनियर कालेज के पोलो मैदान पर खेले जा रहे अण्डर.15 लामार्टीनियर फुटबॉल कप 2025 के सेमीफाइनल मैच में गुरुवार को यूनिटी कालेज ने स्टेला मैरी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2.0 गोल से हराकर खिताबी दौर में जगह पक्की कर ली। यूनिटी की ओर से मोहम्मद रजा और आले इमरान के 1.1 गोल के अलावा गोलकीपर जैगम अब्बास ने उम्दा बचाव के जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। खेल के पहले हाफ में यूनिटी की ओर से 25वें मिनट में मोहम्मद रजा ने साथी खिलाड़ी के पास को गोल में बदलकर टीम का स्कोर 1.0 कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षण 29वें मिनट में स्टेला मैरी की ओर से ऋषभ ने गोल दागकर 1.1 गोल की बराबरी कर ली। खेल के दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक अंदाज में पुनरू खेल की शुरूआत की। 15 मिनट तक दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रहीए मगर दोनों ओर से गोलकीपर के उम्दा बचाव से स्कोर बराबरी पर ही रुका रहा। दूसरे हाफ के अंतिम क्षण 59वें मिनट में यूनिटी कालेज की ओर से आले इमरान ने मैदानी गोल दागकर टीम का स्कोर 2.1 पहुंचा दिया जो कि खेल के अंत तक बरबरार रहते हुए यूनिटी कालेज ने फाइनल में दस्तक दे दी।

# सात बेहतरीन, रोमांटिक और एफोर्डेबल हनीमून डेस्टिनेशन

शादी किसी भी जोड़े की जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण लम्हों में से एक है। महीनों पहले से शादी के अहम पलों को खास और यादगार बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वैसे तो सभी अपनी ओर से बेहतर प्रयास करने की कोशिश करते हैं लेकिन शादी की तैयारियों की भागदौड़, व्यस्तता और तनाव के कारण कई बार जोड़े के लिए नए जीवन की शुरूआत के ये पल कड़वे अनुभवों में तब्दील हो जाते है। ऐसे में शादी के बाद हनीमून पर जाना सिर्फ सुखद ही नहीं, बेहद जरुरी भी हो जाता है।

**1. मॉन्ट्रियल, क्यूबैकः** पेरिस हर कपल का ड्रीम हनीमून डेस्टिनेशन होता है लेकिन अगर आपकी जेब पेरिस जाने की इजाजत नहीं देती, तो कनाडा का मॉन्ट्रियल आपके लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन हो सकता है। कनाडा में बसा यह शहर सैलानियों को फ्रांस का एहसास करवाता है। वैसे तो यहां सैर के लिए बाइक और कार भी किराए पर मिलती हैं लेकिन यहां का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम इतना शानदार है, कि कार किराए पर लेने की जरुरत ही नहीं पड़ती। साथ ही यहां की बहुत सारी खूबसूरत और आकर्षक जगहों और ईवेंट्स का मजा सैलानी मुफ्त में उठा सकते हैं।

**2. ओहू, हवाईः** इसमें कोई शक नहीं है कि हवाई दुनिया के सबसे महंगे हॉली डे डेस्टिनेशन्स में से एक है लेकिन अगर आप यहां की सबसे महंगी जगहों जैसे कायूई और मोई न जाकर ओहू जाएं, तो आप बेहद कम दाम में हवाई का पूरा मजा ले सकते हैं। हवाई में ओहू बेहद खूबसूरत, आकर्षक, रोमांटिक और सस्ता आयलैंड है।

**3. टर्कीः** लगभग 3, 400 मील से भी ज्यादा लंबी समुद्री तट-रेखा वाले इस देश में बहुत से सुंदर बीचेस बांहे फैलाए सैलानियों का स्वागत करते हैं। ग्रीस की तरह यहां के समुद्री किनारों पर भी पुरानी इमारतें और खूबसूरत गांव मौजूद हैं लेकिन ग्रीस के मुकाबले टर्की काफी सस्ता है।

**4. यूकेटॉन पेनिनसुला, मेक्सिकोः** इतिहास से लेकर शानदार लक्जरी तक, खूबसूरत बीचेस से सांस रोक देने वाले एडवेंचर तक मेक्सिको के यूकेटॉन पेनिनसुला में हर किसी के लिए कुछ खास जरुर है। यहां कैनकन एक बेहतरीन हॉली डे डेस्टिनेशन के तौर पर मशहूर है जो अपने बेहतरीन रेस्तरां और शानदार बार के लिए बेहद लोकप्रिय है।


**5. मोंटेनेग्रो, यूरोपः** यूरोप में हनीमून मनाने का ख्वाब बहुत ही कम लोग पूरा कर पाते हैं क्योंकि ये काफी महंगा है लेकिन यूरोप में मोटेंनेग्रो हनीमून मनाने का बढ़िया और सस्ता विकल्प है। दक्षिण-पूर्वी यूरोप में स्थित मोटेंनेग्रो का लॉन्ग बीच बेहद खूबसूरत और आकर्षक बीच है जहां बांहों में बांहें डाले बहुत सारे नव-विवाहित जोड़े देखे जा सकते हैं। द लेक स्केडार नेशनल पार्क घूमने के लिए बढ़िया जगह हैं। सैलानी चाहें, तो यहां किराए की मोटर बाइक से भी घूमने का मजा ले सकते हैं।

**6. होई एन, वियतनामः** होई एन दुनिया के सबसे एफोर्डेबल हनीमून डेस्टिनेशन्स में से एक है। यहां की कुदरती खूबसूरती यूनिक और अनएक्सप्लोर्ड है। अगर हनीमून कपल्स चाहें, तो यहां के स्थानीय भोजन और संस्कृति का मजा भी ले सकते हैं। यहां बहुत सारे लक्जरी रिसोर्ट्स बहुत ही वाजिब कीमतों पर उपलब्ध हैं जहां जाने पर कपल्स को किसी राजा-रानी की तरह महसूस होगा।

**7. पुर्तगालः** यूरोजोन में स्थित पुर्तगाल मोस्ट एफोर्डेबल डेस्टिनेशन की हर लिस्ट में शामिल होता है क्योंकि बाकी यूरोप की तुलना में पुर्तगाल काफी सस्ता है। लिस्बन में किसी फाइव स्टार होटल में पांच दिन रुकने के किराए के बराबर ही है। यहां के रेस्तरां काफी सस्ते हैं और कार रेंटल्स भी कम हैं। समुद्रतट पर बसे इस देश में पुराने किले और ऑलिव के पेड़ों की बहुतायत है। खासकर लिस्बन में किसी पेटिंग की तरह खूबसूरत फिशिंग विलेज और तेजी से पनपते शहर सैलानियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

# ब्रज परिपथः आस्था, संस्कृति और भावनाओं की पावन यात्रा

भारत की आध्यात्मिक धरा में ब्रजभूमि वह पावन क्षेत्र है जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएँ कीं, प्रेम का संदेश दिया और भक्ति को जीवन का उत्सव बनाया। मथुरा और वृंदावन इस ब्रज परिपथ के मुख्य केंद्र माने जाते हैं। यहाँ हर गली, हर कण और हर श्वास में कृष्ण की सुगंध रची-बसी है। ब्रज परिपथ न केवल धार्मिक यात्रा है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अनुभव भी है, जो व्यक्ति के भीतर भक्ति, आनंद और समर्पण की भावनाओं को प्रबल करता है।



**ब्रज परिपथ का महत्वः** ब्रज परिपथ लगभग 84 कोस का क्षेत्र माना जाता है, जिसमें मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, नंदगाँव, बरसाना, राधाकुंड और मानसी गंगा जैसे कई स्थल शामिल हैं। यह वही भूमि है जहाँ कृष्ण ने जन्म लिया, गोपियों संग रास किया, गोवर्धन पर्वत उठाया और बाल्य-लीलाएँ रचीं। भक्तों के लिए ब्रज परिपथ केवल तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि ईश्वर के सान्निध्य का अनुभव है। मथुराः-कृष्ण जन्मभूमि–जहाँ भक्तों का मन स्वयं को बालक कृष्ण की बाल लीलाओं में विलीन पाता है। वृंदावनः-जहाँ हर मंदिर, हर कुंड, हर वृक्ष कृष्ण-राधा की प्रेम-गाथा का साक्षी है।

## मथुरा में प्रमुख स्थलः

**1. द्वारकाधीश मंदिरः** सफेद संगमरमर से बना यह मंदिर अपनी कलात्मकता और भक्ति के लिए प्रसिद्ध है। जन्माष्टमी और होली के समय यहाँ भव्य झांकियाँ और उत्सव मनाए जाते हैं।

**2. विश्राम घाटः** यमुना नदी के तट पर स्थित विश्राम घाट मथुरा के 25 घातों में सबसे महत्वपूर्ण है। मिथक है कि भगवान श्रीराम ने रावण वध के बाद यहीं विश्राम किया था। यहाँ की यमुना आरती अत्यंत मनमोहक होती है।

**3. गोकुल-महावनः** मथुरा के पास स्थित यह क्षेत्र कृष्ण के बाल रूप की लीलाओं का केंद्र है। नंदभवन, छटीकरन मंदिर, रमनरेती जैसे स्थान भक्तों को बाल-कृष्ण की आनंदमयी यादों में ले जाते हैं।

**वृंदावन (भक्ति-प्रेम की जीवंत धरा)ः** वृंदावन संसार भर में 'भक्ति का शहर' कहा जाता है। कहा जाता है कि यहाँ पाँच हजार से अधिक मंदिर हैं, जिनमें से कुछ प्राचीन हैं और कुछ आधुनिक। वृंदावन की सुबहें मंगला आरती की घंटियों के साथ शुरू होती हैं और सांझ ढलते ही यहाँ हर गली में 'राधे-कृष्ण' के जयकारों की धुन बिखर जाती है।



## वृंदावन दर्शनीय स्थलः-

**1. बांके बिहारी मंदिरः** वृंदावन का सबसे लोकप्रिय मंदिर। यहाँ के श्री बांके बिहारी जी की मूर्ति अत्यंत जीवंत और आकर्षक है। मान्यता है कि बिहारी जी भक्तों को अपने दर्शन तभी देते हैं, जब वे स्वयं चाहें। इसलिए परदे को बार-बार खोला और बंद किया जाता है।

**2. इस्कॉन मंदिर (श्रीकृष्ण बलराम मंदिर)ः** विदेशी भक्तों से लेकर भारतीयों तक, इस मंदिर ने विश्वभर में हरे कृष्ण आन्दोलन को लोकप्रिय बनाया। यहाँ की कीर्तन, भजन और शांत वातावरण आत्मा को प्रसन्न करता है।

**3. प्रेम मंदिरः** सफेद संगमरमर से निर्मित यह आधुनिक मंदिर अपनी मनोहारी प्रकाश सज्जा, झांकियों और भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है। रात के समय प्रेम मंदिर का हृदय स्वर्ग जैसी अनुभूति देता है।

**4. निधिवनः** रहस्यमय स्थल जहाँ मान्यता है कि रात में राधा-कृष्ण रास रचते हैं। सूर्यास्त के बाद यहां प्रवेश वर्जित है।

**गोवर्धन (परिक्रमा की पावन अनुभूति)ः** ब्रज परिपथ का सबसे मुख्य हिस्सा गोवर्धन पर्वत माना जाता है। हर साल लाखों भक्त गोवर्धन की 21 किलोमीटर परिक्रमा करते हैं। मान्यता है कि इंद्र के क्रोध से ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु कृष्ण ने इसी पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में मानसी गंगा, दानघाटी, राधाकुंड, श्यामा कुंड आदि स्थल आते हैं।

**बरसाना (राधारानी की जन्मभूमि)ः** बरसाना भक्ति और प्रेम का दूसरा केंद्र है। यहाँ का राधारानी मंदिर (लाड़लीजी मंदिर) पहाड़ी पर स्थित है। होली के समय यहाँ की लठमार होली विश्व भर में प्रसिद्ध है। बरसाना की गलियाँ, मंदिर और कुँड राधारानी के नटखट और प्रेमपूर्ण स्वभाव की याद दिलाते हैं।

**ब्रज की संस्कृति और उत्सवः** ब्रज की संस्कृति अत्यंत जीवंत और रंगों से भरी हुई है। यहाँ के लोग सहज, सरल और भक्ति में डूबे हुए माने जाते हैं।

# मांडू की ऐतिहासिक यात्रा

मांडू, मांडवगढ़ या शादियाबाद, पुराने जमाने की खुशियों की भूमि है जिसने समय और प्रकृति के प्रकोपों को सहा है। आज, मांडू पर्यटन की दृष्टि से पीछे नहीं है। मालवा की पारंपरिक दाल, दाल-बाटी और मालपुआ व अन्य मालवा भोजन के साथ मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मालवा उत्सव का आयोजन किया जाता है जो पर्यटकों को यहां आने का सबसे अच्छा मौका प्रदान करता है।

● **मांडू और आसपास स्थित पर्यटन स्थलः** मांडू का पर्यटन, इतिहास की दृष्टि से काफी पुराना है और यहां पर्यटक पिछले कई साल से सैर के लिए आते है। इस शहर में वास्तुकला के कई अद्भुत नमूने जैसे- दरवाजा, मस्जिद और महल, किलो के दरवाजे और स्मारकों के प्रदेश द्वार आदि स्थित है। भारत की पहली संगमरमर संरचना होसांग मकबरा भी मांडू में ही स्थित है, इसके बारे में कहा जाता है कि ताजमहल को बनाने के लिए इसी मकबरे से प्रेरणा ली गई थी। यह मकबरा, मांडू के पर्यटक स्थलों की सैर का विनम्र हिस्सा है।

● **इतिहास के पन्नों में मांडूः** मांडू के प्रत्येक सफल शासक को उनके द्वारा बनवाई गई इमारतों और स्मारकों से पहचाना जाता है, जो आज भी मांडू में खड़े हुए है। मांडू एक छोटा सा राज्य था जिस पर अफगान के शासक दिलावर खान का शासन था। होसांग शाह, दिलावर खान का बेटा था और मांडू का सफल शासक भी था। होसांग शाह ने मांडू को एक छोटे से राज्य से एक चमकदार और संपन्न राज्य में बदल दिया था। अकबर के साथ बाज बहादुर को हटाने के बाद, मांडू श्रद्धेय गुमल साम्राज्य का हिस्सा बन गया था, जिस पर 1732 में मराठों ने विजय प्राप्त कर ली थी।

● **मांडू तक कैसे पहुंचें:** मांडू तक पहुंचने के लिए एयर, रेल और सड़क तीनों ही साधनढउपलब्ध है।

● **मांडू की सैर का सबसे अच्छा मौसमः** मानसून के दौरान मांडू का मौसम सबसे सुहाना और हल्की फुहार वाला होता है। अतः साल के इस दौर में छुट्टियां बिताने यहां आया जा सकता है।





# शोर-शराबे से दूर बिताना चाहते हैं तो चुनें ये शांत हिल स्टेशन

नए साल पर अगर आप भी कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। यहां की कुछ जगहें इतनी मशहूर हैं कि सर्दी के मौसम में उन जगहों पर लोगों की भीड़ काफी बढ़ जाती है। इसके कारण आपका वेकेशन का मजा किरकिरा हो सकता है, लेकिन यहां कुछ ऑफ डेस्टिनेशन जगहें भी हैं।

▸ **अलमोड़ाः** अलमोड़ा उत्तराखंड का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यहां की खूबसूरत पहाड़ियां, प्राचीन मंदिर और स्थानीय हस्तशिल्प इसकी पहचान हैं। नए साल पर यहां का मौसम साफ और ठंडा रहता है, जो ट्रेकिंग और प्रकृति का आनंद लेते हुए टहलने के लिए बेस्ट है। कसार देवी मंदिर, बिनसर महादेव और ब्राइट एंड कॉर्नर जैसे स्थान भी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। स्थानीय कुमाऊंनी व्यंजनों का स्वाद भी यहां की यात्रा को यादगार बनाता है।

▸ **मुक्तेश्वरः** मुक्तेश्वर समुद्र तल से लगभग 2,286 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और अपने सुंदर ऑर्किड तथा फलों के बागानों के लिए जाना जाता है। नए साल पर यहां का ठंडा मौसम और कोहरे से ढकी पहाड़ियां एक रोमांटिक माहौल बनाती हैं। मुक्तेश्वर से धौलाधार रेंज का मनोरम दृश्य दिखाई देता है और रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग जैसी गतिविधियों के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन जगह है। 350 साल पुराना मुक्तेश्वर मंदिर भी दर्शन के लिए आकर्षण का केंद्र है।

▸ **रानीखेतः** रानीखेत एक शांत हिल स्टेशन है, जो अपने सेब के बागानों, ओक और देवदार के जंगलों के लिए मशहूर है। नए साल के दौरान यहां हल्की बर्फबारी का अनुभव हो सकता है, जो इसकी सुंदरता को चार चांद लगा देती है। यह स्थान भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट का मुख्यालय भी है। झूला देवी मंदिर, चौबटिया गार्डन और गोल्फ कोर्स यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह जगह परफेक्ट है।

▸ **चकराताः** चकराता एक कम भीड़-भाड़ वाला हिल स्टेशन है, जो एडवेंचर और प्रकृति के शौकीनों को बहुत भाता है। यह टाइगर पॉइंट और देवबन झरने जैसे स्थानों के लिए मशहूर है। नए साल पर यहां का तापमान काफी कम होता है और आसपास के जंगलों में बर्फ देखी जा सकती है। ट्रेकिंग, कैंपिंग और बर्ड वॉचिंग के लिए चकराता एक बेहतरीन ऑप्शन है।

▸ **लैंसडाउनः** लैंसडाउन उत्तराखंड का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो ब्रिटिश कालीन वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। नए साल पर यहां का शांत और सुकून भरा माहौल स्ट्रस फ्री होने में मदद करता है। सेंट मैरी चर्च, तपोवन और भुल्ला ताल यहां के मुख्य टूरिस्ट स्पॉट हैं।

# बांधवगढ़ में करें टाइगर्स के साथ एक मुलाकात

ऐसा माना जाता है कि बांधवगढ़ सफेद बाघों का मूल निवास स्थान है। इतिहास से पता चलता है कि रीवा के महाराज बांधवगढ़ का इस्तेमाल शिकार के लिए करते थे। यहां की एक पहाड़ी पर स्थित एक प्राचीन किला भी इस बात का सुबूत है। रोचक बात यह है कि किला जंगल पर हावी नजर आता है। काफी पहले से ही इस जगह को नेशनल पार्क कहा जाता रहा है और कभी बांधवगढ़ दुनिया भर के शिकारियों की पसंदीदा जगह हुआ करता था। हालांकि अब सरकार ने बाघों को बचाने के लिए अवैध शिकार पर पाबंदी लगा दी है, जिससे धीरे-धीरे यहां बाघों की संख्या बढ़ रही है।

**प्रकृति के बीच बांधवगढ़ः-** बड़े पैमाने पर जैव विविधता वाला बांधवगढ़ 1968 में नेशनल पार्क के रूप में जाना गया। यह जगह बाघों के लिए प्रसिद्ध है और भारत में सबसे ज्यादा बाघ यहीं हैं। बाघ के अलावा यहां बड़ी संख्या में तेंदुआ और हिरण की कई प्रजातियां है। इसके अलावा यहां कई दुर्लभ वन्यजीव भी पाए जाते हैं। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में चिड़ियों की 250 प्रजाति, स्तानापाई की 37 प्रजाति और तितलियों की करीब 80 प्रजाति के साथ कई तरह के सरीसृप भी हैं। पेड़-पौधों के मामले में भी बांधवगढ़ बेहद समृद्ध है। यहां साल, धोबिन, सलाई, साजा और अन्य कई तरह के वनस्पति पाए जाते हैं। समृद्ध वनस्पति और जीव-जंतु ही बांधवगढ़ पर्यटन की खास बात है। यहां के बाघ सहित दूसरे जानवरों और प्रकृति को करीब से देखने के लिए आपको कम से कम तीन दिन यहां बिताने होंगे।



**बांधवगढ़ और आसपास के पर्यटन स्थलः-** यहां आने वाले पर्यटक बांधवगढ़ किला और विंध्य की घाटियों की तारीफ किए बिना नहीं रह सकते हैं। यहां ताला नाम से एक गांव है, जिसे इस नेशनल पार्क का सबसे निचला स्थान माना जाता है। बांधवगढ़ मध्यप्रदेश का एक पसंदीदा पर्यटन स्थल है।

मध्यप्रदेश अपने 9 नेशनल पार्क और 25 अभ्यारण्य पर खूब इतराता है। इनमें सबसे ज्यादा चर्चित है बांधवगढ़ नेशनल पार्क। कोई आश्चर्य की बात नहीं कि इस राज्य को टाइगर स्टेट कहा जाता है, क्योंकि यहां बाघों की संख्या सबसे ज्यादा है। यहां के बांधवगढ़ पहाड़, बांधवगढ़ की प्राचीन गुफाएं, ताला गांव, क्लाइंबर्स प्वाइंट, घारपुरी डैम, शेष शैय्या और घोराडेमांव जलप्रपात आपस में मिलकर बांधवगढ़ पर्यटन को समृद्ध बना देते हैं।

**बांधवगढ़ का खान-पानः-** मध्यप्रदेश पर्सियन और हिंदूस्तानी दोनों संस्कृति को अपने दामन में समेटे हुए है। यह यहां के खान-पान में भी दिखती है। अगर आपने बांधवगढ़ में भुट्टा की कीस, मावा-बाटी कबाब और खोपरापाक नहीं खाया तो फिर आप की यात्रा अधूरी ही मानी जाएगी।

## कैसे पहुंचेः-

● **सड़क मार्ग** : बांधवगढ़ सड़क मार्ग से अच्छे से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों से निजी और राज्य परिवहन निगम की बसें नियमित अंतराल पर मिलती हैं। आसपास के शहरों से आप नेशनल पार्क के लिए जीप या एसयूवी भी बुक कर सकते हैं।

● **ट्रेन द्वाराः** बांधवगढ़ का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन 37 किमी दूर कटनी में है। कटनी जंक्शन नई दिल्ली, बड़ोदरा, मुंबई, हावड़ा, बंगलुरु और चेन्नई सहित भारत के अन्य प्रमुख शहरों से अच्छे से जुड़ा हुआ है। कटनी रेलवे स्टेशन से बांधवगढ़ के लिए निजी और सरकारी बसें आसानी से मिल जाती हैं।

● **एयर द्वाराः** बांधवगढ़ का सबसे नजदीकी एयरपोर्ट जबलपुर में है, जहां से मुंबई, इंदौर और नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ानें मिलती हैं। 195 किमी दूर स्थित जबलपुर से बांधवगढ़ के लिए बस और टैक्सी आसानी से मिल जाती है। आप चाहें तो उमरया से नेशनल पार्क पहुंचने के लिए प्राइवेट चार्टर का भी सहारा ले सकते हैं।

# नेपाल पर्यटनः हिमालय, संस्कृति, नेचर और एडवेंचर का परफेक्ट डेस्टिनेशन



नेपाल पर्यटन उन यात्रियों के लिए एक आदर्श विकल्प है जो प्राकृतिक सुंदरता, हिमालय की भव्यता, आध्यात्मिक शांति और एडवेंचर गतिविधियों को एक साथ अनुभव करना चाहते हैं।

▸ **काठमांडू घाटीः** काठमांडू ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पशुपतिनाथ मंदिर, बौद्धनाथ स्तूप, स्वयंभूनाथ और दरबार स्क्वायर जैसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स मौजूद हैं।

▸ **पोखराः** यह नेपाल का सबसे खूबसूरत शहर माना जाता है। फेवा झील, माछापुच्छ्रे पर्वत का नजारा और शांत वातावरण पर्यटकों को खासा आकर्षित करता है।

▸ **लुंबिनीः** आध्यात्मिक यात्रा के लिए लुंबिनी, भगवान बुद्ध की जन्मभूमि, दुनियाभर से श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचती है।

▸ **चितवन नेशनल पार्कः** चितवन नेशनल पार्क वाइल्डलाइफ प्रेमियों के लिए खास है, जहां जंगल सफारी के दौरान एक-सींग वाला गैंडा और रॉयल बंगाल टाइगर देखने का अद्भुत मौका मिलता है।

▸ **एडवेंचरः** एडवेंचर के शौकीनों के लिए नेपाल किसी जन्नत से कम नहीं है। एवरेस्ट और अन्नपूर्णा ट्रेक, रिवर राफ्टिंग, बंजी जंपिंग और माउंटेन क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियां इसे एडवेंचर टूरिज्म का हॉटस्पॉट बनाती हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।